CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

HAPPY NEW YEAR 2026

नई दिल्ली, गुरुवार 1 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 271 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### साल के आखिरी दिन कश्मीर में बर्फबारी, दिल्ली एयरपोर्ट पर 148 फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। इसका असर मैदानी राज्यों पर नजर आ रहा है। जम्मू-कश्मीर की सोनमर्ग टनल के पास तेज बर्फबारी हुई। हिमाचल में के लाहौल स्पीति में 30 दिसम्बर की शाम से बर्फबारी जारी है। यहां तापमान -10 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। दिल्ली के कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य रही। आईजीआई एयरपोर्ट पर बुधवार को 148 फ्लाइट कैंसिल की गई हैं। 150 फ्लाइट देरी से ऑपरेट हो रही हैं। एयरपोर्ट ने यात्रियों को एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि सीएटी-3 लागू किया गया है। फ्लाइट्स में देरी हो सकती है। फ्लाइट कैंसिल भी हो सकती हैं। जम्मू-कश्मीर में साल के आखिरी दिन बर्फबारी हुई। पूरा कश्मीर इलाका बर्फ से ढंक गया। कश्मीर में बर्फ गिरने के बाद सड़क मार्ग बंद हो गया। श्रीनगर एयरपोर्ट पर बुधवार को 6 फ्लाइट रद्द की गईं। इनमें इंडिगो की 1, एयर इंडिया की 3 और एयर इंडिया एक्सप्रेस की 1 फ्लाइट शामिल है।

### नए साल पर दिल्ली- एनसीआर में पीएनजी सस्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्राकृतिक गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए पाइप के जरिये घरों में आपूर्ति की जाने वाली (पीएनजी) की कीमतों में नए साल पर कटौती की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि नए साल से वह दिल्ली-एनसीआर में पीएनजी की कीमतों में 70 पैसे प्रति मानक घनमीटर घटाएगी। कटौती के बाद पीएनजी की नई कीमत दिल्ली में 47.89 रुपये और गुरुग्राम में 46.70 रुपये प्रति एससीएम होगी। गुरुग्राम में यह कीमत 46.70 रुपये और नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के लिए 47.76 रुपये प्रति एससीएम होगी।

### इंडिगो पर 458 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर दिल्ली साउथ कमिश्नरेट के ब्जीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त ने 458 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने बताया कि यह जुर्माना केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की असेसमेंट से जुड़ा है।

## एक लॉन्चर से बैक-टू-बैक दो प्रलय मिसाइल लॉन्च

# पाक के 10 बड़े शहर निशाने पर

**बालासोर, वार्ता**

**रक्षा अनुसंधान** एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ओडिशा तट के पास प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस दौरान एक ही लॉन्चर से बैक टु बैक दो प्रलय मिसाइलें (सल्वो लॉन्च) दागी गईं।

मिसाइलों की पूरी उड़ान पर नजर रखने के लिए चांदीपुर में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के सेंसर लगाए गए थे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह परीक्षण बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे किया गया। 7500 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार वाली यह मिसाइल 1000 किलो बारूद ले जा सकती है। यह मिसाइल भारत के प्रमुख सेना कैंप फिरोजपुर, जैसलमेर, भुज से पाकिस्तान के 10 बड़े शहर लाहौर, फैसलाबाद, गुजरांवाला, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, बहावलपुर, मुल्तान, लाहौर, कराची, हैदराबाद, सुक्कुर को




निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की सामरिक मिसाइल क्षमता के लिए एक अहम उपलब्धि बताया है। प्रलय शॉर्ट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है और पूरी तरह स्वदेशी है और डीआरडीओ ने ही इसे बनाया है। इससे पहले डीआरडीओ ने 28-29 जुलाई को ओडिशा तट पर ही प्रलय मिसाइल के दो सफल परीक्षण किए थे। ये परीक्षण सेना और वायुसेना के उपयोग की जांच के तहत किए गए थे। स्वदेशी तकनीक से विकसित इस आधुनिक क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल के जल्द हीं भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल किया जाना है, जिससे देश की रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी।

### SSLV के उन्नत तीसरे चरण का स्थैतिक परीक्षण सफल

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के तीसरे चरण (एसएस3) के उन्नत संस्करण का सफलतापूर्वक 'स्थैतिक परीक्षण' किया। यह परीक्षण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) मणें हुआ। एसएसएलवी इसरो का नया रॉकेट है। यह तीन चरणों वाला पूरी तरह ठोस ईंधन से चलने वाला उपग्रह प्रक्षेपण यान है, जो 500 किलोग्राम तक का भार ले जाने में सक्षम है। इसका तीसरा (ऊपरी) चरण रॉकेट को लगभग चार किमी प्रति सेकंड की गति देता है।

## बेगम खालिदा जिया राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक

**ढाका।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री एवं देश की राजनीति की दिग्गज शख्सियत बेगम खालिदा जिया को बुधवार को प्रशंसकों एवं समर्थकों के भारी भीड़ के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

गौरतलब है कि मंगलवार की सुबह बेगम जिया का 80 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। बुधवार की सुबह सात बजे उनका नमाज-ए-जनाजा निकला, तब ढाका एवं अन्य जिलों से लोगों का काफिला उमड़ पड़ा। फेनी, ब्रह्मणबरिया, मयमनसिंह, कुमिल्ला, गाजीपुर, मुंशीगंज और नारायणगंज जिलों से लोग बस, ट्रक और लॉरियों में सवार होकर अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन के लिए माणिक मिया एवेन्यू की तरफ बढ़ने लगे। सुबह से ही माणिक मिया एवेन्यू के आसपास लाउड स्पीकर पर कुरान की आयतें



**बांग्लादेश में खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह के साथ।**

गूंज रही थीं और लोग इस सर्द मौसम में नम आंखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए एवेन्यू के आसपास जमा हो रहे थे। बेगम जिया को उनके पति और बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बगल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। नेपाल, पाकिस्तान, भूटान और भारत से कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद थे। भारी भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में आर्म्ड पुलिस बटालियन को तैनात किया गया था।

## सेहत के लिए हानिकारक निमेसुलाइड दवा पर लगा बैन

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को ऐसी सभी ओरल दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें निमेसुलाइड की मात्रा 100 मिलीग्राम से अधिक है।

मंत्रालय ने एक वर्ष पहले ही मवेशियों के लिए भी इसे प्रतिबंधित कर दिया था। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भारत में इस घटक (साल्ट) का प्रयोग

■ **विशेषज्ञों ने लीवर को नुकसान पहुंचाने की आशंका जताई थी**

सामान्य रूप से दर्द और बुखार में होता है। इसके उच्च खुराक के सेवन से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती है। यह सलाह स्वास्थ्य विशेषज्ञों की उन चिंताओं के बाद आई, जिनमें रोगियों में लीवर को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई गई थी।

## यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती का विज्ञापन जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नए साल के आगमन से पूर्व उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है।

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। इसके तहत इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 31 दिसम्बर 2025 से 30

■ **2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों पर भती होगी**

जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एंवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों का वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य होगा। बिना ओटीआर के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। ओटीआर और ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। वहीं, भर्ती से जुड़ी विस्तृत विज्ञप्ति, पात्रता, आयु सीमा, आरक्षण, चयन प्रक्रिया और परीक्षा से संबंधित सभी जानकारियों के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करने की सलाह दी गई है।

## हिजबुल आतंकी साजिश के दोषियों को आजीवन कारावास

**नई दिल्ली।** एनआईए की विशेष अदालत ने असम के गुवाहाटी स्थित हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी साजिश मामले के एक प्रमुख आरोपी को दोषी ठहराया और उसे साधारण कारावास की सजा सुनाई।

एनआईए अदालत ने मंगलवार को आरोपियों मोहम्मद कमरुज जमान, डा. हुरैरा और कमरुद्दीन को अलग-अलग साधारण कारावास की सजा सुनाई गई, जिसमें अधिकतम सजा आजीवन कारावास है। ये सजाएं एक साथ-साथ चलेंगी,

■ **एक अन्य को दोषी ठहराते हुए साधारण कारावास की सजा सुनाई**

जिनमें यूए(पी) अधिनियम, 1967 की धारा 18 के अंतर्गत आजीवन कारावास और यूए(पी) अधिनियम, 1967 की धारा 18बी के अंतर्गत, धारा 120बी आईपीसी के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 38 और यूए(पी) अधिनियम के अंतर्गत पांच-पांच साल का साधारण कारावास की सजा शामिल है।


## अब चीन का दावा: हमने भारत-पाक संघर्ष रुकवाया

### कहा: हमने कई लड़ाइयों को सुलझाने में मदद की

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन ने भी यह दावा किया है कि उसने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य तनाव को कम कराने में भूमिका निभाई थी। चीन का कहना है कि जब इस साल दोनों देशों के बीच हालात बिगड़ गए थे, तब उसने बीच में आकर तनाव कम करने की कोशिश की। बीजिंग में आयोजित एक कार्यक्रम में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है।

उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव के दौरान भी चीन ने मध्यस्थता की थी। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारत सरकार ने चीन के इस दावे को खारिज किया है। भारत ने कहा है कि संघर्ष को रुकवाने में किसी

■ **भारत ने कहा: सीजफायर में तीसरे पक्ष का रोल नहीं**



तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं है। चीन का यह बयान उस समय को लेकर है, जब इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव हुआ था। इस दौरान भारत ने पाकिस्तान के कई आतंकी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था, जिससे कुल मिलाकर 11 एयरबेस को नुकसान पहुंचा था। भारत ने यह हमला 22 अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किया था, जिसमें 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। चीन और ट्रम्प के दावों के उलट भारत सरकार पहले भी साफ तौर पर कह चुकी है कि इस पूरे मामले में किसी भी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं थी। भारत का कहना है कि यह तनाव सीधे भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत से ही खत्म हुआ। भारत के मुताबिक, भारी नुकसान होने के बाद पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी ने भारतीय सैन्य अधिकारी से संपर्क किया था। भारत का कहना है कि पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल आफ मिलिट्री ऑपरेशंस ने भारतीय डीजीएमओ से बात की और इसके बाद दोनों देशों ने 10 मई से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। चीन के इस नए दावे के बाद उसकी भूमिका को लेकर फिर से चर्चा शुरू हो गई है, क्योंकि चीन और पाकिस्तान के रिश्ते बहुत करीबी माने जाते हैं। चीन, पाकिस्तान को सबसे ज्यादा हथियार देने वाला देश है, इसलिए उस पर सवाल उठते रहे हैं कि वह इस मामले में कितना निष्पक्ष रह सकता है। नवम्बर में आई एक अमेरिकी रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने गलत जानकारी फैलाने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया कि सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट्स के जरिये एआई से बनाई गई झूठी तस्वीरें फैलाई गईं।

अल्लामा इक़बाल यूनानी मैडिकल कॉलिज एण्ड ऐ०सी०ऐन० हॉस्पिटल, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर

समस्त भारतवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रोफेसर मुश्ताक हुसैन (प्राचार्य) 9897632081

तस्लीम-उल-हक़ (प्रबंध निदेशक) 9837132196






## संक्षिप्त समाचार

### आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी से 16 करोड़ का नोटिस

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग से 16 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के लिए नोटिस जारी किया गया है। बैंक ने बताया कि उसे 30 दिसम्बर को पश्चिम बंगाल के राजस्व उपायुक्त से 16,03,30,178 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। इसमें 8,67,57,468 रुपये के कर, 6,48,96,963 रुपये के ब्याज और 86,75,747 रुपये के जुर्माने की मांग की गई है। यह मामला ग्राहकों से बैंक खाते में न्यूनतम जमा राशि न रखने के लिए वसूले गए शुल्क पर जीएसटी की राशि सरकार को जमा न कराने से संबंधित है। इससे पहले राजस्व उपायुक्त ने सितम्बर 2025 में इसी मुद्दे पर बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

### लव अग्रवाल होंगे नए डीजीएफटी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी लव अग्रवाल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के नए महानिदेशक होंगे। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार 1996 बैच के आंध्र प्रदेश काडर के आईएएस अग्रवाल इस पद पर अजय भादू का स्थान लेंगे। अग्रवाल अभी तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। वह इससे पहले अगस्त 2016 से अगस्त 2022 तक भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव थे। केंद्र सरकार में अपनी नियुक्ति से पहले श्री अग्रवाल ने आंध्र प्रदेश सरकार के विभिन्न पदों पर कार्य किया था। लव अग्रवाल का जन्म 18 फरवरी 1972 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में हुआ था। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है।

# यूपी में ठंड और घने कोहरे का कहर जारी, दृश्यता घटी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 37 जिलों में ऑरेंज अलर्ट सहारनपुर, शामली सहित 17 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी है। राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हो रहा है।

सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए, वहीं ट्रेन और बस सेवाओं पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार एक जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही तराई इलाकों में छिटपुट बूंदाबांदी के संकेत भी मिल रहे हैं। विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों में दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली सहित 17 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं घने कोहरे को देखते हुए प्रदेश के 37 जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कोहरे के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, वाहन चलाते समय फॉग लाइट का प्रयोग करें और पूरी सतर्कता बरतें। मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए आने वाले दिनों में ठंड से कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश में 31 दिसम्बर तक देर रात और तड़के घने कोहरे का असर बने रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार इसके बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से वातावरण में अस्थिरता बढ़ेगी, जिससे 1 जनवरी से पश्चिमी यूपी और 2 जनवरी से पूर्वी यूपी के बड़े हिस्सों में कोहरे की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 1 जनवरी को प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही अगले 3-4 दिनों में औसतन 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने का अनुमान है। इससे प्रदेश में कोल्ड-डे जैसी स्थितियों में 1 जनवरी से कमजोरी आने की संभावना जताई गई है। मौसम में बदलाव के बीच राजधानी लखनऊ की वायु गुणवत्ता एक बार फिर बिगड़ गई है। कुछ दिनों तक मध्यम श्रेणी में रहने के बाद मंगलवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 200 के पार पहुंचकर 201 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इससे पहले 22 दिसम्बर को भी लखनऊ में खराब एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार एक्यूआई मॉनिटरिंग के लिए लगे छह स्टेशनों में से गोमती नगर (229), अलीगंज-केंद्रीय विद्यालय (262), लालबाग (209) और तालकटोरा (296) में हवा की गुणवत्ता खराब दर्ज की गई।

# तृणमूल कांग्रेस नेता चुनाव आयोग से मिले

नई दिल्ली, वार्ता

■ पश्चिम बंगाल में अनमैप्ड वोटर्स की सुनवाई प्रक्रिया जारी

पश्चिम बंगाल में अनमैप्ड वोटर्स की सुनवाई प्रक्रिया के बीच तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की।

चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने 10-15 बिंदु उठाए, लेकिन दो-तीन बिदुओं को छोड़कर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। वोट चोरी के मुद्दे पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वोट चोरी ईवीएम में नहीं हो रही है। यह मतदाता सूची में हो रही है। कांग्रेस, आप जैसी पार्टियां महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में इसे पकड़ नहीं पाई। अगर वे पकड़ लेतीं, तो इन राज्यों में भाजपा हार जाती। मैं समान विचारधारा वाली पार्टियों से अपील करता हूं कि वे मतदाता सूची में सॉफ्टवेयर के जरिए की जा रही 'चोरी' को पकड़ें। 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' सूची जारी करने पर जोर देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि 2002-03 में मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' नाम की कोई श्रेणी नहीं थी, ष्तो इस बार यह श्रेणी कैसे शुरू की गई? पहले एसआईआर में 'संदिग्ध सूची' जैसी कोई चीज नहीं थी।

# आउटसोर्सिंग कंपनी पर एफआईआर दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अभ्युदय योजना भर्ती में गड़बड़ी का आरोप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में सामने आई गंभीर गड़बड़ियों को लेकर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने साफ कहा कि सरकार की योजनाओं में पारदर्शिता और पात्रता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राज्यमंत्री के निर्देश पर नियमों को ताक पर रखकर नियुक्तियां कराने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी अवनि परिधि एनर्जी कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ और संबंधित अभ्यर्थियों के खिलाफ थाना गोमतीनगर में षड्यंत्र, फर्जी दस्तावेज और नियम विरुद्ध नियुक्ति के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही पूरे मामले की प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं। बुधवार को राज्यमंत्री ने बताया कि 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित कोचिंग केंद्रों में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती को लेकर अनियमितता की शिकायत मिली थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विभागीय स्तर पर जांच कराई गई, जिसमें भर्ती से जुड़े सभी दस्तावेज खंगाले गए। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि नियमानुसार कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य था, इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा पास ही नहीं की थी। कुल 69 अभ्यर्थियों की जांच में केवल 21 अभ्यर्थी पात्र पाए गए। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट हुआ कि अपात्र लोगों को नौकरी दिलाने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों का सहारा लिया गया। प्रथम दृष्टया इस पूरे मामले में आउटसोर्सिंग कंपनी को दोषी माना गया है।

## अयोध्या के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे नहीं टिक पाया कोई दुश्मन

# सनातन से ऊपर कोई नहीं, पताका लहराती रहेगी:योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ श्री राम जन्म भूमि मंदिर की दूसरी वर्षगांठ में शामिल हुए मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, 2026 के लिए दी सभी को शुभकामनाएं

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए।

योगी ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुभकामना देते हुए प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी के लिए मंगलकारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या ने स्वतंत्र भारत में रामजन्मभूमि आंदोलन के अनेक पड़ाव देखे हैं। अयोध्या के नाम से ही अहसास होता है कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ। कोई भी दुश्मन यहां के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे टिक नहीं पाया, लेकिन कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ, मजहबी जुनून व सत्ता के तुष्टिकरण की निकृष्टता में पड़कर अयोध्या को भी उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बना दिया था। उन्होंने पिछली सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिस अयोध्या में कभी संघर्ष नहीं होता था, उस अयोध्या में पिछली सरकारों के शासन में आतंकी हमले होते थे। अयोध्या को लहूलुहान करने का प्रयास हुआ था, लेकिन जहां प्रभु की कृपा बरसती हो और जहां हनुमानगढ़ी में स्वयं हनुमान जी महाराज विराजमान हैं, वहां कोई आतंकी कैसे घुस जाता। 2005 में जैसे ही आतंकियों ने दुस्साहस किया, तैसे ही पीएसी के जवानों ने ठक-ठक करके उन्हें मार गिराया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के अंदर तीन महत्वपूर्ण घटनाओं को अयोध्या कभी विस्मृत नहीं कर सकती।

स्वतंत्र भारत में पहली बार 5 अगस्त 2020 को किसी प्रधानमंत्री का अयोध्या में आगमन हुआ। उन्होंने उस दिन यहां श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) को फिर अयोध्या धाम आकर प्रधानमंत्री ने रामलला की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न किया। 25 नवम्बर 2025 को विवाह पंचमी पर प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर सनातन धर्म की भगवा ध्वजा को प्रतिष्ठित किया और संदेश दिया कि सनातन से ऊपर कोई नहीं। सनातन का पताका हमेशा ऐसी ही दिखाई देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजनाथ सिंह की श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्रत्यक्ष भूमिका रही है। 500 वर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु रामलला के विराजमान होने और मंदिर के इस भव्य स्वरूप को देखकर वे आनंद-गौरव की अनुभूति कर रहे हैं।

### योगी व राजनाथ ने हनुमानगढ़ी और रामलला के किया दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को हनुमानगढ़ी पहुंचकर संकट मोचन हनुमान के दर्शन-पूजन किए। हनुमानगढ़ी से निकलने के बाद रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला मंदिर व राम दरबार में हाजिरी लगाई, विधिवत आरती उतारी तथा मंदिर की परिक्रमा की। मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री ने देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल होने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचे। यहां महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां से वे सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके उपरांत राम दरबार में भी दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेश की उन्नति और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।



सेंसेक्स 85220.60
निफ्टी 26129.60



सोना रु. 133099
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 229433
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में साल के अंतिम दिन तेजी एक वर्ष में 6536 अंक उछला सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता



बैंकिंग, ऑटो और अन्य सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में साल 2025 के अंतिम दिन बुधवार को तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 545.52 अंक (0.64 प्रतिशत) चढ़कर 85,220.60 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 190.75 अंक यानी 0.74 प्रतिशत मजबूती के साथ 26,129.60 अंक पर बंद हुआ। पूरे साल के दौरान सेंसेक्स 6,536.07 अंक (8.36 प्रतिशत) चढ़ा। यह 31 दिसम्बर 2024 को 78,139.01 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी-50 सूचकांक एक साल में 2,484.80 अंक (10.51 प्रतिशत) की बढ़त में रहा। मझौली कंपनियों का सूचकांक निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक भी 8.01 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 5.62 प्रतिशत फिसल गया। एनसएई में बुधवार को मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.11 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही। तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, बैंकिंग, ऑटो, धातु और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। एनएसई में कुल 3,249 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,220 के शेयर हरे निशान में और 935 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 94 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 26 के शेयर बढ़त में रहे। टाटा स्टील का शेयर 2.45 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.14 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन में 1.93 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.86, एक्सिस बैंक में 1.82, ट्रेंट में 1.63, पावरग्रिड में 1.63, बीईएल में 1.56, एनटीपीसी में 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.26 और हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.10 प्रतिशत की तेजी रही।

# साल के आखिरी दिन चांदी और सोने की कीमत गिरी

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी के दाम में लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,500 रुपए गिरकर 1,33,099 रुपए पर आ गया है। कल यह 1,34,599 रुपए/10 ग्राम पर था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 2,896 रुपए कम होकर 2,29,433 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,32,329 रुपए किलो थी।

इससे पहले 29 दिसंबर को कारोबार के दौरान सोने की कीमत 1,38,161 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की 2,43,483 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई थी। ये दोनों का अब तक का सबसे ज्यादा भाव यानी ऑल टाइम हाई रेट है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में 10 ग्राम सोने की कीमत में 320 रुपये की कमी दिख रही है। बाजार जानकारों का कहना है कि चांदी में गिरावट ज्यादा इसलिए रही, क्योंकि हाल के हफ्तों में इसमें जबरदस्त और रिकॉर्ड तेजी देखी गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफा बुक करना सही समझा।

घरेलू बाजार के साथ साथ ग्लोबल मार्केट में भी कीमती धातुओं की कीमतें 31 दिसंबर को थोड़ी कमजोर रहीं। स्पॉट गोल्ड 0.3 प्रतिशत गिरकर करीब 4,334 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि पिछले हफ्ते यह 4,549.71 डॉलर प्रति औंस के अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। अमेरिका में फरवरी डिलीवरी के लिए गोल्ड फ्यूचर्स भी करीब 1 प्रतिशत टूटकर 4,346.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गए।

# गेहूं मजबूत, चीनी, दालों में नरमी खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव लगभग स्थिर रहे जबकि गेहूं में तेजी देखी गई। चीनी और दालों के भाव टूट गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं आठ रुपये मजबूत होकर 2,860 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा छह रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 33 रुपये और चना दाल 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल 10 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। मसूर दाल में नौ रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 20 रिंगिट फिसलकर 4,050 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.33 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 60 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 25 रुपये और सायो तेल 23 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। पाम ऑयल में 19 रुपये और मूंगफली तेल में सात रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। चीनी भी 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7768.72 रुपये, मसूर काली 8143.79 रुपये, मूंग दाल 10086.13 रुपये, उड़द दाल 10353.79 रुपये, तुअर दाल 10548.44 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2860.05 रुपये और चावल 3851.45 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3308.62 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4297.89 रुपये और गुड़ 4955.96 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# गणतंत्र परेड में दिखेगी मूक योद्धाओं की झलक

■ इस बार कर्तव्य पथ पर होगी गणतंत्र दिवस की परेड

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार कर्तव्य पथ पर सेना के मार्चिंग दस्तों और हथियारों के साथ-साथ देश की रक्षा में प्राणों की बाजी तक लगाने वाले उसके 'मूक योद्धाओं' यानी पशु दस्ते की झलक भी देखने को मिलेगी।

कर्तव्य पथ पर यह एक विशेष और भावनात्मक दृश्य होगा, जिसमें सेना के पशु दस्ते पहली बार इतने बड़े और संगठित रूप में परेड में शामिल होंगे। ये पशु न केवल सेना की ताकत का प्रतीक होंगे बल्कि यह भी बताएंगे कि देश की रक्षा में उनके योगदान को कितनी अहम जगह दी जाती है। सेना के इस विशेष दस्ते में दो बैक्ट्रियन ऊंट (मंगोलियाई ऊंट), चार जांस्कर पोनी, चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), भारतीय नस्ल के सेना के दस श्वान और सेना में पहले से काम कर रहे 6 पारंपरिक सैन्य श्वान शामिल होंगे। पशु दस्ते की अगुवाई बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे, जिन्हें हाल ही में लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात किया गया है। ये ऊंट बहुत ठंडे मौसम और 15,000 फुट से ज्यादा ऊंचाई पर आसानी से आ-जा सकते हैं। ये 250 किलो तक सामान ढो सकते हैं और कम चारे-पानी में लंबी दूरी तय करते हैं। इससे सेना को दूरदराज और कठिन इलाकों में रसद पहुंचाने में बड़ी मदद मिलती है। इसके बाद जांस्कर पोनी कदम से कदम मिलाकर चलेंगी जो लद्दाख की एक दुर्लभ और स्वदेशी नस्ल हैं। आकार में छोटी होने के बावजूद इनमें जबरदस्त ताकत और सहनशक्ति होती है। ये पोनी शून्य से 40 डिग्री कम तापमान और अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में 40 से 60 किलो वजन लेकर चल सकती हैं। वर्ष 2020 से ये सियाचिन जैसे कठिन क्षेत्रों में सैनिकों के साथ सेवा दे रही हैं और कई बार एक दिन में 70 किलोमीटर तक गश्त करती हैं। परेड में शामिल चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) लंबी टांगों वाले बाज सेना की नई और स्मार्ट सोच को दिखाते हैं। इनका इस्तेमाल निगरानी और हवाई सुरक्षा से जुड़े कामों में किया जाता है, जिससे सेना के अभियान ज्यादा सुरक्षित रहते हैं। परेड का सबसे भावुक हिस्सा भारतीय सेना के श्वान होंगे, जिन्हें प्यार से 'मूक योद्धा' कहा जाता है। इन श्वान को मेरठ स्थित रिमाउंट एंड वेटरनरी कोर में प्रशिक्षित किया जाता है। ये आतंकवाद विरोधी अभियानों, विस्फोटक और बारूदी सुरंगों की पहचान, खोज-बचाव कार्यों और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। इन श्वान ने अपनी जान की परवाह किए बिना सैनिकों की जान बचाई है। 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत सेना अब मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, कोम्बई और राजापलायम जैसी भारतीय नस्लों के कुत्तों को भी बड़े स्तर पर शामिल कर रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर मध्यस्थता के चीन के दावे पर जवाब दें मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ ड्रैगन के ये दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था। पार्टी ने इसे भारत के साथ मजाक करार दिया और कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया ये दावे उसके विपरीत है और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को चीन के दावों को चिताजनक बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही बार-बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर कर दोनों देशों (भारत-पाकिस्तान) के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है और इस पर श्री मोदी की चुप्पी बेहद परेशान करने वाली है। रमेश ने कहा कि ट्रम्प लंबे समय से दावा करते रहे हैं कि उन्होंने 10 मई को ऑपरेशन सिन्दूर रोकने के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप किया था। वह यह दावा कम से कम सात अलग-अलग देशों में, विभिन्न मंचों पर 65 बार कर चुके हैं। मोदी ने इन दावों पर कभी भी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी और अब चीन के विदेश मंत्री भी ऐसा ही दावा कर रहे हैं कि उसकी मध्यस्थता के कारण यह संघर्ष रोका गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस बारे में चार जुलाई को उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सार्वजनिक रूप से कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत असल में चीन का सामना कर रहा था और उससे लड़ रहा था। चूंकि चीन निर्णायक रूप से पाकिस्तान के साथ खड़ा था, ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के चीन के दावे चिताजनक हैं और यह सिर्फ इसलिए नहीं कि वे देश की जनता को दी गई जानकारी के उलट हैं, बल्कि इसलिए भी कि वे हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मजाक बनाते प्रतीत होते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इस दावे को चीन के साथ हमारे संबंधों के संदर्भ में भी समझा जाना चाहिए, क्योंकि भारत ने चीन से बातचीत शुरु कर दी है, लेकिन दुर्भाग्य से बातचीत चीन के शर्तों पर हो रही है। प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को चीन को दी गई क्लीन चिट ने भारत की बातचीत की स्थिति को काफी कमजोर किया है। हमारा व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर है और हमारे निर्यात का बड़ा हिस्सा चीन से होने वाले आयात पर निर्भर है। अरुणाचल प्रदेश के संबंध में चीन की उकसाने वाली हरकतें लगातार जारी हैं। ऐसे एकतरफा और शत्रुतापूर्ण संबंधों के बीच भारत की जनता को यह स्पष्टता चाहिए कि ऑपरेशन सिदूर को अचानक रोकने में चीन ने क्या भूमिका निभाई।

### मप्र में सरकार की लापरवाही से लोग पी रहे हैं दूषित पानी, आठ की मृत्यु कई बीमार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में लोग सरकार की लापरवाही के कारण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, जिसके कारण कई लोगों की मृत्यु हो गई और अन्य कई बीमार हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। कांग्रेस ने बुधवार को यहां आरोप लगाया कि मोदी सरकार स्वच्छ पेयजल देने का नारा तो बुलंद करती है, लेकिन मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार में दूषित पानी पीने से आठ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में लोग शिकायत करते हुए साफ पानी की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। राज्य सरकार की अनदेखी के कारण लोगों को मजबूरन गंदा पानी पीना पड़ रहा है, जिसके कारण यह दुखद खबर आ रही है। पार्टी ने कहा है कि इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हुई और कई बीमार हैं।

# अंतर्राज्यीय ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश दस करोड़ की हेरोइन बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर दो आरो. पियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से कुल 2.034 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है जिसकी कीमत दस करोड़ रूपये से ज्यादा है। इसके अलावा उनके पास से छह मोबाइल और हेरोइन सप्लाई के लिए इस्तेमाल की गई स्कूटी जब्त की है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार को एक गुप्त सूचना मिली थी कि अंशुल राणा नाम का एक ड्रग सप्लायर/डीलर दिल्ली/ एनसीआर इलाके में ड्रग्स सप्लाई करने में शामिल है। मुखबिर ने बताया कि वह द्वारका सेक्टर-08, के पास किसी को बड़ी मात्रा में हेरोइन/स्मैक सप्लाई करने आएगा। इस सूचना पर एसीपी राजपाल डबास की देखरेख मेंइंस्पेक्टर पवन सिंह के नेतृत्व में टीम ने अपना जाल बिछाकर मुखबिर की सूचना पर आरोपी अंशुल राणा को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उसके बैग से 2.034 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। जांच के दौरान, टीम को पता चला कि आरोपी अंशुल राणा ने बरामद हेरोइन गंगा प्रसाद/विक्की, से खरीदा था, जिसने आगे हेरोइन बरेली, से खरीदी थी।

इसके बाद इंस्पेक्टर सतीश मलिक के नेतृत्व में एक टीम ने आरोपी गंगा प्रसाद को लक्ष्मी नगर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी अंशुल राणा ने बताया कि वह दिल्ली/ एनसीआर में अवैध हेरोइन खरीदने और सप्लाई करने वाले एक संगठित गैंग का हिस्सा था।

## लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में निकाली गई 191 डॉक्टरों की भर्ती

**नई दिल्ली।** लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को दूर किया जाएगा। अस्पताल में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के पदों को भरने की कवायद शुरू हो गई है। इस संबंध में अलग-अलग 28 विभागों में 191 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इसमें कम्युनिटी मेडिसिन, सर्जरी, मेडिसिन, न्यूरोलॉजी, ईएनटी, डेंटल, इमरजेंसी मेडिसिन, टीबी एंड चेस्ट, पीएमआर, स्त्री एवं प्रसुति रोग, रेडियो डॉयग्नोसिस, पैथोलॉजी, एनेस्थीसिया, एनाटॉमी सहित कई दूसरे विभाग शामिल है। सबसे ज्यादा 54 पदों पर एनेस्थीसिया, 27 पद पीडियाट्रिक और 14 पदों पर स्त्री एवं प्रसुति रोग विभाग में भर्ती निकाली गई है। पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार 23 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। भर्ती प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगी।

## रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों को नववर्ष की दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों को नव वर्ष 2026: की शुभकामनाएं: देते हुए कहा कि 2025 जा रहा है और 2026 आ रहा है। क्या खोया, क्या पाया? 2025 में मिली नई रिस्पॉन्सिबिलिटीज, नए चौलेंजेज और काम करने का ढेर सारा अवसर। कुछ लोगों ने कोशिश की उलझा के रखें ह५ और ।ष में, पर इतना नहीं थी इससे आगे सरकार ने बहुत सारे ऐसे काम किए जो दिल्ली बहुत समय से इंतजार कर रही थी। दिल्ली का नया एजुकेशन बिल, जिससे पैरेंट्स को मोटी फीस देने की जरूरत न पड़े। दिल्ली में 10 लाख तक का इलाज आयुष्मान के माध्यम से लोगों के लिए फ्री किया गया। अटल कैंटीन 5 रुपये में भरपेट भोजन, जो हर गरीब मजदूर मेरे भाई-बहनों को बेहद पसंद आई। दिल्ली में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए बहुत सारी योजनाओं को मंजूरी मिली। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के काम हुए। पर्यावरण की दृष्टि से, यदि मैं बताऊं, जो सबसे ज्यादा लोगों को लगा कि इस साल एनवायरनमेंट के लिए क्या हुआ, तो एंड टू एंड कारपेटिंग सड़कों की करने का काम शुरू हुआ। नई मशीनरी, जिनसे कि बेहतर सफाई हो सके, दिल्ली में अलाव व खुले में आग जलाने को हमने बंद किया और बहुत सारी चीजें जो कि पर्यावरण के लिए बेहतर थीं, उनको हमने शुरू किया। यह सारे काम शुरुआत हैं, अभी काम बहुत सारे करने हैं। दिल्ली में इतनी सारी समस्याएं, इतनी सारी लिगेसी प्रॉब्लम हैं, उन सबका समाधान करना है वर्ष 2026 में। 2025 केवल तैयारी थी और 2026 में उन सभी कामों को अपने मुकाम तक पहुंचाना है।

# शाहीनबाग में आग में फंसें 5 लोगों को बचाया धुएं में दम घुटने से 70 वर्षीय महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहीनबाग थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। मकान नंबर ई-50 की पार्किंग में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे मकान में धुआं भर गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

घटना तड़के करीब सवा चार बजे की है। पड़ोसी शाहरुख ने सबसे पहले पार्किंग से धुआं उठता देखा और तुरंत शोर मचाया। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 4:40 बजे दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने के साथ राहत कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने बताया कि आग के कारण मकान की ऊपरी मंजिलों पर धुआं भर गया था। तीसरी मंजिल पर अफरोज इकबाल अपने परिवार के चार सदस्यों के साथ फंसे हुए थे। हालात की गंभीरता को देखते हुए दमकल टीम ने दीवार तोड़कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं, दूसरी मंजिल पर रहने वाले अकील अहमद की 70 वर्षीय मां धुएं की चपेट में आ गईं। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी दम घुटने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में मातम का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## चोरी की वारदात में शामिल तीन को दबोचा

**नई दिल्ली।** ज्योति नगर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। तीन आरोपियों, जिनमें एक रिसीवर भी शामिल है, को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की नकदी, सोना, चांदी, घर का ताला तोड़ने के औजार और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है।

जानकारी के अनुसार, थाना ज्योति नगर एसएचओ इंस्पेक्टर वेद प्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पूछताछ में तीनों आरोपियों ने अपराध कबूल कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने 1,35,000 नकद, 13 ग्राम सोना, 941 ग्राम चांदी, एक गोल्ड पेंडेंट, वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और घरों में सेंधमारी के औजार बरामद किए। मामले में आगे धारा 317(2)/3(5) बीएनएस भी जोड़ी गई है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी प्रमोद उर्फ विशाल पहले से ही लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट के 12 मामलों में शामिल रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## पटेल नगर में पुलिसकर्मियों ने युवक को आत्महत्या से बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पटेल नगर इलाके में शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला की दिल दहला देने वाली चीख सुनकर ड्यूटी पर तैनात दो दिल्ली पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और 26 वर्षीय युवक की आत्महत्या की कोशिश को नाकाम कर उसकी जान बचा ली।

शाम करीब 7 बजे हेड कॉन्स्टेबल योगेश और कॉन्स्टेबल अजय इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक महिला की घबराई हुई चीख सुनाई दी। आवाज का पीछा करते हुए वे एक पांच मंजिला इमारत के पास पहुंचे, जहां महिला बेहद बदहवास हालत में मिली। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा कमरे में खुद को बंद कर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा है। पुलिसकर्मी तुरंत सीढ़ियां चढ़ते हुए ऊपर पहुंचे। परिवार के सदस्य घबराहट में सही दिशा नहीं बता पा रहे थे, लेकिन कई कमरों की जांच के बाद उन्होंने एक बंद कमरे का दरवाजा जबरन खोला। अंदर का मंजर देखकर दोनों अधिकारी सन्न रह गए, युवक चादर से फंदा बनाकर पंखे से लटका हुआ था और बेहोश हो चुका था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए कॉन्स्टेबल अजय ने तुरंत युवक के पैरों को थामकर उसका भार कम किया, ताकि गले पर दबाव घट सके।

वहीं, हेड कॉन्स्टेबल योगेश रसोई से चाकू लेकर आए और फौरन चादर काट दी। कुछ ही पलों में युवक को नीचे उतार लिया गया और उसकी सांसें लौट आईं। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के अन्य सदस्य और सोसाइटी का सुरक्षा गार्ड भी मौके पर पहुंच गया। युवक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद रात में ही उसे छुट्टी दे दी गई।

# पुलिस मुख्यालय में हुआ पद अलंकरण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मुख्यालय में पद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सेवानिवृत हो रहे 137 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन उनकी अगली उच्चतर मानद रैंक प्रदान की गई।

इस समारोह की अध्यक्षता दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने की। उन्होंने कांस्टेबल से लेकर उप-निरीक्षक रैंक तक के सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को उनकी अगली उच्चतर मानद रैंक के बैज पहनाकर अलंकृत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष पुलिस आयुक्त/मानव संसाधन विकास (एचआरडी) रॉबिन हिबू के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए समारोह की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने कहा कि पदोन्नति के अवसरों को बढ़ाने के प्रयासों के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया था कि पुलिसकर्मियों को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन मानद रैंक प्रदान की जाए। उन्होंने इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने के लिए गृह मंत्रालय एवं दिल्ली के उप राज्यपाल,के प्रति आभार व्यक्त किया।



दिल्ली पुलिस मुख्यालय में आयुक्त सतीश गोलचा सेवानिवृत्ति दिल्ली पुलिस के जवान को अलंकृत करते हुए।

## एक नजर

### मकान में लगी आग से हुई बुजुर्ग दम्पति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक के जगतपुरी थाना क्षेत्र में एक मकान की पहली मंजिल पर आग लगने से बुजुर्ग पति-पत्नी की मौत हो गयी, संभावना जताई जा रही है एलपीजी सिलेंडर के फटने से आग लगी थी, दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया स आशंका जताई जा रही है दोनों बुजुर्गो की मौत दम घुटने से हुई है।

शाहदरा पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया बुधवार सुबह करीब 1.36 बजे जगत पूरी थाना पुलिस को डी-38, गली न-5, हजारा पार्क, शिवपूरी में आग लगने की सूचना मिली थी जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पाया मकान की पहली मंजिल पर आग लगी थी स सूचना के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया स पुलिस टीम को मकान की पहली मंजिल पर दो बुजुर्ग प्रेम मल्हौत्रा (75) और उनकी पत्नी आशा मल्हौत्रा बेहोशी की हालत में मिले, जिन्हे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। प्रारम्भिक जांच में माना जा रहा है आग एलपीजी सिलेंडर के कारण लगी है और पति-पत्नी की मौत दम घुटने की वजह से हुई है स फ्लोर से धुआ उठता पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, दमकल की गाड़ियों ने जब आग पर काबू पाया तब पति-पत्नी को बेहोशी की हालत में फ्लोर से बाहर निकाला जा सका, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया स

### 29वीं क्लाइम्बिंग चैंपियनशिप में अमेयरा खोसला ने जीता स्वर्ण पदक


**नई दिल्ली।** वसंत वैली स्कूल की 14 वर्षीय होनहार क्लाइम्बर अमेयरा खोसला ने बेंगलुरु में आयोजित 29वीं राष्ट्रीय स्पोर्ट क्लाइम्बिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए यूथ गर्ल्स (अंडर-17) वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 से 29 दिसंबर 2025 के बीच आयोजित हुई, जिसमें देशभर के शीर्ष युवा क्लाइम्बर्स ने भाग लिया। बोल्डरिंग डिसिप्लिन में प्रतिस्पर्धा करते हुए अमेयरा ने अपनी असाधारण ताकत, तकनीकी दक्षता और मानसिक संतुलन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। फाइनल राउंड में उन्होंने 83.8 अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया। इस चौंपियनशिप का आयोजन इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन द्वारा जनरल थिमैया नेशनल एकेडमी ऑफ एडवेंचर के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न जोन से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### नितिन नबीन को मिल रही देशभर से बधाइयाँ



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने पर नितिन नबीन को देशभर से बधाइयाँ मिल रही हैं। इसी क्रम में कोरोना योद्धा एवं प्रमुख समाज सेवी चरनजीव मल्होत्रा ने नितिन नबीन को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त, अनुशासित एवं जनसेवा के प्रति समर्पित बनेगी। मल्होत्रा ने कहा कि नितिन नबीन एक ऐसे नेता है जिन्होंने निरंतर परिश्रम, स्पष्ट दृष्टिकोण और जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए संगठन में अपनी अलग पहचान बनाई है। वे कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, सभी को साथ लेकर चलने वाले तथा निर्णय क्षमता में दृढ़ माने जाते हैं। उनका अब तक का राजनीतिक और सामाजिक योगदान इस बात का प्रमाण है कि वे किसी भी दायित्व को पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभाते हैं।

### उत्पीड़न का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** एक अपराधी पर उत्पीड़न और अत्याचार का आरोप लगाते हुए पीड़ित महिला ने अपनी सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर को की है कि अजित सिंह उर्फ त्यागी है जो कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित सर्वेन्ट कवाटर में रहता है जिसके विरुद्ध दिल्ली के कई पुलिस थानों में चाकू के, चेन झपटमारी के , महिलाओं के शोषण के गाड़ी चोरी के कई मामले दर्ज जो आदतन अपराधी जो कई वर्षों से महिलाओं का शोषण करता आ रहा जो महिलाओं को ब्लैकमेल कर वेश्यावृत्ति करवा चाहता है ऐसा ही एक मामला सुर्खियों में है जहां एक पीड़ित महिला ने अपराधी अजित सिंह उर्फ त्यागी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है पीड़ित महिला मीडिया के सामने आई और पीड़ित महिला ने अपराधी अजित सिंह उर्फ त्यागी पर आरोप लगाए अजित सिंह उर्फ त्यागी पीड़ित महिला की झूठी झूठी पुलिस को शिकायतें करता रहता है और उस पर तरह तरह से दबाव बनाता रहता उसका पीछा करता रहता है। पीड़ित महिला का कहना है कि अगर पुलिस द्वारा कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की जाती है तो वह जल्द ही अपनी सुरक्षा हेतु और अपराधी की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पुलिस मुख्यालय पर धरना देगी।

# घने कोहरे की चादर में लिपटी दिल्ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने से बयार भले ही मंगलवार को बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई, लेकिन लोगों को प्रदूषण से राहत नहीं मिली है। आज भी वही हाल है। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे की मोटी परत से हुई।

आसमान में स्मॉग की मोटी चादर दिखाई दी। इसके चलते कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। साथ ही घना कोहरा छाया हुआ है। जिसे विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। सड़क से लेकर हवाई यातायात तक पर इसका असर दिखाई दे रहा है। नए साल के जश्न की तैयारी में जुटे लोग सर्दी से बचने का भी पर्याप्त इंतजाम कर लें। क्योंकि मौसम विभाग ने एक जनवरी के लिए मौसम का जो पूर्वानुमान जताया है उसके हिसाब से कड़ाके की ठंड और घना कोहरा पड़ेगा। एक जनवरी को राजधानी में बादल छाए रहने और कुछ इलाकों में बारिश की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग ने कोहरे का यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग द्वारा ठंडक और कोहरे के कारण सुबह के समय यात्रा करते हुए या ड्राइव करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। वहीं बुद्धवार सुबह दिल्ली घने कोहरे की चादर में लिपटी रही।

सुबह के समय कुछ स्थानों पर घने कोहरे के कारण वाहनों की आवा. जाही प्रभावित हुई। दोपहर आते-आते धूप निकली, लेकिन लोगों को राहत नहीं मिली। दिन के समय भी पहाड़ों से आई बर्फीली हवाओं ने खासा परेशान किया। नए साल पर मौसम खराब रहने के आसार हैं। हिमालयी क्षेत्रों में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसकी वजह से दिल्ली में 31 दिसंबर को बादल छाए रहेंगे और एक जनवरी को हल्की बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान 4 डिग्री गिरकर 18 से 20 डिग्री के बीच जबकि न्यूनतम 3 डिग्री बढ़कर 10 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि फॉग लाइट और लो-बीम हेडलाइट का इस्तेमाल करें, तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग से बचें, मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। राजधानी के कई इलाकों में स्मॉग की परत छाई हुई है। कोहरे की स्थिति को देखते हुए दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। को. हरे के साथ-साथ ठंड और बढ़ते प्रदूषण ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। सुबह-शाम की ठंड में बुजुर्गों और बच्चों को खास सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

# हमले के मामले को सुलझाया सीसीएल सहित दो को पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के दयालपुर थाने की टीम ने हमले के मामले को सुलझा कर एक सीसीएल सहित दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया है।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 29 दिसंबर को दयालपुर थाने में मारपीट की एक घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि शिकायतकर्ता पहले ही अस्पताल जा चुका था। अस्पताल में, घायल ने बताया कि रात करीब 08:00 बजे, जब वह घर लौट रहा था, तो तीन चार लोगों ने उसे पीटा और चाकू से हमला किया।इसके बाद दयालपुर थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, एसएचओ दयालपुर परमवीर सिंह दहिया के नेतृत्व में टीम ने सबूत इकट्ठा किए और इकट्ठा किए गए सुरागों के आधार पर एक आरोपी फारूक (19) को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ के दौरान, आरा. `पी फारूक ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और अपने साथियों के नाम बताए। इसके बाद,पुलिस ने उसके साथी सीसीएल को पकड़ लिया । पुलिस ने उनकी निशानदेही पर, अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।



कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन क्षेत्र के एफ एक्सटेंशन, ख्याला में अटल कैंटीन का शुभारंभ करते हुए।

# मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन में अटल कैंटीन का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन क्षेत्र के एफ एक्सटेंशन, ख्याला में अटल कैंटीन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में शुरू की गई यह पहल जरूरतमंद लोगों को मात्र छ5 में पौष्टिक, स्वादिष्ट और साफ-सुथरा भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम है।पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष को समर्पित अटल कैंटीन योजना का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। दिल्ली भर में 100 अटल कैंटीन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इन कैंटीनों में रोटी, चावल, दाल और सब्जी जैसा संतु. लित भोजन साफ और व्यवस्थित माहौल में परोसा जा रहा है, ताकि कोई भी भूखा न रहे।

उद्घाटन के दौरान मंत्री सिरसा ने स्थानीय लोगों और लाभार्थियों से बातचीत की, स्वयं भोजन की गुणवत्ता का स्वाद चखा और कैंटीन में बनाए गए स्वच्छता मानकों की सराहना की। स्थानीय लोगों ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि अटल कैंटीन उन्हें सस्ता भोजन ही नहीं, बल्कि सम्मान के साथ जीने का भरोसा भी देती है।इस अवसर पर मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि "अटल कैंटीन हमारी पार्टी की अंत्योदय की सोच का सजीव उदाहरण है, जहां समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधा और सम्मान पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। मैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके नेतृत्व में यह सोच हकीकत बन रही है।"

उन्होंने आगे कहा कि अटल कैंटीन नेटवर्क को हर विधानसभा क्षेत्र तक पहुंचाया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पौष्टिक भोजन मिल सके। यह योजना न सिर्फ गरीब और जरूरतमंदों को राहत देती है, बल्कि स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को जोड़कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा कर रही है।

# अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा के नेतृत्व में विश्वास नगर विधानसभा का ष्अटल स्मृति सम्मेलनष भाजपा जिला कार्यालय 1, अटल भवन, विज्ञान लोक पर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न, प्रख्यात कवि, ओजस्वी वक्ता एवं देश के तीन बार प्रधानमंत्री रहे श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर पूरा देश कृतज्ञता एवं सम्मान के साथ उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण कर रहा है।



भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा ने बताया कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई एक संवेदनशील कवि और प्रखर वक्ता और एक श्रेष्ठ कार्यकर्ता के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी जी के शब्द आज भी करोड़ों भारतीयों और विशेष रूप से युवाओं को प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन राष्ट्र प्रथम, राजनीति बाद में के सिद्धांत का जीवंत उदाहरण रहा।अटल जन्म शताब्दी वर्ष हम सभी के लिए यह संकल्प लेने का अवसर है कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए एक सशक्त, समरस और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। बनेगा और विश्वगुरु भी बनेगा। अटल स्मृति सम्मेलन में मुख्यातिथि भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी डॉ अनिल गुप्ता, भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा,भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, पूर्व महापौर योगध्यान आहूजा, पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल जैन व कंवरसेन, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, सचिन शर्मा, वैभव मेहरा, कमल वार्ष्णेय सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## स्पेयर पार्ट्स व लुब्रिकेंट्स लांच किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दो-पहिया स्पेयर पार्ट्स के क्षेत्र में भारत के नंबर 1 क्विक कॉमर्स खिलाड़ी, पार्टनर ने आज देशव्यापी स्तर पर पार्टनर जेन्युइन स्पेयर पार्ट्स और लुब्रिकेंट्स' लॉन्च करने की घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी ने ब्रांडेड दो-पहिया स्पेयर पार्ट्स और लुब्रिकेंट्स सेगमेंट में औपचारिक रूप से प्रवेश कर लिया है।

यह नया पोर्टफोलियो भारत के दो-पहिया आफ्टरमार्केट की पुरानी चुनौतियों जैसे-असंगत गुणवत्ता, नकली पुर्जे और खंडित सप्लाई चेन को हल करने के लिए तैयार किया गया है। ये ऐसी समस्याएँ हैं जो सीधे तौर पर वर्कशॉप की उत्पादकता और ग्राहकों के भरोसे को प्रभावित करती हैं। जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक दो-पहिया वाहन तेजी से बाजार में आ रहे हैं, मैकेनिकों को एक अतिरिक्त समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# 2025 ने मजबूत आधार बनाया, 26 के लिए बड़ी छलांग तय : खंडेलवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नए वर्ष की पूर्व संध्या पर दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद एवं कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि वर्ष 2025 के समापन के साथ भारत पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने व्यापार, अर्थव्यवस्था और उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण की दिशा में हुई निरंतर प्रगति पर दृष्टि डाल रहा है, जो माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संभव हुई है।

उन्होंने कहा कि बीता हुआ वर्ष नीतिगत स्थिरता, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधारों, डिजिटल एवं भौतिक अवसंरचना के विस्तार, तथा घरेलू विनिर्माण और निर्यात को लक्षित समर्थन के लिए उल्लेखनीय रहा। आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और डिजिटल इंडिया जैसी प्रमुख पहलों ने व्यापारियों, एमएसएमई और स्टार्टअप्स को सशक्त बनाया है, जिससे वे घरेलू और वैश्विक बाजारों में प्रभावी प्रतिस्पर्धा कर पा रहे हैं।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत के व्यापार क्षेत्र ने उल्लेखनीय मजबूती और लचीलापन प्रदर्शित किया। कर सुधारों, लॉजिस्टिक्स में सुधार, अनुपालन प्रक्रियाओं के सरल. ीकरण और ऋण तक बेहतर पहुँच ने विशेष रूप से छोटे व्यापारियों के बीच विश्वास को मजबूत किया है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# भामोरी गांव में किसान ने की आत्महत्या पारिवारिक तनाव से चल रहा था परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना क्षेत्र के गांव भामोरी में एक किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गांव निवासी 48 वर्षीय किसान बुद्ध प्रकाश ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। दोपहर के समय उसका शव गांव के ही एक किसान के खेत में स्थित पेड़ से लटका हुआ मिला।

परिजनों के अनुसार बुद्ध प्रकाश पिछले कई दिनों से घर में चल रहे पारिवारिक विवाद और तनाव के कारण मानसिक रूप से परेशान था। रविवार सुबह वह जंगल जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। बाद में आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने पेड़ से लटके शव को देखा और तत्काल परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर थाना सरधना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल इस मामले में किसी प्रकार की कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किठौर में नववर्ष को लेकर पुलिस रही अलर्ट, थाना परिसर में हुई बैठक



किठौर थाने में पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश देते एसएचओ।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने नववर्ष के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने थाना परिसर में सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक बैठक की, जिसमें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य नए साल के जश्न के दौरान कानून-व्यवस्था, शांति व्यवस्था और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना था। थाना प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्टंटबाजी, तेज रफ्तार से वाहन चलाने, नशे में ड्राइविंग करने और सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने रात्रि गश्त बढ़ाने और प्रमुख चौराहों व संवे. दनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस कर्मियों को रिफ्लेक्टिव जैकेट, बॉडी कैमरा और रात्रिकालीन यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक सांकेतिक सामग्री वितरित की गई। थाना प्रभारी ने सभी कर्मियों से ड्यूटी के दौरान सजग रहने और आमजन के साथ विनम्र व्यवहार करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान किया।

# भारतीय मानक ब्यूरो गाजियाबाद की टीम ने दिल्ली में मारे छापे

■ भारी मात्रा में सामान जब्त कानूनी कार्रवाई शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश में उपभोक्ताओं को मानक के अनुरूप और सही सामग्री चीज उपलब्ध कराने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो समय-समय पर अलग-अलग जगह पर छापेमारी का बयान चलाता रहता है। इसी के तहत मंगलवार को भारतीय मानक ब्यूरो गाजियाबाद ब्रांच की टीम ने दिल्ली के पूर्वी इलाके शकरपुर में छापेमारी की इस दौरान गाजियाबाद की टीम ने एक फर्म कृषा डील्स प्राइवेट लिमिटेड में जब्ती और तलाशी अभियान चलाया इस अभियान में गाजियाबाद टीम को मौके पर गैर पेपर खिलौने के भंडार मिले जहा से उसे बेचा जा रहा था। खिलौनों पर बीआईएस मार्क नही था। टीम ने बताया कि खिलौनों को BIS अधिनियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार खिलौने गुणवत्ता नियंत्रण आदेश, 2020 के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा अनिवार्य प्रमाणन के तहत लाया गया है। BIS अधिनियम, 2016 में निषेधात्मक प्रावधानों के तहत कोई भी व्यक्ति धारा 16 की उप-धारा (1) के तहत बिना स्टैंडर्ड मार्क के, वैध लाइसेंस के अलावा, किसी भी ऐसे सामान, वस्तु, प्रक्रिया, प्रणाली या सेवा का निर्माण, आयात, वितरण, बिक्री, किराए पर देना, पट्टे पर देना, भंडारण या बिक्री के लिए प्रदर्शित नहीं करेगा। अधिनियम की धारा 29 के तहत उल्लंघन के लिए दंड भी निर्धारित किए गए हैं। इस दौरान छापेमारी टीम ने बीआईएस स्टैंडर्ड मार्क के बिना सामान जब्त कर लिया और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की बात कही। आपको बता दें कि छापेमारी कि खबर ने ऐसे लोगों में हड़कंप मचा दिया है जो लोग फर्जी मार का लगाकर या फिर बिना मरका के ही सामान बेच रहे हैं वहीं गाजियाबाद मानक ब्यूरो की टीम का कहना है कि वह अलग-अलग जगह पर छापेमारी करते हैं अगर कहीं भी कोई अनियमिता पाई जाती है तो उनके खिलाफ विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वरिष्ठ लिपिक के सेवानिवृत होने पर दी भावभीनी विदाई



वरिष्ठ लिपिक कामिल के सेवानिवृत्त के बाद स्वागत करते लोग।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** आदर्श नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां के सेवानिवृत्ति होने पर सभी समाजसेवियो एवं कर्मचारियों ने बड़े हर्षोल्लास एवं भावभीनी के साथ विदाई दी। सभी समाजसेवियों ने उनके गले में माला डालकर स्वागत किया। बताते चले की आदर्श नगर पंचायत में तैनात वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां का 37 वर्ष पूर्ण होने पर सेवानिवृत हो गये।

वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां 1 जुलाई 1989 में तैनात हुए जबकि 31 दिसंबर 2025 को उनका कार्यकाल पूरा हो गया। जिसमें नगर पंचायत के चेयरमैन सचिन सुकड़ी एवं अधिशासी अधिकारी हरि नारायण सिंह के द्वारा एक विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें नगर के सम्मानित समाजसेवी पूर्व चेयरमैन एवं सभासद पूर्व सभासद सभी पार्टियों के गणमान्य नेतागण उपस्थित होकर उन्हें बड़े हर्षोल्लास एवं भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर चेयरमैन सचिन सुकड़ी, पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, समाजसेवी सुमित चहल सभासदगण एवं पूर्व सभासदों ने कहा कि वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां ने अपने कार्यकाल में हमेशा ईमानदारी एवं सभी के मान-सम्मान को रखते हुए कार्य किया है। उन्होंने समय-समय पर कस्बे में आने वाली समस्याओं को दूर करने का कार्य किया है। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा पत्रों का निस्तारण एवं कस्बे की विकास करने में मदद की है। अब वह सेवानिवृत्ति हो गये हैं। उनकी कमी महसूस होगी। उसके बाद वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां को बग्गी पर बैठाकर धार्मिक गीतों से नगर में विभिन्न मोहल्ले में जाते हुए बड़े हर्षोल्लास के साथ विदाई दी। जब वह अपने घर पर गये तो गर्म जोशी के साथ एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विदाई समारोह में मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, सुमित चहल, संदीप चौधरी, जयवीर अहलावत, साजिद सलमानी, इरफान पठान, सभासद राजू राठी, अरुण जाटव, खलील सलमानी, पूर्व सभासद अतुल कुमार, पूर्व सभासद जुन्नुरैन, मोहित सिंधु, जहीरूद्दीन अब्बासी, अरशद अल्वी, विकास मास्टर, डॉ. अतुल कुमार, राजेंद्र शर्मा, इकबाल सैफी, विष्णु कुमार, मोनू जाटव, मनीष अहलावत, महेश अजराडिया, मुन्नालाल यादव, जैगम एडवोकेट, तारीख फरीदी, चीनू जाटव, ललित जाटव, शकील सलमानी, संदीप प्रजापति, शाहनवाज सलमानी, सभासद वीरेंद्र नागर, दिलावर सिंह प्रजापति, नवाब, नाजर कस्सार, रही. सुद्दीन अब्बासी, विकास लांबा, सफाई नायक संजय वाल्मीकि आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# मेरठ में ई-रिक्शा के बढ़ते जाम से जनता परेशान, पूर्व मंत्री ने प्रमुख सचिव को लिखा पत्र



पूर्व मंत्री शकील भारती।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर में ई रिक्शा के बढ़ते जंजाल से परेशान मेरठ की जनता अब बेहद दिक्कतों का सामना कर रही है। हर छोटे बड़े काम से सड़क पर निकलना अब दूभर हो गया है। हर तरफ का जाम दस मिनट के काम को घंटो में बदल रहा है। ऐसा लग रहा है जैसे सड़कों पर पहले इस ई रिक्शा के जंजाल ने वक्त को ही जकड़ लिया है। ई रिक्शा और मिनी मेट्रो से परेशान होकर समाजवादी पार्टी के पूर्व दर्जा राज्यमंत्री शकील भारती ने प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को पत्र लिखकर मिनी मेट्रो के जंजाल से छुटकारा दिलाने की गुहार लगाई है। शकील भारती का कहना है कि महानगर मेरठ में मिनी मेट्रो ई-रिक्शा अत्यधिक होने के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्कूल जाने वाले बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं व बीमार व्यक्तियों को अस्पताल तक ले जाने में एंबुलेंस जाम में खड़ी रहती हैं जिस कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूरे दिन शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है शहर के प्रत्येक रूट पर अवैध मिनी मेट्रो ई-रिक्शा चल रहे हैं जिनका आरटीओ कार्यालय में भी रजिस्ट्रेशन नहीं है कई बार संभागीय परिवहन अधिकारी मेरठ से भी मौखिक व लिखित शिकायत की लेकिन इसके संबंध में न ही उन्हे पत्र द्वारा अवगत कराया गया कि और न ही उनके पत्र पर कोई संज्ञान लिया गया और न ही जाम के संबंध में कोई ठोस रणनीति बनाई गई। जिसको देखते हुए उन्होंने इस बड़े मुद्दे की शिकायत प्रमुख सचिव गृह से की है उम्मीद जताई जा रही है कि अब इस मामले में कोई ठोस कदम उठाया जा सकता है।

# कुराली गांव में गरीब महिला के घर में लगी आग, सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना क्षेत्र के गांव कुराली में महबूब का कुछ दिन पहले ही देहांत हो गया था। कुराली गांव में महबूब की पत्नी अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। बुधवार सुबह चाय बनाते समय गैस का पाइप फट गया और घर में भयंकर आग लग गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं महबूब की पत्नी परवीन का कहना है कि वह किसी तरह अपने परिवार का पेट पाल रही है और अब यह नुकसान हो गया। वहीं ग्रामीणों ने अधिकारियों से मुआवजे की मांग की है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भी काफी संवेदना है और लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस बेवा की मदद करनी चाहिये।

## दौराला में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

# कंबल वितरण में उमड़ी महिलाओं की भीड़







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दौराला स्थित सुमित्र फार्म हाउस में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता ठा. संगीत सोम रहे। सम्मेलन के दौरान जनसेवा के उद्देश्य से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे आयोजन स्थल पूरी तरह भरा नजर आया। कंबल वितरण के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं की बड़ी सहभागिता ने सम्मेलन को सफल और प्रभावशाली बना दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता ठा. संगीत सोम ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और गरीब कल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अटल जी के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# नववर्ष पर होटल व रेस्टोरेंट पर रहेगी जानी पुलिस की पैनी नजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** नव वर्ष को लेकर जानी थाना पुलिस ने पूरी तरह से कमर कस ली है हर होटल रेस्टोरेंट ढाबा संचालक व खासतौर से शराब की दुकान जैसे प्रतिष्ठान पर जानी पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद दिखेगी और नव वर्ष की तैयारी के लिए हर चौराहे पर पुलिस पिकेट खड़ी मिलेगी।

बुधवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र और एसएसआई कपिल देव ने बाईपास स्थित गॉडविन और मार्स रिसोर्ट पर पहुंचे और उन्हें चेतावनी दी की कोई भी शराब पार्टी और हुड़दंग किया गया तो सब पर कार्यवाही होगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्होंने होटल मालिकों को निर्देश दिए की नव वर्ष का त्यौहार शांति से मनाये और कोई भी संदिग्ध व्यक्ति होटल पर किसी भी गतिविधि में पाया जाए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। थानाध्यक्ष ने कहा कि जानी पुलिस पूरी तरह से हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। वहीं क्षेत्रधिकारी सरधना व थाना प्रभारी के द्वारा होटल गोडविन तथा होटल मार्क्स को चेक किया गया।

# आरक्षण की मांग को लेकर वाल्मीकि समाज ने कलक्ट्रेट में फिर सौंपा ज्ञापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अनुसूचित जाति आरक्षण को लेकर वाल्मीकि समाज ने बुधवार को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम फिर ज्ञापन सौंपा है। गौतम रामचंद्र वाल्मीकि महर्षि वाल्मीकि सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि एक अगस्त 2024 को अनुसूचित जाति आरक्षण में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश की वंचित जातियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। इसलिए राज्य सरकार वंचित जातियों की सूची बनाकर वाल्मीकि जाति को पृथक आरक्षण की व्यवस्था करें। कहा कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है जिससे वाल्मीकि समाज में गहरा रोष है उन्होंने मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करने की मांग की है। इस दौरान टीसी मनौठिया, सुभाष गोस्वामी, शिव कुमार नाज, राजकुमार, सतीश कुमार, बिजेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय जाट महासभा मनाएगी वीर गोकुला का बलिदान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारतीय जाट महासभा मथुरा के जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कृष्णा ग्रीन होटल सौन्ख् रोड़ पर किया गया। राजेश चौधरी ने वीर गोकुला का 356 वाँ बलिदान दिवस अखिल भारतीय जाट महासभा आगरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर मनाने हेतु सभी से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आग्रह किया। वीर गोकुला के द्वारा मात्र चंद किसानों को एकत्रित कर, कृषि यंत्रों को हथियार बनाकर आरेंगजेब से तीनों दिनों तक भयंकर युध्द किया। औरंगजेब स्वयम् हथियारों से सुसजित सेना के साथ युध्द में उपस्थित रहा था।

प्रदेश सचिव अखिल भारतीय जाट महासभा यूपी शिवराज सिंह हिंडोल ने वीर गोकुला की प्रतिमा मथुरा में स्थापित करने के लिए शासन से मांग की। चौधरी रामवीर सिंह उपाध्यक्ष ने बताया कि वीर गो. कुला को हिंदू धर्म को बचाने के लिए अपने प्राणों की परवाह नहीं। जब उन्हें बंदी बना लिया तो औरंगजेब ने मुस्लिम धर्म अपनाने पर धन संपत्ति के साथ मुक्त करने का लालच दिया जिसे वीर ने ठुकरा दिया। सुभाष चौधरी उपाध्यक्ष ने बताया की हिंदुयों को भयभीत करने के लिए वीर गोकुला के सार्वजनिक रूप से अंग काटे गये।

उनके शरीर से खून का फब्बरा फूटा था, उस जगह का नाम आगरा में फब्बरा पड़ गया। सतवीर चौधरी ने ब्लॉक अध्यक्ष राया, देशव. ीर सिंह, दिगंबर सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये। और सभी समाज से अपील की गई कि दिनाँक 1 जनवरी को वीर गोकुला की प्रतिमा, आगरा किले के सामने आयोजित बलिदान दिवस में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो।

# मैनेजिंग डायरेक्टर ने केवी सब स्टेशन काजीपुर बिजली घर एवं बिजली घर यार्ड का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रथम चरण की समाप्ति के अवसर पर उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा विशेष व्यवस्था की गई जिसके अन्तर्गत कैश काउंटर देर रात तक खुले रखे गए ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता अपना बिजली बिल जमा कर सके। देर रात तक जारी इस व्यवस्था के दौरान उपभोक्ताओं ने कैश काउंटर पर पहुंचकर अपने बिजली के बिल जगा किए, विभाग का उद्देश्य है कि किसी भी उपभोक्ता को बिजली बिल जमा करने में असुविधा न हो तथा अधिकतम छूट पाने के लिए प्रथम चरण के अन्तिम दिन बिल जमा करने का अधिकतम अवसर उपभोक्ताओं को उपलब्ध रहे।

इस दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर रवीश गुप्ता 33/11 केवी सबस्टेशन यूनिवर्सिटी रोड मेरठ पहुंचे और वहां प्रथम चरण सम्पन्न होने के दिन, उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा कराने की सुविधा तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होनें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया की उपभोक्ता सेवाओं को अधिक सुदृढ एवं प्रभावी बनाया जाए तथा संचालन में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही न बरती जाए। बिजली घर पर प्रबन्ध निदेशक ने योजना से जुड़ी व्यवस्थाओं, पंजीकरण व्यवस्था तथा समाधान की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया गया की कैम्प में आने वाले लाभार्थी का



कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने बिजली बिल राहत योजना के प्रति पात्र उपभोक्ताओं को जागरूक करनें एवं अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने हेतु व्यापक जनसंपर्क करने के निर्देश दिए। बिजली घर एवं बिजली घर यार्ड का निरीक्षण करने पर मेनेजिंग डायरेक्टर ने, बिजली घर उपकरण, आइसोलेटर, वीसीबी, सीटीपीटी, प्रोटेक्शन यूनिट आदि उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिजली घर संचालन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रबन्ध निदेशक ने कहा की डिस्कांम के हर बिजली घर को आर्दश बिजली घर बनाया जाए ताकि उपभोक्ताओं को निर्वाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध सुनिश्चित हो सके और उपभोक्ता सेवा को निरन्तर सुदृढ किया जा सके। निरीक्षण में मेनेजिंग डायरेक्टर ने बिजली घर एवं बिजली घर यार्ड में स्वच्छता, विद्युत व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा प्रबन्धन का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण में प्रबन्ध निदेशक ने ट्रांसफार्मर, सेफ्टी प्रोटेक्शन यूनिट, अर्थिंग, फायर एक्सटिंगुइशर, की रिफलिंग की जांच की उन्होंने बिजली घर पर स्थित लॉग शीट आदि दस्तावेजों की जांच की। अधिशासी अभियन्ता प्रशान्त सोनी ने कैपेसीटर बैंक के उपयोग के बारे में, जानकारी दी उन्होनें बताया पावर फेक्टर को सुधारने, वोल्टेज को स्थिर करने और सिस्टम की दक्षता को बढ़ाने के लिए, कैपेसीटर बैंक को बिजली घर पर स्थापित किया गया है। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए की हर बिजली घर पर कैपेसीटर को क्रियाशील रखा जाए, जिससे विद्युत वितरण प्रणाली को और अधिक कुशल बनाया जा सके। बिजली घर का निरीक्षण करने के उपरान्त प्रबन्ध निदेशक ने विद्युत कर्मियों को दिए जाने वाले सेफ्टी उपकरणों जैसे अर्थ चौन, सेफ्टी वैल्ट, कप्लिग टूल, हैक्सा, कटर, डिस्चार्ज रॉड, टैस्टर आदि उपकरणों की जांच की और निर्देश दिए की विद्युत कर्मियों द्वारा सेफ्टी उपकरणों का उपयोग आवश्यक रूप से किया जाए। उन्होंने कहा की लाईन पर कार्य करते समय विद्युत कर्मियों को मानक के अनुसार सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। विद्युत कर्मियों की सुरक्षा में कोताही न बरती जाए। यूनिवर्सिटी रोड मेरठ बिजली घर का निरीक्षण करने के उपरान्त 33/11 केवी बिजली घर काजीपुर मेरठ का औचक निरीक्षण किया और तकनीकी मानकों और स्वच्छता का जायजा लिया। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए की ट्रांसफार्मर के रख-रखाव और मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। मैनेजिंग डायरेक्टर ने बिजली बिल राहत योजना की समीक्षा की और पंजीकरण आदि का फीड बैंक लिया। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए की प्रथम चरण के अन्तिम दिन यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी पात्र उपभोक्ता पंजीकरण से वंचित न रहे। उन्होनें मौके पर उपस्थित अवर अभियन्ता से अब तक हुए बिल जमा और पंजीकरण के आकड़ों की जानकारी प्राप्त की। प्रथम चरण के लिए प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए की प्रथम चरण के अन्तिम दिन को देखते हुए, जब तक अन्तिम उपभोक्ता बिल जमा न करा दे तब तक पंजीकरण की प्रकिया सुचारू रूप से चलती रहे। उन्होंने कहा की डिरकांम का लक्ष्य है कि योजना के लाभ से कोई उपभोक्ता वंचित न रहे।







नए साल के स्वागत के लिए सजा क्नॉट प्लेस का हनुमान मंदिर व जश्न मनाने आए लोगों को गुब्बारे बेचती हुई बच्ची, दुसरी ओर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी ड्यूटी संभालते सुरक्षा कर्मी। फोटोः भूपेश गुप्ता

# ईडी की छापेमारी में 5.12 करोड़ नकद, 8.80 करोड़ के आभूषण जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में दिल्ली के सर्वप्रिय विहार स्थित एक घर से करोड़ों की अवैध काली कमाई का जखीरा बरामद किया है। 30 दिसंबर को शुरू की गई इस छापेमारी में खबर लिखे जाने तक 5.12 करोड़ रुपये नकद (जिसकी गिनती जारी है), लगभग 8.80 करोड़ रुपये मूल्य के सोने-हीरे के आभूषणों से भरा एक सूटकेस तथा करीब 35 करोड़ रुपये की संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज और चेकबुक से भरा एक बैग बरामद हुआ है।

ईडी के अनुसार, मनी लॉन्ड्रिंग के बड़े मामले में इंदरजीत सिंह यादव और उसके सहयोगियों के खिलाफ यह कार्रवाई की जा रही है। ठोस प्रमाण के आधार पर राष्ट्रीय राजधानी के सर्वप्रिय विहार स्थित इंदरजीत के करीबी सहयोगी अमन कुमार के परिसर पर छापेमारी की गई। यह कार्रवाई अभी भी जारी है। इस छापेमारी में 5.12 करोड़ रुपये नकद (जिसकी गिनती जारी है), लगभग 8.80 करोड़ रुपये मूल्य के सोने-हीरे के आभूषणों से भरा एक सूटकेस तथा करीब 35 करोड़ रुपये की संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज और चेकबुक से भरा एक बैग बरामद हुआ है। यह कार्रवाई अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड से भी जुड़ी हुई है। यूएई से संचालित हो रहे वांछित अपराधी यादव के अवैध कमाई के नेटवर्क पर की गई इस कार्रवाई को ईडी का एक करारा प्रहार माना जा रहा है।



राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने को लेकर पर्यावरण एवं वन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सचिवालय में मोबिलिटी एग्रीगेटर्स तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

# दिल्ली में राइड-शेयरिंग फिर शुरू होगी, कार पूलिंग की रूपरेखा भी तैयार करने को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में पर्यावरण एवं वन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली सचिवालय में ओला, उबर, रैपिडो सहित प्रमुख टैक्सी और मोबिलिटी एग्रीगेटर्स तथा परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक के दौरान मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार चार प्रमुख क्षेत्रों-वाहन प्रदूषण, औद्योगिक प्रदूषण, धूल प्रदूषण और कचरा प्रबंधन-पर एक साथ काम कर रही है, ताकि लोगों को साफ हवा मिल सके। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक कम करने और साझा व ग्रीन परिवहन को बढ़ावा देने में मोबिलिटी एग्रीगेटर्स की भूमिका बहुत अहम है। बैठक मैं परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।मंत्री सिरसा ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने और ईवी को बढ़ावा देने के लिए परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह के प्रयासों की भी सराहना की।बैठक में राइड-शेयरिंग पर विस्तार से चर्चा हुई।मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि सभी एग्रीगेटर्स कि दिल्ली में राइड-शेयरिंग सेवाएं जल्द से जल्द फिर शुरू की जाएं, क्योंकि इससे सड़कों पर वाहनों की संख्या घटती है और प्रदूषण कम होता है। एग्रीगेटर्स ने बताया कि कुछ तकनीकी और संचालन से जुड़ी तैयारियां बाकी हैं, जिस पर मंत्री ने परिवहन विभाग को एक महीने के भीतर राइड-शेयरिंग सुविधा पूरी तरह लागू करने के निर्देश दिए। इसके बाद कारपूलिंग के मुद्दे पर चर्चा हुई।

मंत्री ने कहा कि खासतौर पर ऑफिस टाइम में कारपूलिंग से ट्रैफिक और प्रदूषण दोनों में बड़ी कमी आ सकती है। बैठक में इस पर भी चर्चा हुई कि कारपूलिंग एक नॉन-कमर्शियल, साझा सफर का विकल्प होगा।एग्रीगेटर्स को सुझाव दिए गए कि वे अपने ऐप में कारपू. लिंग का फीचर विकसित करें या अलग कारपूलिंग प्लेटफॉर्म पर काम शुरू करें।

# नकली ब्रांडेड घरेलू सामान निर्माण में शामिल रैकेट का भंडाफोड़, 4 धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नकली ब्रांडेड घरेलू सामान के निर्माण, भंडारण और बिक्री में शामिल बड़े रैकेट का भंडाफोड़ कर चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से नकली घी बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी के साथ-साथ भारी मात्रा में नकली खाद्य और एफएमसीजी उत्पाद बरामद किए है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध)विक्रम सिंह ने बताया कि 29 दिसंबर को एसीपी सुनील श्रीवास्तव की देखरेख में इंस्पेक्टर लिछमन के नेतृत्व में टीम दिल्ली एनसीआर में नकली ब्रांडेड घरेलू सामानों की बिक्री के बारे में गुप्त जानकारी इकट्ठा करने के लिए ड्यूटी पर थी। इसी बीच एक गुप्त मुखबिर ने बताया कि नितिन कुमार (38) अपने साथी रजत सिंघल / चिंटू (38), सुरेंद्र गुर्जर (45) और मुजा. हिद/कार्तिक (38) के साथ मिलकर घी, इनो, वीट, ऑल आउट और टाटा नमक जैसे नकली ब्रांडेड उत्पादों की बड़े पैमाने पर बिक्री में शामिल है और उसे दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे के बीच जी-ब्लॉक, डाल मिल रोड, उत्तम नगर में डिलीवरी मिलने वाली है।इस सुचना पर टीम मौके पर पहुंची और निगरानी रखने लगी। लगभग 02:15 बजे, संदिग्ध सामान ले जा रहे वाहनों के साथ आरोपियों को पकड़ लिया। वाहनों की तलाशी में बड़ी मात्रा में नकली सामान बरामद हुआ, जिसमें ब्रांडेड घी, इनो पाउच, ऑल आउट, वीट उत्पाद और 1000 किला. ग्राम टाटा नमक शामिल था। सैंपल लिए गए और बाकी सामान को सील करके जब्त कर लिया गया। अधिकृत कंपनी प्रतिनिधियों ने सामान को नकली बताया। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी नितिन ने कंझावला इंडस्ट्रियल एरिया में एक नकली घी बनाने वाली यूनिट के बारे में बताया। इसके बाद छापेमारी में नकली घी, पैकेजिंग मशीनें, नकली रैपर और अन्य सामग्री बरामद हुई। कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किए गए।

आगे की जांच के दौरान टीम ने निलोठी एक्सटेंशन/निहाल विहार, में तलाशी ली जहां जगह का इस्तेमाल अवैध रूप से नकली टाटा नमक के स्टोरेज, रीपैकिंग और बनाने के लिए किया जा रहा था। तलाशी के दौरान, लगभग 2,000 किलो नकली टाटा नमक बरामद किया गया, जो ष्टाटा सॉल्ट ख्र वैक्यूम इवैपोरेटेड आयोडाइज्ड सॉल्ट के जाली लेबल वाली बोरियों में पैक था। उस जगह पर नमक की रीपैकिंग मशीनरी भी मिली, जिसमें एक वजन मशीन, पाउच सीलिंग मशीन और सिलाई मशीन शामिल थी, साथ ही बड़ी मात्रा में खाली टाटा नमक के पाउच और प्लास्टिक की बोरियां भी मिलीं है।पुलिस ने बताया कि आरोपी लोग नकली ब्रांडेड घरेलू और खाने-पीने के सामान बनाने और बेचने का एक वेल-ऑर्गेनाइज्ड रैकेट चलाते थे। वे अमूल, पतंजलि, मधुसूदन, टाटा सॉल्ट, इनो, ऑल आउट और वीट जैसे जाने-माने ब्रांड के खाली टिन, नकली रैपर और पैकेजिंग मटीरियल खरीदते थे। नकली घी एक गैर-कानूनी फैक्ट्री में मिलावटी कच्चे माल का इस्तेमाल करके बनाया जाता था और नकली लेबल लगाकर रीपैक किया जाता था। नकली सामान गोदामों में स्टोर किया जाता था और शक से बचने के लिए टेम्पो और डिलीवरी एजेंटों के जरिए ट्रांसपोर्ट किया जाता था।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर 148 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण बुधवार को कम से कम 148 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि 150 से अधिक उड़ानों में देरी हुई।

राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर दो उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, जिसका संचालन दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) द्वारा किया जाता है। एक अधिकारी ने बताया कि हवाई अड्डे पर 78 विमानों के आगमन और 70 विमानों के प्रस्थान रद्द कर दिए गए। डायल ने सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हवाई अड्डे पर दृश्यता में सुधार हो रहा है, हालांकि कुछ उड़ानें अब भी प्रभावित हो सकती हैं।

डायल ने कहा कि हवाई अड्डे पर तैनात अधिकारी यात्रियों की सहायता कर रहे हैं और सभी टर्मिनल पर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भी 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे की स्थिति के कारण चुनिंदा हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। मंत्रालय ने कहा, "एयरलाइंस को यात्री सेवा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) से प्रतिदिन लगभग 1,300 उड़ानों का आवागमन होता है।

# बढ़ती बिजली जरूरतों को लेकर सरकार बना रही रोडमैप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि राजधानी को विकसित, आत्मनिर्भर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए बिजली का सुदृढ़, विश्वसनीय और भविष्य के अनुरूप प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार बढ़ती बिजली मांग को ध्यान में रखते हुए पारेषण और वितरण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है।बिजली व्यवस्था को लेकर हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में बिजली क्षेत्र के मौजूदा कार्यों और वर्ष 2029 तक की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बिजली मंत्री श्री आशीष सूद, बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) तथा राजधानी की सभी डिस्कॉम के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि दिल्ली में अगले तीन वर्षों के दौरान लगभग 17,000 करोड़ रुपये की पूंजीगत व्यय योजना को लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत डीटीएल और डिस्कॉम पारेषण लाइनों, ग्रिड सब-स्टेशनों और वितरण नेटवर्क को सशक्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन निवेशों का उद्देश्य केवल नई क्षमता जोड़ना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि राजधानी के प्रत्येक क्षेत्र में निर्बाध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध हो।बैठक में जानकारी दी गई कि दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2025 में राजधानी की पीक बिजली मांग लगभग 8,400 मेगावाट तक पहुंच चुकी है।



शहरी विकास मंत्री आशीष सूद जनकपुरी विधानसभा में एमसीडी, डीजेबी, पीडब्ल्यूडी व हार्टिकल्चर विभाग द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

# पुरानी सीवर लाइनों को बदलने की योजना पर होगा कार्य : सूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी विधानसभा के सी 2 सी ब्लॉक, पॉकेट -12 में एमसीडी, डीजेबी, पीडब्ल्यूडी और हार्टि कल्चर विभाग द्वारा किये जा विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर क्ब(एमसीडी) डीजेबी , पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी उपस्थित थे। स्थानीय निवासियों ने मंत्री को बताया कि इस ब्लॉक की सीवर की लाइन कई दिनों से खराब पड़ी है जिस कारण पानी आगे नहीं जा रहा है और गंदा पानी गलियों में भर जाता है। इसके अतिरिक्त इस ब्लॉक के पार्क के अंदर लगे हुए पेड़ जर्जर हो चुके है जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते है। इन पेड़ों को काटा जाना अनिवार्य है। इसके साथ ही स्थानीय निवासियों ने यह भी बताया की एमसीडी के कर्मचारी यहां नियमित रूप से साफ सफाई नहीं करने आते हैं इस कारण कई जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है ।

साथ ही इस ब्लॉक के पार्क में लाइट और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था भी नही है। मंत्री ने स्थानीय निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए एमसीडी दिल्ली जल बोर्ड, और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए वह यहाँ की समस्याओं के समुचित समाधान के लिए सभी कामों का एस्टीमेट बनाएं और उस पर शीघ्र कार्यवाही करें। उन्होंने सभी विभागों को कहा कि वह आपस में मिलकर समन्वय के साथ काम करें ताकि सभी काम समय पर योजनाबद्ध तरीके से पूरे किए जा सकें।

# प्रॉपर्टी विवाद के चलते की थी हत्या, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की चाकू घोपकर हत्या कर दी थी, मृतक के परिवार ने मृतक के भतीजे पर शक जताया था कि पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान वसीम (33) के रूप में हुई है वह शास्त्री पार्क का घोषित अपराधी था और कई अपराधिक मामलो में शामिल रहा था,पुलिस ने बताया 30 दिसंबर की रात जगप्रवेश चंद अस्पताल से शास्त्री पार्क थाना पुलिस को एक व्यक्ति के चाकू से घायल होने की सूचना मिली, जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस टीम के अस्पताल पहुंचने पर मृतक की पहचान वसीम (33) पुत्र हसमत, निवासी बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क,के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि मृतक को डीडीए पार्क के पीछे लूप के पास चाकू मारा गया था। पुलिस स्टेशन शास्त्री पार्क में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर मनजीत तोमर थाना अध्यक्ष शास्त्री पार्क के नेतृत्व में एक विशेष टीम और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। अपराध में शामिल आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सुराग जुटाने के लिए टीमें तैनात की गई घटनास्थल के आसपास मुखबिरों द्वारा गुप्त सूचना व अन्य एंगल से भी जानकारी एकत्र कर दो भाईयो को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई पकड़े गए दोनों आरो. पियों की पहचान शाकीर उम्र 26 वर्ष और इस्लाम 22 वर्ष के पुत्र असगर अली निवासी बुलंद मस्जिद शास्त्री पार्क दिल्ली के रूप में हुई लगातार पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना अपराध कबूल किया और बताया कि मृतक के साथ उनका दादा की प्रॉपर्टी दुकान को लेकर पहले से विवाद था उनकी निशानदेही पर अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया गया, वसीम अपराधिक प्रवृति व्यक्ति का था और उसके संबंध छेनू गैंग से बताए जा रहे है, वसीम पर एक बार गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भी जानलेवा हमला किया गया था जिसमे इसकी जगह दूसरे व्यक्ति की हत्या हो गयी थी।

# सौर ऊर्जा के लाभों को लेकर जागरूकता अभियान चलाएगी दिल्ली सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार सौर ऊर्जा के लाभों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी शुरू करेगी।

मुख्यमंत्री ने डीटीएल व वितरण कंपनियों को अंतिम छोर तक बिजली आपूर्ति को और बेहतर बनाने, फॉल्ट की स्थिति में तेजी से बहाली और उपभोक्ताओं को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि कृषि भूमि पर सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल दिल्ली के ऊर्जा प्रबंधन को गति देगी और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने में सहायक होगी। बैठक में अनुपयोगी और कम उपयोग में आ रही भूमि के बेहतर उपयोग पर भी विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने डिस्कॉम को निर्देश दिए कि वे फ्लाईओवरों के नीचे और अन्य उपयुक्त स्थानों पर वितरण संरचना स्थापित करने की संभावनाओं का गंभीरता से अध्ययन करें, ताकि भूमि की कमी के बावजूद बिजली तंत्र को और अधिक कुशल बनाया जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में वितरण अवसंरचना की कमी को देखते हुए सभी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास कार्य मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिए।

# प्रथम वंदे मातृशक्ति पूजन महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डॉ. आंबेडकर इंटरनॅशनल सेंटर, जनपथ, नई दिल्ली में श्री गणेश सेवा मंडल दिल्ली लक्ष्मीनगर एवं रूपामाता फाउंडेशन धाराशिव के द्वारा वंदे मातृशक्ति महोत्सव का आयोजन किया गया स वंदे मातृशक्ति माता पूजन दिवस 2025 देश में मातृभूमि प्रेम, मात संस्कार और मातृत्व की गौरवशाली परंपरा का उत्सव मनाने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम रहा। इस दिन मातृत्व के तेजस्वी मूल्यों का गौरव बढाने के लिय देशभर की महान माताओं को एक ही मंच पर आमंत्रित करने का प्रयत्न इस कार्यक्रम के माध्यम से किया गया । इस कार्यक्रम का संयोजक श्री गणेश सेवा मंडल दिल्ली के संस्थापक अध्यक्ष महेन्द्र लड्डा, रूपामाता फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अड व्यंकट



विश्वनाथ गुंड पाटिल एवं शास्त्रज्ञ एवं स्किल बुक जनक डॉ. किरण झरकर थे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, सांसद बांसुरी स्वराज, सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायमूर्ति ज्ञानसुधा मिश्रा, अहिंसा विश्वभारती के संस्थापक लोकेश मुनी, कालीपुत्र कालीचरण महाराज, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, नई दिल्ली के स्पेशल कमिश्नर ऑफ पुलिस (आईपीएस) अजय चौधरी, ह.भ.प. प्रकाश महाराज बोधले, ह.भ.प. पुरुषोत्तम महाराज पाटील, ह.भ.प. सोपान महाराज सानप शास्त्री, जनता बैंक के चेयरमैन वसंतराव नागडे, सफल उद्यमी वी. पी. पाटील, ह.भ.प. पांडुरंग लोमटे, जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधाकर गुंड गुरुजी, व्यंकट मरगणे तथा रूपामाता परिवार के अजित गुंड पाटील प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सूत्रसंचालन डॉ. किरण झरकर ने किया ।

## सैकड़ों खोए हुए मोबाइल फोन वापस लौटाए गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली 2026 का स्वागत करने की तैयारी कर रही है। इसी बीच नई दिल्ली जिला पुलिस ने नागरिकों को साल के आखिर में एक खास ष्तोहफाषदिया। महीनों तक चले एक खास ऑपरेशन के जरिए, नई दिल्ली जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ और स्थानीय पुलिस की टीमों ने 515 गुम या खोए हुए मोबाइल ढूंढ कर बरामद किए है।

नई दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि जिले के स्पेशल स्टाफ और स्थानीय पुलिस की टीमों ने एडवांस्ड टेक्निकल सर्विलांस और सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर ) पोर्टल का इस्तेमाल करके, न केवल राजधानी बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी डिवाइस को ट्रैक किया । इसके तहत अप्रैल 2025 से अप तक 515 डिवाइस को बरामद किया है।

# नौकरानी 3.80 लाख रुपये और गहनों के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के द्वारका में एंटी-बर्गलरी सेल ने एक महिला नौकरानी को गिरफ्तार किया है, पुलिस को उसके घर से चोरी के रुपए और गहने भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 13 दिसंबर को शिकायतकर्ता प्रीति ने अपने घर से गहनों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ शहर से बाहर गई थी और 7 से 13 दिसंबर के बीच उनके घर से सोने और चांदी के गहने चोरी हो गए थे। पुलिस ने जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी महिला की पहचान की। फुटेज में एक नकाबपोश महिला को शिकायत कर्ता के घर में घुसते हुए और 15 मिनट में बाहर निकलते हुए देखा गया। महिला की पहचान घर की नौकरानी किरण के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस ने किरण की गति. विधियों पर नजर रखना शुरू किया और उसकी पहचान करने में सफल रही।

पुलिस ने आरोपी को जानकीपुरी में उसके किराए के फ्लैट से गिरफ्तार किया, जहां वह अपनी चोरी की रकम का इस्तेमाल करके फ्लैट खरीदने की योजना बना रही थी। आरोपी के पास से पुलिस ने सोने का लॉकेट, सोने की चेन, सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने के झुमके, चांदी की पायल और दो जोड़ी चांदी की बिछिया बरामद की।

# साइंस लैब छात्राओं के लिए समर्पित

## सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज में राजा गजंफर अली खान मेमोरियल साइंस लैब का उद्घाटन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज में राजा गजंफर अली खान मेमोरियल साइंस लैब का भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मरियम साईम राजा को कॉलेज का आजीवन सदस्य भी बनाया गया। लैब का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि मरियम साईम राजा, पूर्व चेयरमैन अब्दुल जब्बार मकरानी एवं मौहम्मद साईम राजा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

मालूम हो कि यह साइंस लैब मरहूम राजा गजंफर अली खान की 11 वीं बरसी पर उन्हीं की याद में स्थापित की गई है। इस अवसर पर राजा गजंफर अली खान के दामाद व मुस्लिम फंड कमेटी के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने कहा कि राजा गजंफर अली खान हमेशा लड़कियों की तालीम को लेकर गंभीर और फिक्रमंद रहते थे। उनका सपना था कि किरतपुर की कोई भी लड़की शिक्षा से महरूम न रहे और आधुनिक विज्ञान की पढ़ाई के लिए उन्हें बेहतर संसाधन उपलब्ध हों। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए मुस्लिम फंड कमेटी ने राजा गजंफर अली खान की 11 वीं बरसी पर उन्हीं के नाम पर यह साइंस लैब छात्राओं के लिए समर्पित की। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि आने वाले समय में जल्द ही मुस्लिम फंड कमेटी कॉलेज को एक कंप्यूटर लैब भी देने का काम करेगी। जिससे आज के ए.आई. के दौर में छात्राएं फायदा उठाए और अपने मुस्तकबिल को संवारे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मरियम साईम राजा ने कहा कि मेरे वालिद राजा गजंफर अली खान के सपने नगर की हर बच्ची हो तालीम याफ्ता को आगे बढ़ाने में मेरे साथ मेरे पति मौहम्मद साईम राजा का बहुत बड़ा सहयोग है। इनके बिना मेरे लिए कुछ भी करना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि यह साइंस लैब कॉलेज की शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और छात्राओं को विज्ञान विषय को व्यवहारिक रूप से समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने कॉलेज की निरंतर प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में लगातार तरक्की कर रहा है और हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम भी कॉलेज में बराबर का सहयोग दें। हमारी साइंस साइड की छात्राओं को कहीं जाने की जरूरत नहीं वो सर सय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज में आए और प्रैक्टिकल के साथ मजबूत शिक्षा लें।

इस मौके पर इरशाद अहमद अंसारी, साजिद अली खान एवं पूर्व चेयरमैन अब्दुल जब्बार मकरानी, यामीन अहमद अंसारी, मुंशी हसीनुद्दीन, शहाबुद्दीन, शोएब अहमद, वरिष्ठ पत्रकार याकूब मलिक ने भी मुस्लिम फंड कमेटी और सर सय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज की मैनेजमेंट कमेटी की सराहना की और मुबारक. बाद पेश करते हुए कहा कि कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं, योग्य शिक्षकों और प्रबंधन की सकारात्मक सोच के चलते यह संस्थान क्षेत्र की छात्राओं के लिए शिक्षा का मजबूत केंद्र बनता जा रहा है। भविष्य में भी कॉलेज में छात्राओं की शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए इस तरह के प्रयास जारी रहने चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में राजा गजंफर अली खान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शैक्षिक योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अब्दुल जब्बार मकरानी ने की व सफल संचालन एडवोकेट हसन अली चौधरी ने किया। अंत में मास्टर मौहम्मद शाहिद ने आने वाले सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

## कैबिनेट मंत्री के सामने रखी समस्याएं

**नजीबाबाद।** कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से जनपद बिजनौर के कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर उनके सामने जनपद की समस्याएं रखी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश सरकार में पंचायती राज अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज बोर्ड के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर में बिजनौर जनपद के प्रभारी रणवीर सिंह निराला के नेतृत्व में बिजनौर जनपद के एक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में उनके सरकारी आवास पर मुलाकात कर जनपद की तमाम जनहित की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। साथ ही पार्टी के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण चर्चा कर आगामी 2026 फरवरी में जनपद बिजनौर में होने वाली जनसभा से संबंध में भी वार्ता की। इस मौके पर सुभासपा नेता रणवीर सिंह निराला, जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़, प्रदेश सचिव विवेक नायक, अरूण चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी सहित पार्टी के काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शुऐब अंसारी बने व्यापार के साथ समाज सेवा की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम अलादीनपुर निवासी शुऐब अंसारी एक सफल व्यापारी होने के साथ-साथ सक्रिय युवा समाजसेवी के रूप में भी अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। व्यापार में इमानदारी, पारदर्शिता और मेहनत को आधार मानने वाले शुऐब अंसारी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं।



शुऐब अंसारी ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। चाहे बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा या स्वास्थ्य से जुड़ी दिक्कतें हों, वे संबंधित अधिकारियों तक ग्रामीणों की आवाज पहुंचाने का काम करते हैं। कई बार व्यक्तिगत स्तर पर भी जरूरतमंदों की मदद कर वे सामाजिक सरोकारों को मजबूती देते हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में शुऐब अंसारी का मानना है कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। वे समय-समय पर युवाओं को नशे से दूर रहने, शिक्षा से जुड़ने और मेहनत के दम पर आगे बढ़ने का संदेश देते रहते हैं। उनके प्रयासों से गांव में आपसी भाईचारा सौहार्द और सामाजिक एकता को भी बढ़ावा मिला है। व्यापारिक गतिविधियों के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने वाले शुऐब अंसारी गरीब, असहाय और जरूरतमंद परिवारों की मदद में भी आगे रहते हैं। त्यौहारों पर सहयोग, आपात स्थिति में सहायता और सामाजिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता उनकी कार्यशैली का हिस्सा है। यही कारण है कि ग्राम अलादीनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि शुऐब अंसारी जैसे युवा समाजसेवी आज के दौर में समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश हैं। उनका जीवन यह साबित करता है कि व्यापार और समाज सेवा एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

# बिजनौर में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले में आज भी कड़ाके की ठंड का असर बना रहा। न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते दो सप्ताह से शीतलहर के कारण लगातार तापमान गिर रहा है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया है। हालांकि शहर में कोहरे की तीव्रता कुछ कम हुई है, लेकिन ठंड का प्रकोप कम नहीं हुआ।

घने कोहरे के चलते हाईवे और ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्यता काफी कम रही। इसका असर वाहनों और ट्रेनों की आवाजाही पर भी पड़ा। सड़कों पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए। दिन में भी चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े। ठंड बढ़ने से लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। अधिकांश बाजारों और प्रमुख चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा। रविवार सुबह से सोमवार सुबह तक घना कोहरा छाया रहा, जिससे लोग मजबूरन घरों में ही रहे।

मंगलवार और बुधवार सुबह शहर में कोहरे की तीव्रता कम रही, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड का असर ज्यादा महसूस किया गया। सुबह खेतों में जाने वाले किसानों ने बताया कि घने कोहरे और ओस के कारण फसलों पर नमी जम गई है, जिससे खेती के काम प्रभावित हो रहे हैं। नगीना कृषि अनुसंधान केंद्र के अनुसार पिछले चार दिनों में तापमान और आर्द्रता में लगातार उतार-चढ़ाव देखा गया। नगीना स्थित मौसम विज्ञान विभाग के प्रेक्षक सतीश कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में भी ठंड और घने कोहरे का असर बना रह सकता है। उन्होंने लोगों को सुबह और रात के समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

## अपना दल एस धर्म की नहीं न्याय की राजनीति करती है : शैलेंद्र

**नजीबाबाद।** कल्हेड़ी में अपना दल (एस) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें न्याय की राजनीति व सामाजिक समरसता पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी एड. उपस्थित रहे। बैठक के संयोजक मौहम्मद आसिफ रईस, दिलशाद, बाबर, आरिफ, आकिल, नौशाद एवं इसरार रहे, जिन्होंने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। शैलेन्द्र चौधरी एड. ने कहा कि अपना दल (एस) हिंदू-मुस्लिम धर्म की राजनीति नहीं करता, बल्कि न्याय की राजनीति करता है। बैठक में रमेश चौधरी, सद्दाम मलिक, राजीव राठी, अंश चौधरी, अनुराधा, उपासना कमरजीत कौर, शगुफ्ता, टीकम सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# गन्ना क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पेराई सत्र 2025-26 के सफल संचालन और गन्ना किसानों के हितों की रक्षा हेतु ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने चीनी मिल बिलाई के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्रय केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान विभागीय कार्यों का सत्यापन करते हुए किसानों को आधुनिक खेती के लिए जागरूक किया गया।

सीकरी और गंधौर क्रय केंद्रों पर कांटों (वेब्रिज) की गहन जांच की गई, जो पूरी तरह मानक के अनुरूप पाए गए। मौके पर उपस्थित किसानों ने समय पर इंडेंट (सट्टा पर्ची) मिलने और पारदर्शी तौल व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण में गन्ने के साथ आलू और सरसों की अंत:



आधुनिक खेती के लिए किया जागरूक

फसली खेती के सफल मॉडल देखे गए। हालांकि गंधौर और सीकरी जैसे नदी तटीय क्षेत्रों में किसानों द्वारा गन्ने के स्थान पर केवल सरसों की खेती अपनाने का रुझान भी सामने आया। किसानों ने इसका मुख्य कारण गन्ना भुगतान में देरी और सरसों की कम लागत व कम समय की फसल होना बताया। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने चीनी मिल प्रबंधन को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने हेतु कड़े निर्देश दिए ताकि गन्ना क्षेत्रफल को सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही तकनीकी मार्गदर्शन हेतु फसल सुरक्षा हेतु किसानों को लाल सड़न रोग के बचाव के लिए ट्राइकोडर्मा के प्रयोग की विधि समझाई गई। साथ ही आय दोगुनी करने हेतु ट्रेंच प्लांटिंग और ड्रिप सिंचाई जैसी आधुनिक तकनीकें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह जानकारी सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक चांदपुर बिजनौर ने दी।

# चकरोड पर अवैध कब्जा हटाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव बुरहान. नगर उर्फ बनावली में खेत तक जाने वाले चकरोड को अवैध रूप से बंद किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर चकरोड को कब्जामुक्त कराकर दोबारा सुचारु करा दिया।

गांव निवासी संजीव कुमार पुत्र पीतांबर सिंह ने उप जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के पास हाइवे किनारे स्थित उनके खेत तक पहुंचने वाली चकरोड को कुछ लोगों द्वारा जबरन बंद कर दिया गया था। आरोप है कि बीती 10 दिसंबर की रात आरोपितों ने जेसीबी मशीन से खुदाई कर चकरोड को गड्ढा खोदकर अवरुद्ध कर दिया, जिससे खेत तक पहुंचना मुश्किल हो गया।

पीड़ित का कहना है कि जब

## राजस्व विभाग की टीम ने कराया रास्ता बहाल

उसने इस संबंध में आरोपितों से बातचीत की तो उन्होंने अभद्रता करते हुए मारपीट की धमकी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा के निर्देश पर राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

टीम ने चकरोड को कब्जामुक्त कर रास्ते को बहाल कराया। हलका लेखपाल ने बताया कि चकरोड को नियमानुसार खुलवा दिया गया है ताकि भविष्य में किसी प्रकार की बाधा न रहे। कार्रवाई के दौरान ग्राम प्रधान जुगनू देवी सहित कई ग्रामीण भी मौजूद रहे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि चकरोड को पहले भी कई बार बंद किया जा चुका है और प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है।

# इंजीनियर के घर में चोरी का चार दिन बाद भी खुलासा नहीं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र की इंद्रलोक कॉलोनी में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के बंद मकान से लाखों रुपये की चोरी का चार दिन बाद भी खुलासा नहीं हो सका है। रविवार को हुई इस वारदात में अज्ञात चोर नकदी, सोने-चांदी के जेवरात और बच्चों की चॉकलेट भी चुरा ले गए। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

यह घटना इंद्रलोक कॉलोनी के गेट नंबर चार में रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर कामेंद्र सिंह पुत्र कैलाश सिंह के घर हुई। कामेंद्र सिंह मूल रूप से नहटौर के सलारपुर ग्राम के निवासी हैं और हाल ही में सिंगापुर से लौटे थे। रविवार को दूध देने पहुंचे दूधिये ने मकान के मुख्य दरवाजे के ताले टूटे देखे, जिसके बाद उसने तत्काल कामेंद्र सिंह को फोन पर सूचना दी।

चोरों ने घर से लगभग दस हजार रुपये की नकदी और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए।

## पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही

इसके अतिरिक्त, वे बच्चों के लिए घर में रखी चॉकलेट भी ले गए। सूचना मिलते ही शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस टीम आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है।

घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस सर्विलांस और अन्य माध्यमों से भी जांच कर रही है।

चोरी का खुलासा न होने से कॉलोनी के अन्य निवासियों में भी दहशत का माहौल है। मकान मालिक और स्थानीय लोगों ने जल्द घटना के खुलासे की मांग की है। इस संबंध में शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## एक नजर

### बाइक स्टार्ट न होने पर छोड़ भागा चोर

**नगीना।** एक चोर ने घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी करने का प्रयास किया। चोर बाइक का हैंडल लॉक तोड़ने के बाद उसे गली से बाहर ले गया। लेकिन स्टार्ट न होने पर वहीं छोड़कर फरार हो गया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बीती रात एक चोर गली में दाखिल हुआ। उसने बड़े आराम से खड़ी बाइक का हैंडल लॉक पैरों से तोड़ा। लॉक तोड़ने के बाद चोर बाइक को गली से बाहर ले गया और उसे स्टार्ट करने का प्रयास करने लगा। लेकिन बाइक स्टार्ट नहीं हो सकी। इसके बाद चोर बाइक को गली के बाहर ही छोड़कर मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि चोर किस तरह बाइक का हैंडल लॉक तोड़ता है और उसे लेकर जाता है। बाइक स्टार्ट न होने पर उसे छोड़कर भागते हुए भी चोर कैमरे में कैद हुआ है।

### बांटपुरा में एकजुटता की मिसाल



**चांदपुर।** ग्राम बांटपुरा में आपसी सहयोग और सामाजिक एकता की एक प्रेरणादायक तस्वीर उस समय सामने आई, जब ग्रामीण किसानों ने सामूहिक रूप से सुमित कुमार को सम्मान स्वरूप लगभग 500 कुंतल गन्ना देने की घोषणा की। ग्रामीणों ने बताया कि बीते समय में जब किसान गन्ना क्रय केंद्र को लेकर कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। उस दौरान सुमित कुमार किसानों के साथ लगातार खड़े रहे। गन्ना क्रय केंद्र बदलवाने की मांग को लेकर चले आंदोलन में सुमित ने किसानों का साथ दिया और भूख हड़ताल में भी भाग लिया। सामूहिक संघर्ष के परिणामस्वरूप बिलाई शुगर मिल से जुड़ी समस्याओं से राहत मिली और गन्ना क्रय केंद्र में बदलाव संभव हो सका। इन्हीं प्रयासों और सहयोग की भावना को देखते हुए गांव के किसानों ने सुमित कुमार के प्रति आभार व्यक्त करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से यह तय किया कि गांव का हर किसान 5 कुंतल गन्ना देगा, जिससे कुल मात्रा लगभग 500 कुंतल तक पहुंचती है। हालांकि, इस घोषणा के बाद भावुक मोड़ तब आया जब सुमित कुमार ने ग्रामीणों के इस प्रस्ताव को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करने से इंकार कर दिया।

### आजाद समाज पार्टी की बैठक



**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) जनपद में लगातार मजबूत होती जा रही है। इसका कारण युवाओं का सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के विचारों और पार्टी की नीतियों को जानना माना जा रहा है। मौहल्ला कटकुई स्थित अपने निवास पर देर सायं कार्यकर्ताओ से अपनी बात साझा करते हुए मौहम्मद ताहिर ने कहा कि आने वाले जिला पंचायत चुनावों में हमारी पार्टी योग्य और सक्षम उम्मदवारों को उतारेगी, जिन्हें जिताने का कार्य हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से जिला पंचायत चुनावों की तैयारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की निष्पक्ष सोच और स्वभाव से हर कोई प्रभावित हुए बगैर नहीं रहा है। बैठक में मौहम्मद चांद, मौहम्मद नासिर मलिक, भूरे भाई, नासिमुद्दीन मनिहार, सरवर उर्फ जोंटी, पप्पू भाई, याहिया मुराद आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता मौहम्मद चांद ने की जबकि संचालन नासिर मलिक ने किया।

# गुरु गोविंद सिंह प्रकाशोत्सव पर प्रभातफेरी निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर में श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर आज श्री गुरु सिंह सभा की ओर से सिख समाज ने गुरुवाणी गायन के साथ प्रभात फेरी निकाली। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा नजीबाबाद के प्रधान नरेन्द्र सिंह वाघवा, मुख्य ग्रंथी मनजेंद्र सिंह

## कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत

के निर्देशन में प्रभात फेरी निकाली। नगर के मौहल्ला मकबरा में विभिन्न मार्गों से होते हुए प्रभात फेरी गुरदीप सिंह चंदोक के घर पहुंची। प्रभातफेरी का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सरदार मनविंदर सिंह, मनमोहन सिंह, मनजीत सिंह, मंगल सिंह ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रंथी मजेंद्र सिंह ने अरदास कराई। जल-पान ग्रहण करने के बाद प्रभात फेरी शबद-कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर सरदार चरणजीत सिंह, गुरमीत सिंह, बलवीर सिंह, सर्वजीत सिंह, गगनजीत कौर, इंद्रजीत कौर सुखलीन कौर आदि उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने को हुआ फेरबदल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कई थाना अध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इस बदलाव के तहत तीन प्रमुख थानों के प्रभारियों को बदला गया है।

साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार को अब मंडावली थाने का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, किरतपुर की थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा देवी को उनके पद से हटाकर साइबर क्राइम का प्रभारी बनाया गया है। मंडावली थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह को किरतपुर थाने की कमान सौंपी गई है। यह फेरबदल जिले की पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है।

किरतपुर की प्रभारी निरीक्षक



## एसपी ने किए थाना प्रभारियों के तबादले

पुष्पा देवी के खिलाफ पिछले काफी समय से स्थानीय नेताओं और अन्य लोगों द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

इन शिकायतों को भी इस तबा. दले का एक प्रमुख कारण बताया जा रहा है।

# पोषण व्यवस्था में लापरवाही पर जवाबदेही तय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने निर्देश दिए कि कुपोषण मुक्त जनपद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

डीएम ने निर्देश दिए कि चिन्हित कुपोषित बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण गर्म पका भोजन, टेक होम राशन एवं पोषण शिक्षा पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर निर्धारित मानकों के अनुसार बेबी फ्रेंडली फर्नीचर की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं





डीएम ने ली जिला पोषण समिति की बैठक

अनुकूल वातावरण मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन केंद्रों पर फर्नीचर उपलब्ध नहीं है या क्षतिग्रस्त है, वहां प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्रामों में ग्राम चौपालों का आयोजन करें और चौपाल के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को एबीसी जूस (सेब, चुकंदर एवं गाजर) के नियमित सेवन के लाभों की जानकारी देना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का पूर्ण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से वजन कराना सुनिश्चित करें, यदि इस महत्वपूर्ण कार्य में गड़बड़ी होना प्रकाश में आता है तो संबंधित सीडीपीओ और आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सेम तथा अन्य कुपोषित बच्चों को शत प्रतिशत रूप से दवाईयों का वितरण तथा पोर्टल पर सेम बच्चों की फीडिंग का अपडेशन भी सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, पोषाहार वितरण की स्थिति, ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग, सैम बच्चों का एनआरसी, वजन मशीन, सहित सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित मानकों के अनुसार दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकार रणविजय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी शीतल वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी, डीसी-मनरेगा सहित समस्त आईसीडीएस विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# पुलिस ने तीन वाहन चोरों को दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की कुल 9 मोटरसाइकिलें और एक कटी हुई मोटरसाइकिल के पार्ट्स बरामद किए हैं। यह कार्रवाई 31 दिसंबर 2025 को एफएनजी सर्विस रोड स्थित ग्रीन बेल्ट, सेक्टर-123 नोएडा क्षेत्र से की गई।

पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय रूप से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी पहले नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में रेकी करते थे। मौका मिलने पर मोटरसाइकिल चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद या तो पूरी मोटरसाइकिल ग्राहक की मांग के अनुसार बेच दी जाती थी या फिर उसे काटकर उसके पार्ट्स अलग-अलग कर दिए जाते थे।



जानकारी के अनुसार, यह चोरी की गई मोटरसाइकिलें और उनके पार्ट्स मुख्य रूप से जिला बदायूं में ले जाकर बेचे जाते थे। चोरी से मिलने वाली रकम को आरोपी आपस में बराबर-बराबर बांटकर खर्च कर लेते थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान फूल सिंह उर्फ मोनू (उम्र करीब 22 वर्ष) निवासी ग्राम सिहोरा, थाना जुनावई, जिला सम्भल को रूप में हुई है, जबकि वर्तमान में वह ग्राम बबराला, थाना बबराला, जिला सम्भल में रह रहा था। दूसरा आरोपी राजेन्द्र उर्फ छोटे (उम्र करीब 20 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर-03, नई कॉलोनी दहगवां, थाना जरीफनगर, जिला बदायूं है, और तीसरा आरोपी राजपाल उर्फ भोला (उम्र करीब 20 वर्ष) निवासी अम्बेडकर कॉलोनी, नई बस्ती दहगवां, थाना जरीफनगर, जिला बदायूं है।

**वाहन चोरी के कई मुकदमे दर्ज:** पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ पहले से भी वाहन चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। थाना सेक्टर-113 और थाना फेस-3 नोएडा में इनके विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में मामले पंजीकृत हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह गिरोह पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से और उनकी निशानदेही पर कुल 10 वाहनों/पार्ट्स की बरामदगी की है, जिनमें एक कटी हुई मोटरसाइकिल के पार्ट्स और 9 अलग-अलग मोटरसाइकिलें शामिल हैं। इनमें हीरो स्प्लेंडर, हीरो स्प्लेंडर प्लस, हीरो स्प्लेंडर प्रो, बजाज डिस्कवर और पल्सर जैसी मोटरसाइकिलें शामिल हैं। कुछ वाहन बिना नंबर प्लेट के थे, जबकि कुछ के इंजन या अन्य महत्वपूर्ण पार्ट्स निकाले जा चुके थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दोस्त के जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने सेक्टर-37 स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल के पास टक्कर मार दी। हादसे में घायल दोनों युवकों ने अस्पताल पहुंचने के कुछ ही समय बाद दम तोड़ दिया। इस दौरान आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। मृतक युवक के पिता की शिकायत पर सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि 22 वर्षीय बसंत खातू और 20 वर्षीय रोहन निठारी गांव में रहते थे। दोनों मंगलवार को अपने एक साथी का जन्मदिन मनाने बाइक से गए थे।

रात 12 बजे के करीब जब दोनों जन्मदिन मनाकर बाइक से लौट रहे थे, तभी आर्मी पब्लिक स्कूल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवक छिटककर दूर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने जब सड़क पर घायल युवकों को तड़पते हुए देखा तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस चौकी पर दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दोनों घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। कुछ ही समय बाद चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद हादसे के बारे में मृतकों के परिजनों को जानकारी दी गई। इस दौरान आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया था। घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों के मुताबिक बाइक में स्कार्पियो ने टक्कर मारी थी। हादसे के समय वाहन की गति काफी ज्यादा थी। हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की जा सकी है। पुलिस वाहन की पहचान करने का प्रयास करने की बात कह रही है। जिस समय हादसा हुआ, घटनास्थल पर काफी कोहरा था। बसंत मूलरूप से नेपाल के दोगा जिले का रहने वाला है। वहीं रोहन बिहार के सीतामढ़ी का मूल निवासी है। निजी अस्पताल का कर्मचारी था रोहन पुलिस के मुताबिक हादसे में जान गंवाने वाला रोहन शहर के एक निजी अस्पताल में काम करता था। बसंत होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई के साथ ही एक जगह नौकरी भी कर रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों ही युवक बहुत प्रतिभाशाली थे। युवकों ने 12 बजे तक घर वापस लौटने की बात परिजनों से कही थी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वाहन और चालक की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## लावारिस कुत्ते ने युवक को काटा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा वन में बुधवार को लावा. रिस कुत्ते ने एक युवक को पार्क में घूमते समय काट लिया । लोगों का कहना है कि कुत्ता पागल हो गया है। पहले भी कई लोगों को काट चुका है। सेक्टर में रहने वाले संजीव भाटी ने बताया कि वह बुधवार दोपहर के समय पार्क में घूमने गए थे। तभी अचानक एक लावारिस कुत्ता पीछे से आया और उन पर हमला कर दिया। बचने के लिए वह भागे भी, लेकिन तब तक कुत्ते ने पैर पर दांत गड़ा दिया। उनके चिल्लाने पर आसपास के लोग एकत्रित हुए। इस दौरान कुत्ता वहां से भाग गया। लोगों का कहना है कि यह लावारिस कुत्ता पूरे सेक्टर में घूम रहा है। यह पागल है और कई लोगों को काट चुका है। कई बार प्राधिकरण से करने पर भी कार्रवाई नहीं हो रही।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों एवं बिजली व्यवस्था की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री, लोक निर्माण विभाग एवं जनपद गौतमबुद्ध नगर के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने बुधवार को जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद के अलावा जिले के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला विद्युत समिति की भी समीक्षा की। यह समीक्षा बैठकें ग्रेटर नोएडा स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद में संचा. लित विभिन्न विकास परियोजनाओं एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के अंतर्गत राजस्व संग्रह, राजस्व वादों का निस्तारण, आईजीआरएस, कृषि, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, चिकित्सा, वन, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, जल जीवन मिशन (शहरी एवं ग्रामीण), मत्स्य,



उद्यान, पूर्ति, पर्यटन विकास, जिला उद्योग केंद्र, विद्युत, महिला कल्याण, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, एनआरएलएम, पंचायती राज, नगर विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना, कौशल विकास योजना, अतिरिक्त ऊर्जा, सहकारिता, श्रम विभाग तथा लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों में संचालित योजनाएं शामिल रहीं।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के उच्च मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को शीघ्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समाधान केवल औपचारिकता न होकर संतोषजनक एवं प्रभावी होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को जनता से सीधे संवाद स्थापित कर योजनाओं को पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मेधा रूपम ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का संबंधित अधिकारियों के माध्यम से पालन कराया जाएगा तथा विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में और अधिक गतिशीलता लाकर उनका लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाएगा।

वहीं ने जनपद में संचालित विद्युत विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से बिजली बिल राहत योजना, विद्युत तंत्र सुदृढ़ीकरण के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति, बिजनेस प्लान योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों तथा गत वर्ष की तुलना में क्षतिग्रस्त परिवर्तकों (ट्रांसफॉर्मर) की संख्या में आई कमी से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने

बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिजली बिल राहत योजना का लाभ पात्र उपभोक्ताओं तक समय से एवं बिना किसी बाधा के पहुंचे। उन्होंने कहा कि विद्युत तंत्र का सुदृढ़ीकरण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, जिससे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बिजनेस प्लान योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने, कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा तकनीकी मानकों का पूर्ण रूप से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षतिग्रस्त परिवर्तकों की संख्या में कमी को सकारात्मक उपलब्धि बताते हुए भविष्य में भी रख-रखाव व्यवस्था को और मजबूत करने को कहा।

## एक नजर

### चार लोगों के मोबाइल चोरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अलग-अलग जगह से चार लोगों के मोबाइल चोरी हो गए। पीड़ितों ने पुलिस को शिकायत दी है। ग्रेटर नोएडा के पैरामाउंट इमोशंस सोसाइटी निवासी विवेक सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी सेक्टर-18 अट्टा बाजार आई थीं। वहां पर किसी ने मोबाइल चुरा लिया। गाजियाबाद इंदिरापुरम के ओम प्रकाश पांडे का मोबाइल सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन से चोरी हुआ। साधना कुमारी और सरिता राना का नोएडा स्टेडियम से मोबाइल चोरी हो गया।

### सड़क सुरक्षा माह आज से शुरू होगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले में एक जनवरी से सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत होगी। इस मौके पर सेक्टर-33 स्थित सहायक संभागीय परिवहन विभाग से एक जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके अलावा विभाग में एक जागरुकता गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान जागरुकता कार्यक्रम के अलावा नियमों का उल्लंघन कर दौड़ने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

### कार सवार महिला ने बाइक में टक्कर मारी, एक घायल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कार चला रही एक महिला ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार घायल हो गया। सेक्टर ओमीक्रोन-1 में रहने वाले रत्नेश कुमार की पत्नी नीतू ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उनके पति बाइक से सेक्टर गामा दो जा रहे थे। कार सवार एक महिला ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में रत्नेश घायल हो गए। इस दौरान वहां मौजूद कुनाल और अमित ने महिला का पक्ष लेते हुए अभद्रता की। पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।

# सेक्टर-18 में क्योस्क संचालन के लिए दो एजेंसियां आई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की ओर से सेक्टर-18 व 38ए में बॉटनिकल गार्डन एवं जीआईपी मॉल के बीच 34 क्योस्क बनाए गए हैं। टेंडर में सेक्टर-18 में क्योस्क का संचालन करने के लिए दो एजेंसी आगे आई है। जबकि, बॉटनिकल गार्डन के सामने एक भी एजेंसी आगे नहीं आई है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि पर्याप्त संख्या में एजेंसियों के नहीं आने के कारण दोबारा टेंडर जारी किया जा सकता है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि दोनों जगह क्योस्क का संचालन करने के लिए दूसरी बार टेंडर जारी किया गया था।

मानकों के हिसाब से टेंडर में तीन-तीन एजेंसियों का आना जरुरी है। ऐसे में आला अधिकारियों से मंजूरी लेने के बाद दोबारा टेंडर जारी किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-18 में 15 और सेक्टर-38 में बॉटनिकल गार्डन के सामने 19 क्योस्क बनाए गए हैं। क्योस्क में खानपान व खरीदारी का मौका मिलेगा। अधिकांश क्योस्क खरीदारी के लिए आरक्षित किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन क्योस्क का आवंटन पहले दिए गए क्योस्क से अलग होगा। अभी तक प्राधिकरण सीधे आम लोगों से आवे. दन मांगता था लेकिन इस बार सिर्फ एजेंसियां ही आवेदन कर सकेंगी। जो एजेंसी ऊंची बोली लगाएगी, उसी को दिया जाएगा। इसके बाद एजेंसी आम लोगों को क्योस्क वितरित कर सकेगी।

# छह बिल्डरों पर शिकंजा, 202 सोसाइटियों को नोटिस के साथ 27 लाख जुर्माना, सात दिन में होगी वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की अनदेखी करना बिल्डर्स और सोसाइटी को भारी पड़ गया। ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ने छह बिल्डर्स सोसाइटी समेत ग्रेटर नोएडा की 202 सोसाइटियों को नोटिस जारी किया है। इसमें से छह बिल्डर्स सोसाइटी पर 27 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। प्राधिकरण के सूत्रों की मानें तो इन सभी सोसाइटियों से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन, शोधित जल का दोबारा उपयोग समेत कुछ अन्य बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा प्राधिकरण की टीमें खुद भी बिल्डर सोसाइटियों का निरीक्षण कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन पर रिपोर्ट तैयार कर रही हैं।

दरअसल, एनसीआर के ग्रेटर नोएडा में पिछले दो सप्ताह से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (ज्च) को लेकर ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण विशेष अभियान चला रहा है। इसी अभियान के तहत ग्रेटर नोएडा में 6 बिल्डर्स सोसाइटी समेत 202 सोसाइटियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इसके साथ ही छह बिल्डर्स सोसाइटी में गंभीर लापरवाही मिलने पर जुर्माना भी लगाया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि जिन बिल्डर सोसाइटियों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनसे एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है। उन्होंने बताया कि अगर एक सप्ताह में इन सोसाइटियों की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो प्राधिकरण की टीम खुद मौके पर जाकर निरीक्षण करेगी।

**जुर्माने की राशि सात दिन में जमा करने के निर्देश:** ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि सोसाइटियों में सीव. रेज ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण में अगर लापरवाही या अनियमितताएं मिलती हैं तो संबंधित सोसाइटियों पर जुर्माना लगाने समेत उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट क्षेत्र में सैकड़ों ऐसी सोसाइटियां पाई गई हैं, जहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संच. ालन नहीं हो रहा है।




# नए साल में नोएडा-ग्रेटर नोएडा को मिलेंगे विकास के मेगा गिफ्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहले चरण में सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनवरी में इसके उद्घाटन के संकेत दे दिए हैं। 1334 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित हो रहा यह एयरपोर्ट शुरुआत में दो रनवे के साथ चालू होगा और भविष्य में इसे छह रनवे तक विस्तारित किया जाएगा। पूरी तरह तैयार होने पर यह एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट्स में शुमार होगा। एयरपोर्ट को एनसीआर और पश्चिमी यूपी से जोड़ने के लिए बहुआयामी कनेक्टिविटी तैयार की जा रही है। यह एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेसवे, दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ एक्सप्रेसवे, जेवर, फरीदाबाद एक्सप्रेसवे, केजीपी एक्सप्रेसवे और कई राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ेगा। भविष्य में यहां तक मेट्रो, रैपिड रेल और रेलवे लाइन की भी सुविधा मिलेगी, जिससे यात्रियों को तेज और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी।

**नोएडा-ग्रेटर नोएडा में ट्रैफिक राहत की बड़ी तैयारी:** नोएडा प्राधिकरण ने ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए कई अहम प्रोजेक्ट्स पर काम तेज कर दिया है। सेक्टर-146 के रास्ते नोएडा से ग्रेटर नोएडा की नई कनेक्टिविटी अप्रैल-मई तक शुरू होने की उम्मीद है। सेक्टर-51 और 52 मेट्रो स्टेशन को जोड़ने वाला स्काईवॉक फरवरी 2026 तक तैयार होगा, जिसमें एयरपोर्ट जैसे ट्रेवलेटर लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर दो नए अंडरपास बनने से आवाजाही और आसान होगी।

**जिले की पहली पजल पार्किंग:** सेक्टर-63 में नोएडा की पहली पजल पार्किंग शुरू होने जा रही है, जहां कम जगह में ज्यादा वाहन पार्क किए जा सकेंगे। इसके बाद सेक्टर-15 और सेक्टर-126 में भी ऐसी पार्किंग विकसित की जाएगी।

**खेल और हरियाली को भी बढ़ावा:** सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक जनवरी के अंत तक शुरू हो जाएगा। वहीं, शहर में डियर पार्क विकसित किया जा रहा है, जहां लोग हिरणों को प्राकृतिक माहौल में देख सकेंगे।


**ग्रेटर नोएडा में एंटरटेनमेंट का नया हब:** यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे सेक्टर-21 में बन रही ग्रेटर नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी पर भी काम रफ्तार पकड़ चुका है। 1000 एकड़ में विकसित हो रहे इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में करीब 230 एकड़ क्षेत्र में निर्माण हो रहा है।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** आगामी नववर्ष 2026 के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा विभाग की अलग अलग टीमों द्वारा संपूर्ण जनपद में एक साथ विभिन्न रेस्टोरेंट पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए निरीक्षण एवं छापा/नमूना संग्रहण की कार्यवाही जारी रखी गई। उन्होंने बताया कि सेक्टर-43 नोएडा स्थित सबवे रेस्टोरेंट से पनीर टिक्का का 01 नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओ.पी सिंह द्वारा लिया गया। गोल्डन आई दादरी स्थित मैकडॉनल्ड रेस्टोरेंट से वेज बर्गर का 01 नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह द्वारा लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा वेनिस मॉल स्थित वाव मोमोज , वाव चाइना, वाडा स्ट्रीट, फाइव आयरन गोल्फ बार एंड रेस्टोरेंट, थाई बड़ा का निरीक्षण किया गया तथा वाव मोमोज पर साफ सफाई की उचित न पाए जाने पर सुधार नोटिस जारी किया जा रहा है। जी आई पी मॉल सेक्टर 38 नोएडा में मैकडोल्ड, केएफसी एवं ब्रेड स्टोरी का निरीक्षण किए गए तथा कमियां पाए जाने पर सुधार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त विजय बहाद. ुर पटेल एवं रविंद्र नाथ वर्मा के द्वारा सेक्टर-129 नोएडा स्थित पिज्जा हट, नाथू स्वीट का निरीक्षण किया गया एवं साफ सफाई व्यवस्था सही न पाए जाने पर सुधार नोटिस जारी किया जा रहा है।




सभी देश वासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं




KAILASH HOSPITAL & HEART INSTITUTE
H-33, Sector-27 & Sector-71 NOIDA,
Greater Noida, Alwer-Rajasthan,
Khurja-Bulandshahr, Dehradun,
Deepak Kailash Hospital- East Delhi

# पीड़ित परिवार ने किया जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

## धरना प्रदर्शन के दौरान पीड़ित परिजनों ने लगाए पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोठरा गांव में एक सप्ताह पूर्व हुई इशिका की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी पति सचिन और उसके जेठ नवीन को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

पीड़ित परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। जिलाधिकारी कार्यालय पर धरने की सूचना मिलने पर अपर जिलाधिकारी विनीत उपाध्याय मौके पर पहुंचे और परिजनों को निष्पक्ष जांच तथा फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने अपना धरना समाप्त कर दिया। गौरतलब है कि करीब एक सप्ताह पहले गोठरा गांव में इशिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

मृतका के परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष दहेज में स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर इशिका की हत्या कर दी गई। बताया गया कि इशिका मूल रूप से नोएडा की रहने वाली थी और उसकी शादी करीब दो वर्ष पहले बागपत निवासी सचिन से हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। इस प्रकरण में आरोपी पति सचिन और उसके भाई नवीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं, सास, ननद समेत अन्य नामजद आरोपी फिलहाल फरार हैं। पुलिस का कहना है कि उनकी तलाश की जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आवारा गौवंश ने घर में घुसकर मचाया कूफर, बुलानी पडी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मविकला गांव में एक आवारा गौवंश अचानक एक घर में घुस गया जिससे वहां अफपरा-तफरी मच गई। घर में घुसते ही गौवंश ने घर के अन्दर रखा सामान सारा तहस नहस दिया। इस दौरान परिजन घबराकर अपनी जान बचाने के लिए घर की छत पर चढ गए।

परिवार पर जब गौवंश को काबू नही किया गया तो अनको पुलिस बुलानी पडी। इस दौरान पूरी घटना का किसी ने वीडियो बना लिया, जिसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव और आसपास के इलाकों में आवारा गोवंश सड़कों पर खुलेआम घूमते रहते हैं, जिसमें आवारा गौवंश आए दिन ऐसी घटनाओं को अंजाम देते रहते है। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कई घंटो की मशक्कत के बाद गोवंश को घर से बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। पुलिस की तत्परता से स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि आवारा गोवंश की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब यह गंभीर रूप लेती जा रही है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि घर में हुए नुकसान से परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा गोवंश को पकड़कर गौशालाओं में भेजने की मांग की है।



# नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है, जबकि किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक किशोरी को अपने साथ ले गया था। उसने चार दिनों तक किशोरी को अपने पास रखा और इस दौरान दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पांचवें दिन पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने नाबालिग किशोरी से निकाह किया था। हालांकि, पुलिस इस दावे की गहनता से जांच कर रही है। पीड़ित परिवार ने दोषी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दोघट थाना प्रभारी सूर्य दीप ने बताया कि किशोरी को बरामद कर लिया गया है और उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आरोपी शोएब को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी और धाराओं में वृद्धि भी की जा सकती है।



# जरूरतमंदों को किया गया गर्म कपड़ों का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी नव वर्ष 2026 के उपलक्ष में गरीबों को नए कपड़ों का वितरण किया गया। भारी संख्या में गरीब लोगों ने सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े लिए गरीबों की मदद करना नेकी का काम माना जाता है। कपड़े लेने के लिए भीड़ उमड़ी दिनभर तांता लग रहा।

विमर्श जागृति मंच द्वारा पत्थर वाली मंडी के बाहर नेकी की दुकान लगाकर गरीब,जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज की प्रेरणा से 2014 में विमर्श जागृति मंच की बड़ौत शाखा का गठन किया गया था, तभी से प्रत्येक वर्ष सर्दियों में नेकी की दुकान के माध्यम से गरीबों को कपड़े, जूते, कंबल आदि बांटे जाते है। सुबह से ही लोगों की काफी भीड़ नेकी की दुकान पर रही। समाज के वरिष्ठजनों द्वारा नेकी के इस कार्य की सराहना की गई। इसमें विमर्श जागृति मंच के अध्यक्ष विवेक जैन, मनोज जैन, अमित जैन, अमन जैन, वरदान जैन, अनुज जैन, संजय जैन, अमित विक्की, ऋषभ जैन, संकल्प जैन आदि का सहयोग रहा।



## एक नजर

# जिलाधिकारी ने की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 की तिथियों में संशोधित किया गया है, जिसमें मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को होगा तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है। अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि दिनांक 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। 06 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 मार्च 2026 को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि आलेख्य प्रकाशन के उपरांत मतदाता सूची का पूर्ण मिलान करले। किसी भी प्रकार की समस्या हेतु सीधा (मुझसे) जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी या अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा से संपर्क करे। दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण हेतु प्रशासन कटिबद्ध है। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया कि उनके द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 में पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए आम-जनमानस से गणना प्रपत्र भरवाकर कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में 1573575 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया गया है, जो 80.81 प्रतिशत है। जनपद के 166649 मतदाताओं का मैपिंग नहीं हुआ है, जिसका प्रतिशत 8.56 है। उन्होंने बताया को जनपद में 55893 मृत, 113674 अनट्रेसबल, 177763 परमानेंट शिफ्टेड, 23823 ऑलरेडी एंट्रोल्ड तथा 2640 अन्य की श्रेणी में है, इसका कुल प्रतिशत 19.19 है। बैठक में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल, राजनैतिक दलों में भारतीय जनता पार्टी से आकाश चौधरी, कांग्रेस से आदित्य तिवारी, बहुजन समाज पार्टी से मुनेन्द्र सिंह निगम व प्रेमप्रकाश तथा समाजवादी पार्टी से वीरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# जनपद में 119 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड की परीक्षा देंगे छात्रछात्रएं

**मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 के सुचारू संचालन हेतु जनपद के 119 कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाने को अपनी स्वीकृति देते हुए अंतिम सूची का प्रकाशन ऑनलाइन कर दिया है। इनमे 11राजकीय, 73 अशासकीय सहायता प्राप्त, 35 वित्त विहीन कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि 140 आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चयन समित ने 124 परीक्षा केन्द्रों की सूची माध्यमिक शिक्षा परिषद को अपनी संस्तुति भेजी। जिसके आधार पर माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के द्वारा 119 कालेजों को इस बार परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार एसकेडी इंटर कालेज सुपाना कोसीकलां, श्रीमती शिमला देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नसीटी मांट, राजकीय हाईस्कूल दधैंटा बलदेव को पहली बार परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जबकि श्रीकृष्ण इंटर कालेज दलौता छाता, श्रीमती किरनदेवी गर्ल्स इंटर कालेज टैंटीगांव मांट, बहादुर सिंह इंटर कालेज जरैलिया, एसएस रतनी देवी इंटर कालेज सिहोरा महावन, श्री केरन सिंह इंटर कालेज धानातेजा वर्ष 2024-25 में परीक्षा केन्द्र नहीं थे इस बार इन पांचों कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# हाईवे पर बरारी कट के पास दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी क्षेत्र अंतर्गत बरारी कट के समीप दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने टक्कर में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रामबाबू पुत्र कमल सिंह, निवासी नगला केहखम, अनवारा, टूंडला, जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है। रामबाबू मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामबाबू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी।

# सपाइयों ने किया लोकबन्धु राजनारायण का भावपूर्ण स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में प्रसिद्ध समाजवादी नेता और स्वतंत्रता सेनानी राजनारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की और संचालन राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी राहुल यादव ने किया।




कार्यक्रम के प्रारंभ में सपा संगठन पदाधिकारी व नेताओं द्वारा समाजवादी नेता राजनारायण के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि राजनारायण एक स्वतंत्रता सेनानी और महान समाजवादी नेता थे उनकी देश में समाजवादी आंदोलन में अहम भूमिका है, एक जमीदार परिवार से संबंधित होने व पैतृक संपत्ति के रूप में बड़ी भूमि के जमींदार होने के बावजूद उन्होंने समाजवाद को अपनाया और अपनी पैत्रक जमीन व सम्पत्ति को गरीबों में बांट दिया। स्वतंत्रता आंदोलन के द्वारा दौरान 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन प्रतिभाग करने के कारण जेल काटी और देश के स्वतंत्रता आंदोलन में आहति दी। साथ ही साथ आजाद भारत में समाजवादी आंदोलन को ताकत देने में बड़ा योगदान किया। जनता पार्टी की सरकार में केन्द्रीय मंत्री होने पर उन्होंने नई स्वास्थ्य नीति देशभर में लागू की। इस अवसर पर सपा पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, शाहरुख, दीपक गुर्जर, राहुल यादव, सतीश गौड, अनुज यादव, प्रवेज मलिक, राजवीर सिंह, राशिद सिद्दीकी, इरशाद मालिक आदि मौजूद रहे।

# भारतीय कांग्रेस पार्टी रही देश की ऐतिहासिक पार्टी

**शाह टाइम्स संवददाता**

**बडौत।** नगर की घास मंडी में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 1925 वा शताब्दी समारोह मनाया गया। इस मौके पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। विचार गोष्ठी कार्यक्रम में पहुंचे किसान कांग्रेस नेता उम्मीद तोमर ने कहा कि भारतीय कांग्रेस पार्टी देश की ऐतिहासिक पार्टी रही है। आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जमीन से जुड़कर कार्य कर रहा है। कामरेड राजेंद्र जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी लोगों से जुड़कर साथ चलने का आहवान किया। कामरेड कार्यक्रम का संचालन हेमचंद जैन ने किया। रामनिवास जैन ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी किसानों के साथ भी जुड़कर चल रही है। इस मौके पर अशोक कुमार सहदेव सिंह मोहम्मद हसन गिरिराज सिंह सलीम अहमद फारूक अहमद के अलावा काफी संख्या में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# सीसीटीवी की लाइट जलते ही उल्टे पांव भागा संदिग्ध युवक


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** भागौट गांव में रात्रि एक अज्ञात युवक चोरी के इरादे से गली में घुम रहा था। ग्रामीणों ने सीसीटीवी कैमरे की लाइट जलायी तो वह भाग खड़ा हुआ जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है।



भागौट गांव में मंगलवार देर रात एक संदिग्ध युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जैसे ही कैमरे की लाइट जली, युवक उल्टे पांव दौड़ पड़ा। घटना रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। गांव के अक्षय उर्फ अक्की नंबरदार ने बताया कि एक युवक उनकी गली में संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ सीसीटीवी में दिखाई दिया। जैसे ही सीसीटीवी की लाइट जली, युवक तेजी से मौके से फरार हो गया। उन्होंने युवक का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने में सफल रहा। ग्रामीणों का कहना है कि युवक किसी चोरी की तलाश में था। घटना की सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। ग्रामीणों ने एक-दूसरे से सतर्क रहने की अपील की है। वहीं, थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक की मौत



मृतक का फाइल फोटो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास मिला है। युवक मंगलवार शाम को नौकरी के लिए घर से निकला था। पुलिस ने आशंका जताई है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है।

मृतक की पहचान बावली गांव निवासी अंकुर के रूप में हुई है। खेतों में काम कर रहे किसानों ने सबसे पहले शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि अंकुर मंगलवार शाम को नौकरी की बात कहकर घर से निकला था। बाद में उन्हें रेलवे ट्रैक के पास उसका शव मिलने की जानकारी मिली। अंकुर की शादी कुछ समय पहले ही हुई थी और उसका एक छह माह का बच्चा भी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस प्रत्येक बिंदु पर तहकीकात कर रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर के दानपात्र से हजारों की चोरी, 5 खम्बों से लाइट चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में भूरेसिंह मंदिर के दान पात्र से अज्ञात चोर हजारों की नगदी चोरी कर ले गये। वही पांच खम्बो से भी बिजली की लाइट चोरी कर ले गये ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दी है।

ढिकोली गांव में भूरेसिंह मंदिर में रात्रि अज्ञात चोरो ने धावा बोल दानपात्र में रखे 3500 रूपये नगदी चोरी कर ले गये सुबह जब मंदिर के पुजारी स्याम सुंदर दास ने बताया की सुबह जब वह अपने कमरे से पूजा करने के लिए गया तो दानपात्र का ताला टूटा हुआ मिला और उससे 3500 तक की नगदी चोरी हुई मिली। उन्होंने तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी सूचना पर ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो पता चला की गांव के पांच खम्बो से भी बिजली की लाइट चोरी हुई है। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी पुलिस छानबीन में जुटी है।



# नववर्ष को लेकर बागपत पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नववर्ष को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। देर रात्रि तक आला अधिकारी सड़कों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। वहीं थाना प्रभारी को भी सख्त निर्देश जारी किए गए है। पैदल गस्त कर पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। बाहर से आने वाले वाहनों की भी सानंद तलाशी बॉर्डर जोखयिों पर कराई जा रही है। वहीं रेलवे स्टेशन बस स्टॉप बस स्टैंड भीड़भाड़ वाले स्थान पर मुख्य बाजारों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं खुफिया विभाग भी पूरी तरह अलर्ट पर है और होटल संचालकों को भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। नव वर्ष को जिले में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी पुलिस पूरी तरह सतर्कता बरत रही है और संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। भीड़भाड़ वाले स्थान पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। मुख्य बाजारों मुख्य चौराहों पर भी सीसीटीवी और अन्य माध्यम से नजर रखी जा रही है। वहीं सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी भीलवाड़ा वाले स्थान पर मौजूद हैं और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। एसपी सूरज राय खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए हैं और समय-समय पर अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किए जा रहे है। वहीं डयूटी में लगे पुलिस कर्मियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। वहीं पुलिस अधिकारी आगामी किसी भी तरह के लापरवाही नहीं बढ़ती जा रही है और किसी भी स्थिति से निपटने को लेकर पुलिस पूरी तरह तैयार है। एसपी सूरज राय का कहना है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं अगर किसी यह असामाजिक तत्व द्वारा माहौल खराब करने का प्रयास किया गया तो उसे पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत करने पर बुरी तरह से पीटा

**बिलारी।** जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत करने के बाद ग्रामीण को बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बकैनिया चांदपुर के रहने वाले विश्राम सिंह पुत्र सत्यपाल सिंह ने कोतवाली मुकदमा दर्ज कराया की कि वह गांव का पूर्व प्रधान है। उनकी जमीन धनुपुरा तुरखेड़ा में है। जमीन पर कोई भी चकमार्ग नहीं है। जमीन के बराबर में ललित चौधरी, मनित चौधरी निवासी सनाई का खेत है। दोनों ने अवैध रूप से खेत को जोतकर अपने खेत में मिल लिया था। एसडीएम बिलारी से शिकायत की तो कब्जा हटा दिया गया। जिसकी वजह से वह रंजिश रखने लगे। सैफनी की बाजार जाने पर ललित चौधरी, मनित चौधरी के अलावा तीन लोगों ने उसे बुरी तरह से मारा पीटा। जिससे उनकी नाक की हड्डी आदि टूट गई। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। आरोपियों से जान माल का खतरा बना हुआ है। डीआईजी को दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने दोनों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# खेत पर जा रही दो सगी बहनों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत, परिवार में मचा कोहराम





**मुरादाबाद।** जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीजना चक बेग. मपुर रेलवे अंडरपास के पास बुधवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। खेत पर जा रही दो सगी बहनें अचानक ट्रेन की चपेट में आ गईं, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण यशपाल की बेटियां कशिश (18 वर्ष) और चुलबुल (15 वर्ष) खेत जाने के लिए रेलवे पटरी पार कर रही थीं। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार ट्रेन आ गई। ट्रेन को आता देख दोनों बहनों को संभलने का मौका नहीं मिला और वह ट्रेन की चपेट में आ गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बहनों की मौके पर ही मौत हो गई और उनके शव क्षत-विक्षत हो गए।हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भोजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों मृतक बहनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जा रहा है कि दोनों बहनें घर की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाने के लिए खेत जा रही थीं। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को तोड़ कर रख दिया है। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव के लोग परिवार को सांत्वना देने में जुटे हैं।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और रेलवे विभाग को भी सूचना दे दी गई है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर रेलवे ट्रैक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नेत्र चिकित्सक डा. उपाध्याय के रिटायर होने पर दी समारोह पूर्वक विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलारी में अनिल कुमार उपाध्याय वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी के रिटायर होने पर स्टाफ एवं क्षेत्रवासियों ने समारोह पूर्वक विदाई दी उनके द्वारा दी गई सेवाओं की भरपूर सराहना करते हुए उनके लंबे स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए सभी ने प्रार्थना की उन्हें उपहार दिए। विदाई समारोह में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने उनके बारे में बताया रहलई (आगरा) से शिक्षा प्राप्त कर गाँधी आई हॉस्पिटल अलीगढ़ से प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपकी प्रथम नियुक्ति 29 दिसम्बर 1990 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलारी में हुई। जुलाई 2011 से जुलाई 2019 तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आसफपुर (बदांयू) में सेवा देने के उपरान्त पुनः जुलाई



2019 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलारी पर आपने अपनी सेवाएं दीं। विभागीय नीति के अनुसार आज दिनांक 31.12.2025 को अपनी अधिवर्षता आयु 60 वर्ष पूर्ण कर लगभग 36 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हुए हैं। कौशल और मिलनसारिता धैर्य और क्षमाशीलता लगन और कर्मठता का संयोजन आपके व्यक्तित्व की विशेषता रही है। समारोह के मुख्य अतिथि साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह रहे उन्होंने भी उपाध्याय जी को अपनी शुभकामनाएं दीं। समझ में समस्त स्टाफ एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले



**कुंदरकी।** किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में चल रही बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए। सावित्री बाई फुले ने कल्पना चावला की टीम को तीन सेटों में 12-15, 15-8, 15-11 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं, स्मृति मंधाना की टीम ने कल्पना चावला टीम को 15-5, 15-11, 15-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालक वर्ग में पुणे एसेस ने चंडीगढ़ टाइगर को बड़े अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। एक अन्य मुकाबले में मुंबई रॉकेट ने गुड़गांव बैरियर्स को रोमांचक मुकाबले में हराकर फाइनल में जगह बनाई। मैच के स्कोरिंग चौधरी अमर सिंह ने की, जबकि रेफरी की भूमिका अरकान खान ने निभाई। इंतखाब आलम ने कंट्री की भूमिका निभाई। इस दौरान कॉलेज प्रशासक आरिफ एडवोकेट, अफरोज पाशा, हुस्न ए आलम, मोहम्मद उजैफ और गुलजेब पाशा मौजूद रहे। सोमवार को किसान बैडमिंटन लीग का बालक एवं बालि. का वर्ग का फाइनल मैच खेला जाएगा। सभी प्रतिभागी टीमें अपनी तैयारी में जुटी हुई हैं और फाइनल में जीत के लिए तैयार हैं।

# टीएमयू एरिदमिया के टैलेंट हंट में मेडिकल स्टुडेंट्स का जलवा ही जलवा

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एड रिसर्च सेंटर के स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट-एरिदमिया 2025 के फैशन शो की ब्वायज प्रतियोगिता में एमबीबीएस थर्ड ईयर 2023-24 के मानिक शहरावत-अश्वथामा, जबकि गर्ल्स में एमबीबीएस थर्ड ईयर की वंशिका शर्मा- एथेना विजेता रहीं। टैलेंट एंड हंट प्रतियोगिता में एमबीबीएस बैच 2025-26 के आर्यन लाखर विजेता रहे। ओजी फाइनल ईयर 2024-25 की खुशी जैन- क्वीन ऑफ हार्ट्स और ओजी फाइनल ईयर 2021-22 की कशिश जैन- हार्ले क्वीन ने शॉ टॉपर का खिताब अपने नाम किया। बेस्ट वॉक का टाइटल ओजी फाइनल ईयर 2021-22 की तिथि- मां गंगा और नेपो फाइनल ईयर 2022-23 की कृष्णगी-राधा रानी को मिला। इससे पूर्व कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, मुरादाबाद की जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर, मेडिकल साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, फैकल्टी ऑफ पैथोलॉजी की एचओडी एवम्एरिदमिया- 2025 की कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके ऑडी में कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। इस मौके पर डायरेक्टर ऑफ फाइनेंस श्री गौरव अग्रवाल, चीफ वॉर्डन श्री विपिन जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कुलाधिपति सुरेश जैन एवम् फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने पैथोलॉजी की एचओडी एवम् एरिदमिया- 2025 की कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी को अविस्मरणीय प्रोग्राम के लिए दिल की गहराइयों से बधाई देते हुए कहा, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के भावी डॉक्टर्स के टैलेंट्स की कायल है। मुख्य अतिथि डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने टीएमयू के मेडिकल स्टुडेंट्स को



**खास बातें**

- कुलाधिपति सुरेश जैन एवम् फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने दिया मंगल आशीर्वाद।
- डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने स्टुडेंट्स को दायित्व, सेवा-भाव का कराया स्मरण।
- टीएमयू एरिदमिया के फैशन शो में मानिक शहरावत और वंशिका शर्मा अव्वल।
- टैलेंट एंड हंट में एमबीबीएस बैच 2025-26 के आर्यन लाखर ने मारी बाजी।
- स्टुडेंट्स खुशी जैन और कशिश जैन ने शॉ टॉपर के खिताब पर किया कब्जा।
- एरिदमिया 2025 में बेस्ट वॉक के टाइटल से नवाजे गए तिथि और कृष्णगी।

चिकित्सा जगत के प्रति उनके दायित्व, सेवा-भाव एवम् नैतिक जिम्मेदारियों का स्मरण कराया। उन्होंने स्टुडेंट्स को समाज के प्रति समर्पित एवम् संवेदनशील चिकित्सक बनने का संदेश दिया। ब्वायज के फैशन शो में थर्ड ईयर के 2023-24 चिराग सिकरी- अर्जुन द्वितीय, जबकि फर्स्ट ईयर 2025-26 के आर्यन कुमार मिश्रा- वैंपायर तृतीय स्थान पर रहे। गर्ल्स के फैशन शो में ओजी फाइनल ईयर 2021-22 की धान्या शुक्ला- मां दुर्गा ने दूसरा और नेपो फाइनल ईयर 2022-23 की यूविका सचान- देवी गैया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टैलेंट एंड हंट प्रतियोगिता में बैच 2023-24 के आनन्द खेरा, सक्षम यादव और मनन सिंह दूसरे स्थान पर रहे। बैच 2024-25 की हिमानी गुप्ता और भूमिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## एक नजर

### नववर्ष पर निरंकारी आश्रम में होगा सत्संग का आयोजन

**कांठ (शाह टाइम्स)** संत निरंकारी आश्रम कांठ में नववर्ष पर आज दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे के बीच एक विशाल संत समागम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आने वाले भक्तों के बैठने और लंगर प्रसाद की व्यवस्था भी होगी। मीडिया प्रभारी अंकित द्वारा बताया गया कि सत्संग का उद्देश्य संपूर्ण जगत में भाईचारे की भावना को जागृत करना है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाए जाने का आह्वान किया है।

### सिक्ख समाज ने गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन



**कांठ (शाह टाइम्स)** गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी सिक्ख समाज की ओर से नगर में विशाल नगर कीर्तन धूमधाम के साथ निकाला गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा सिंह साहब से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ निर्धारित स्थान पर जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान गतका पार्टी एवम अखाड़ों द्वारा विभिन्न प्रकार के कर्तव करके दिखाए गए। विभिन्न प्रकार की झांकियां नगर कीर्तन में आकर्षण का केंद्र बनी। गुरु ग्रंथ साहिब का रथ और पंच प्यारों का विधि पूर्वक नगर कीर्तन में संचालन श्रद्धा का केंद्र बना। सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस के साथ-साथ बाहर से बुलाई गई पुलिस भी मौजूद रही।

### नए साल के जश्न को लेकर अग्निशमन विभाग पूरी तरह मुस्तैद



**मुरादाबाद।** जनपद में नए साल के जश्न के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने विभाग की तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता किया गया है। खासतौर पर भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।डॉ. पांडेय ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य नए साल के जश्न के दौरान किसी भी संभावित आगजनी की घटना को रोकना है, साथ ही किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इसके लिए फायर ब्रिगेड की टीमों को पहले से अलर्ट पर रखा गया है और सभी आवश्यक संसाधनों को तैयार स्थिति में रखा गया है।सुरक्षा तैयारियों के तहत शहर के छह प्रमुख केंद्रों सिविल लाइंस, कटघर, कोतवाली, पाकबड़ा, मझोला और मूंढापांडे पर फायर ब्रिगेड की विशेष ड्यूटियां लगाई गई हैं। इन स्थानों पर फायर टेंडर, आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा बिलारी, कांठ और ठाकुरद्वारा क्षेत्रों में भी फायर ब्रिगेड की टीमें अलर्ट मोड पर रखी गई हैं, ताकि किसी भी घटना पर तत्काल नियंत्रण पाया जा सके।उन्होंने बताया कि लगभग 50 अग्निशमन जवानों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया है, जो पिकेट और मोबाइल ड्यूटी के माध्यम से लगातार गश्त करेंगे। सीएफओ ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे जश्न के दौरान सावधानी बरतें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दें।

### लोक जनशक्ति पार्टी की बैठक हुई आयोजित व्यापारियों के समर्थन में उठाई आवाज

**मुरादाबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की एक महत्वपूर्ण बैठक पार्टी कार्यालय पीतल नगरी में संपन्न हुई। बैठक का संचालन महानगर अध्यक्ष अकरम खान ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा ने की। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव डॉ. अरविंद राठौर रहे।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव डॉ. अरविंद राठौर ने कहा कि मुरादाबाद महानगर में पुराने रोडवेज के पास रेलवे की वर्षों पुरानी दुकानें हैं, जिनमें सैकड़ों व्यापारी अपनी आजीविका चला रहे हैं। इन दुकानों के माध्यम से लगभग 3 से 4 हजार परिवारों का भरण-पोषण होता है। डॉ. राठौर ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (राम. विलास) मुरादाबाद भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करती है कि दुकानों को खाली कराने से पहले व्यापारियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। चाहे उसी स्थान पर या किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर उन्हें दुकानें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उनके परिवारों की।आजीविका प्रभावित न हो। पार्टी हर परिस्थिति में व्यापारियों के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी।बैठक में जिला अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा, महानगर अध्यक्ष अकरम खान के अलावा आदिल अब्बासी, नदीम यामीन भाई, सुनील राठौर, विशाल सिंह, शिवम रस्तोगी, आर्यन प्रताप सिंह, रमेश कुमार प्रजापति, ओम रस्तोगी, दानिश सैफी, कविता शर्मा, मोहम्मद असलम, राहत जान सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अटल स्मृति वर्ष सम्मेलन व एसआईआर कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में महानगर कार्यालय बुद्धि विहार पर अटल स्मृति वर्ष सम्मेलन एवं एसआईआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री क्षेत्रीय प्रभारी एवं एमएलसी सुभाष यदुवंश और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और वंदे मातरम गायन कर किया गया। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और संचालन महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी ने किया। मुख्य अतिथि सुभाष यदुवंश ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी एक प्रखर वक्ता, दूरदर्शी नेता और अच्छे कवि थे। उन्होंने भारत को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया। एसआईआर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बूथ पर त्रिदेव



को लेकर कार्य करना है, जिसमें बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी और बीएलए-2 को अपनी टोली के साथ नए वोट बनवाने का कार्य करना है। विशिष्ट अतिथि हरीश ठाकुर ने कहा कि अटल जी एक राजनेता, कवि और पत्रकार थे। उन्होंने राष्ट्र धर्म, पांचजन्य और वीर अर्जुन जैसी पत्रिकाओं का संपादन किया। एसआईआर पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर का एक तिहाई कार्य पूर्ण हो चुका है, अब आगे बूथ लिस्ट को चेक करना है। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि अटल जी ओजस्वी वक्ता थे, उनकी कविताओं में राष्ट्र भक्ति झलकती है।

महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि अटल जी का जन्मदिन सुशासन के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने 1992 में पदमभूषण, 1994 में सर्वश्रेष्ठ सांसद एवार्ड और 2015 में भारत रत्न प्राप्त किया। कार्यक्रम में एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी के के मिश्रा, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जयसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

## नववर्ष के जश्न को लेकर पुलिस प्रशासन की खास तैयारी, हुड़दंग करने वाले बाइकर्स पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नव वर्ष के आगमन को लेकर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नव वर्ष की रात शहर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमें पूरी तरह मुस्तैद रहेंगी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना को रोका जा सके।एसपी सिटी ने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में बैरियर लगाकर सघन चे. किंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए चेकिंग करने वाली सभी पुलिस टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ब्रीफ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुख्य रूप से ड्रिंकिंग एंड ड्राइविंग पर विशेष नजर रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।एसपी सिटी कुमार



रणविजय सिंह ने कहा कि नव वर्ष के जश्न के दौरान हुड़दंग करने वाले बाइकर्स पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। यदि कोई भी व्यक्ति बाइक से खतरनाक तरीके से स्टंट या हुड़दंग करता पाया गया, तो उसकी बाइक तत्काल सीज की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।एसपी सिटी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे नव वर्ष का जश्न हर्षोल्लास के साथ मनाएं, लेकिन ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे दूसरों को परेशानी हो। अनुशासन और शांति बनाए रखते हुए सुरक्षित माहौल में नए साल का स्वागत करें।

# लोकबंधु राजनरायन की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय में लोकबंधु राजनरायन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर समाजवादी आंदोलन में उनके योगदान पर चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा कि राजनरायन जहाँ अन्याय होता देखते थे विरोध में खड़े हो जाते थे।डाकटर राम मनोहर लोहिया के नेतृत्व में समाजवादी आंदोलन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और आजादी के आंदोलन में भी सक्रिय भागीदारी की।इस अवसर पर सभी को उनके विचारों से प्रेरित होकर कार्य करने के लिये कहा।इस अवसर पर मो शमशाद, अकरम अंसारी,लईक अहमद, मुशरफ खाँ,मुहम्मद आलम, नाजिर अंसारी,शुबहान अंसारी,राशिद भाई,




मसरूर हसन,कमरूजमा सैफी, दाउद अंसारी,मो.अजीम,अहमद मुरादाबादी, नोमान पाशा,नसीम पाशा, फहीम मंसूरी वसीम अकरम हाजी शाहिद गामा सलमान अंसारी फरमान अर्श अंसारी , राशिद अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।अध्यक्षता इकघ्बाल हुसैन अंसारी (महानगर अध्यक्ष), संचालन महानगर महा सचिव गजेंद्र सिंह यादव ने किया।

# बुद्धि विहार इलाके में कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत, साथी हुआ गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मझोला क्षेत्र के बुद्धिविहार स्थित एलआईसी कार्यालय के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने सामने से स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी चला रहे ललित चंद्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि स्कूटी पर पीछे बैठे उनके साथी को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद कार सवार लोग वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ललित चंद्रा स्कूटी से अपने साथी के साथ कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार ने अचानक संतुलन खो दिया और स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ललित चंद्रा



सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटों के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं पीछे बैठे युवक को गंभीर अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना मझोला पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया।

पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने घटनास्थल पर छोड़ी गई कार को कब्जे में ले लिया है और फरार कार सवारों की तलाश शुरू कर दी है।

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### प्रो रेसलिंग लीग 2026 के लिए नीलामी शनिवार को

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा स्वीकृत भारत की प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित पेशेवर कुश्ती लीग, प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्लूएल), अपने बहुप्रतीक्षित पांचवें सीजन की औपचारिक शुरुआत करने जा रही है। लीग ने आधिकारिक खिलाड़ी नीलामी की तारीख 3 जनवरी 2026 (शनिवार) घोषित कर दी है। नीलामी से पहले, लीग ने उन छह फ्रेंचाइजी के नामों का भी खुलासा किया है जो पीडब्लूएल 2026 में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह छह वर्षों के अंतराल के बाद लीग की वापसी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। आगामी सीजन फाइव में प्रतिस्पर्धा करने वाली छह फ्रेंचाइजी हैं। हरियाणा थंडर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई डांगल्स, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी, दिल्ली डांगल वॉरियर्स और यूपी डॉमिनेटर्स।

### तीन शतकों के साथ बड़ौदा ने बनाया 417/4 का स्कोर

**राजकोट, वार्ता।** अमित हरिराम पासी (127), नित्य पंड्या (122) और कप्तान क्रुणाल पंड्या (नाबाद109) की शतकीय पारियों के दम पर बड़ौदा ने बुधवार को विजय हजारे ट्राफी एलीट ग्रुप बी मुक.ाबले में हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट पर 417 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। यहां हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बड़ौदा के लिए नित्य पांड्या और अमित हरिराम पासी की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 230 रन जोड़े। 30वें ओवर में ए वरुण ने अमित को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। अमित ने 93 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 127 रनों की पारी खेली।

# कार्लसन ने 9वां टाइटल जीता

**मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड बनाया, भारतीय ग्रैंडमास्टर एरिगैसी को कांस्य पदक मिला**



**दोहा, वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने यहां वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने शानदार कैंपेन का अंत किया, जबकि वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड नौवां वर्ल्ड ब्लिट्ज टाइटल जीता।

22 साल के एरिगैसी को सेमीफाइनल में युवा उज्बेक ग्रैंडमास्टर नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से 2-5-0-5 से भारी हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। इस हार के बावजूद, यह मेडल भारतीय खिलाड़ी के लिए एक बड़ी कामयाबी थी, जिन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में रैपिड चैंपियनशिप में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता था, और विश्वनाथन आनंद के बाद ओपन कैटेगरी में वर्ल्ड ब्लिट्ज मेडल जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। भारतीय खिलाड़ी ने लीग स्टेज में शानदार 15 पॉइंट्स के साथ टॉप किया था, जिसमें उन्होंने अपने आखिरी छह गेम में से चार जीते और दो ड्रॉ किए, और अकेले लीडर बने। लेकिन, वह सेमीफाइनल में शुरुआती मौकों को भुना नहीं पाए, और सफेद मोहरों से दबाव बनाने के बावजूद पहला गेम हार गए। अब्दुसत्तोरोव ने फिर एक लंबे एंडगेम मुकाबले के बाद दूसरा गेम जीतकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, और फिर जल्दी से ड्रॉ करके फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टाइटल मुक.ाबले में, मैग्नस कार्लसन ने एक बार फिर इस फॉर्मेट में अपनी बादशाहत दिखाई, अब्दुसत्तोरोव को 2-5-1-5 से हराकर दो दिन पहले हासिल किए गए रैपिड गोल्ड मेडल में नौवां वर्ल्ड ब्लिट्ज क्राउन जोड़ा।

# गिल, राहुल व जडेजा विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे

**● इन खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धता के बारे में अपने राज्य संघों को सूचित कर दिया है**




**नई दिल्ली, वार्ता।** नए साल में विजय हजारे ट्रॉफी में और भी स्टार पावर आने वाली है। इंटरनेशनल खिलाड़ी शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और केएल राहुल घरेलू 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए अपनी-अपनी राज्य टीमों में शामिल होंगे, जबकि राष्ट्रीय टीम अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज की तैयारी कर रही होगी। क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि इन खिलाड़ियों ने अपने अनिवार्य घरेलू प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए वीएचटी के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में अपने राज्य संघों को सूचित कर दिया है। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल से उम्मीद है कि वह पंजाब के लिए 3 और 6 जनवरी के मैच खेलेंगे, जो उन दिनों जयपुर में सिक्किम और गोवा से भिड़ेंगे। पंजाब, जो ग्रुप सी में पावरहाउस मुंबई के साथ है, तीन मैचों में दो जीत के साथ चौथे स्थान पर है।

उन्हें जल्द ही भारतीय टीम में शामिल होने के लिए राज्य टीम छोड़नी होगी, जिसके 7-8 जनवरी को बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी) के लिए इकट्ठा होने की उम्मीद है। पता चला है कि जडेजा ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को बताया है कि वह 6 और 8 जनवरी को सर्विसेज और गुजरात के खिलाफ मैच खेलेंगे। सौराष्ट्र टीम फिलहाल कर्नाटक के अलूर में अपने लीग मैच खेल रही है। उन्होंने तीन मैचों में एक जीत हासिल की है और आठ टीमों के ग्रुप में छठे स्थान पर हैं, जिसमें ऋषभ पंत की दिल्ली टीम भी शामिल है। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन तुरंत यह पुष्टि नहीं कर सका कि राहुल कौन से मैच खेलेंगे, लेकिन सूत्रों से पता चला है कि उनके 3 और 6 जनवरी को अहमदाबाद में त्रिपुरा और राजस्थान के खिलाफ मैच खेलने की संभावना है। कर्नाटक ग्रुप ए में तीन मैचों में 100 प्रतिशत जीत के रिकॉर्ड के साथ दूसरे स्थान पर है। इस बीच, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने कन्फर्म किया है कि यशस्वी जायसवाल जयपुर पहुंच गए हैं और उम्मीद है कि वह बुधवार (31 दिसम्बर) को गोवा के खिलाफ मुंबई का मैच खेलेंगे। जायसवाल कुछ समय के लिए बीमार थे और उन्हें पहले तीन मैच छोड़ने पड़े थे, और यह लेफ्ट-हैंडेड ओपनर गोवा के खिलाफ मैच में खेल सकते हैं। मुंबई ग्रुप सी में तीन जीत के साथ टॉप पर है। रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली और पंत तक, जयादातर इंटरनेशनल खिलाड़ी, जसप्रीत बुमराह को छोड़कर - विजय हजारे ट्रॉफी (वीएचटी) में अपनी घरेलू जम्मिदारियों को पूरा करने के लिए आए हैं, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हिस्सा लेना जरूरी कर दिया है। बुमराह एक खास मामला हैं क्योंकि बीसीसीआई देश के मुख्य गेंदबाज पर ज्यादा वर्कलोड डालने से बच रहा है।

# गौस ने वाईपर्स को ILT टी-20 फाइनल में पहुंचाया

**● एंड्रीज गौस ने 58 गेंदों में 120 रनो की नाबाद पारी खेली, गौस ने नौ छक्के और सात चौके लगाए**

**अबू धाबी, वार्ता।** एंड्रीज गौस की 58 गेंदों में 120 रन की नाबाद पारी ने डेजर्ट वाइपर्स को आईएल टी20 फाइनल में पहुंचा दिया, क्योंकि उन्होंने मंगलवार को अबू धाबी में पहले क्वालीफायर में एमआई अमीरात को 45 रनों से हरा दिया।

गौस, जिन्होंने नौ छक्के और सात चौके लगाए, ने फखर जमान के साथ पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 157 रनों की साझेदारी की, जिससे वाइपर्स ने 233/1 का बड़ा स्कोर बनाया। एमआई अमीरात, टॉम बैंटन (27 गेंदों में 63 रन) की अच्छी शुरुआत और आखिर में रोमारियो शेफर्ड की तेज पारी के बावजूद, 7 विकेट पर 188 रन ही बना पाई, जिससे वाइपर्स ने एक शानदार जीत हासिल करके लगातार दूसरी बार आईएल टी20 फाइनल में जगह बनाई। फजलहक फारूकी के खिलाफ सतर्क शुरुआत के बाद, गौस और फखर जल्दी ही जम गए, आसानी से स्ट्राइक रोटेट करते रहे और वाइपर्स को बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया तो उन्होंने अपने शॉट्स खेलने शुरू कर दिए।

पांचवें ओवर में शेफर्ड को 20 रन पड़े, जिसमें गौस ने दो छक्के और एक चौका लगाया। वाइपर्स ने पावरप्ले में 47 रन बनाए और बीच के ओवरों में बाउंड्री लगने लगीं, क्योंकि दोनों बल्लेबाजों ने ओवरपिच या छोटी गेंदों पर प्रहार किया, जिससे वाइपर्स का शतक 11 ओवर के अंदर पूरा हो गया और साझेदारी आईएल टी20 इतिहास में सबसे बड़ी ओपनिग साझेदारी बन गई। यह साझेदारी आखिरकार तब टूटी जब फखर 69 रन बनाकर एएम गजनफर का शिकार हुए, जिससे 16वें ओवर में गेंदबाजों को कुछ राहत मिली। लेकिन तब तक, गौस ने पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया था। उन्होंने साफ-सुथरे सीधे हिटिग और दमदार पुल शॉट्स के मिश्रण से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। उनका शतक सिर्फ 58 गेंदों में आया, जिससे वह लीग के नॉकआउट चरणों में शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अमीरात के गेंदबाजों को डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने में मुश्किल हुई, उन्होंने लगातार फुल टॉस गेंदें फेंकी जो स्टैंड्स या गैप्स में चली गईं। 19वें ओवर में 22 रन बने, जब गौस ने शेफर्ड की गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर वाइपर्स को 200 रन के पार पहुंचाया। सैम करन ने यह सुनिश्चित किया कि मोमेंटम और भी बढ़े, क्योंकि उन्हें सेट होने में कोई समय नहीं लगा, उन्होंने सिर्फ 12 गेंदों में 38 रन बनाए। इसमें आखिरी ओवर में जहूर खान की गेंदों पर दो छक्के और दो चौके शामिल थे, क्योंकि आखिरी दो ओवरों में 44 रन बने, जिसमें गौस-करन की जोड़ी ने सिर्फ 25 गेंदों में 76 रन बनाए।

एमआई अमीरात ने इरादे के साथ पीछा करना शुरू किया, मुहम्मद वसीम ने पहली गेंद से ही तेजी से रन बनाए और बार-बार लेग-साइड की बाउंड्री पार की। आंद्रे फ्लेचर उस गति से तालमेल बिठाने में संघर्ष करते दिखे और जल्दी आउट हो गए, लेकिन बैंटन ने एक तूफानी जवाबी हमले से पीछा जारी रखा। क्लीन पुल शॉट्स को निडर लॉफ्टेड स्ट्रोक्स के साथ मिलाकर, बैंटन ने 21 गें.दों में अर्द्धशतक बनाया, और वसीम के साथ एक तेज साझेदारी की जिसने कुछ समय के लिए विश्वास जगाया। आधे मैच तक,एमआई अमीरात 104/1 पर ट्रैक पर लग रही थी, लेकिन हर शांत ओवर के साथ आस्किग रेट बढ़ता गया।

# दीप्ति शर्मा टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी

**● दीप्ति ने श्रीलंका में नीलाक्षिका सिल्वा को आउट कर मेगन शट के 151 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा**



**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में महिला और पुरुष वर्ग दोनों में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गई है। दीप्ति ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पांचवें अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में नीलाक्षिका सिल्वा को आउट कर मेगन शट के 151 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। उन्होंने 2016 में पर्दापण के बाद से 133 मैचों में अपना 152वां टी-20 विकेट लेकर यह मुकाम हासिल किया।

इसी के साथ दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया की तेज गें.दबाज मेगन शट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस सूची में पाकिस्तान की निदा डार 144 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। रवांडा की हेनरीट इशिम्वे 117 मैचों में 144 विकेट के साथ चौथे तथा इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 101 मैचों 142 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर है। इस उपलब्धि के साथ ही दीप्ति शर्मा महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने के झूलन गोस्वामी के रिकॉर्ड के करीब पहुंच रही हैं। दीप्ति के पास (टेस्ट में 20, एकदिवसीय में 162 और टी-20 में 152 विकेट) सहित कुल 334 विकेट हैं, जबकि गोस्वामी ने (टेस्ट में 44, एकदिवसीय में 255, टी-20 में 56 विकेट) कुल 355 विकेट के साथ सबसे आगे हैं। इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट 335 विकेट के साथ दीप्ति से ठीक आगे हैं।

# आईसीसी ने ईडन गार्डन्स पिच को 'संतोषजनक' बताया

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स पिच को संतोषजनक रेटिंग दी है। इस मैदान पर 14 नवम्बर से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट खेला गया था, और मैच तीन दिनों के अंदर खत्म हो गया, जिसमें भारत को मेहमान टीम से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, सतह की कोई निदा नहीं हुई। यह बिल्कुल वैसी ही पिच थी जिसकी हम तलाश कर रहे थे। यह बिल्कुल वैसी ही पिच है और मुझे लगता है कि क्यूरेटर बहुत, बहुत मददगार थे। और हम बिल्कुल यही चाहते थे। और हमें बिल्कुल यही मिला। जब आप अच्छा नहीं खेलते हैं, तो ऐसा ही होता है कि भारत के कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम के 30 रनों से हारने के बाद कहा था, जब वे 124 रनों का पीछा करने में नाकाम रहे। हालांकि, बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने गुवाहाटी पहुंचने पर गंभीर की बात का खंडन किया। जो दूसरे टेस्ट का स्थान था, उन्होंने कहा कि कोई भी कोलकाता जैसी पिच नहीं चाहता था। पिच ने पहले दिन से ही तेज टर्न दिया, और दक्षिण अफ्रीका के ऑफ-स्पिनर साइमन हार्मर को मैच में 51 रन देकर आठ विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हालांकि, भारतीय स्पिनर वैसा प्रभाव नहीं डाल पाए, जिससे शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। सौरव गांगुली ने ऐसी सतह चुनने के लिए भारतीय टीम मैनेजमेंट की आलोचना की। पूर्व भारतीय कप्तान को लगा कि टीम में इतनी प्रतिभा है कि वह अत्यधिक सहायता वाली पिचों के बजाय खेल के लिए अच्छी पिचों पर सफल हो सकती है। उन्होंने कहा कि अच्छी विकेटों पर खेलें। मुझे उम्मीद है कि गौतम गंभीर सुन रहे होंगे। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। लेकिन उन्हें अच्छी विकेटों पर खेलना चाहिए। क्योंकि उनके पास (जसप्रीत) बुमराह, (मोहम्मद) सिराज, (मोहम्मद) शमी, कुलद.ीप (यादव) और (रवींद्र) जडेजा हैं। गुवाहाटी में दूसरा और आखिरी टेस्ट काफी बेहतर पिच पर खेला गया, और मैच पूरे पांच दिन चला।

### वर्षों तक कोमा में रहने के बाद पूर्व क्रिकेटर अक्षु फर्नांडो का निधन

**कोलंबो, वार्ता।** दुर्घटना के बाद कई वर्षों तक कोमा में रहने के बाद मंगलवार को श्रीलंका के पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर अक्षु फर्नांडो का निधन हो गया। समुद्री तट पर अभ्यास के बाद फर्नांडो 28 दिसम्बर 2018 को दक्षिणी कोलंबो के माउंड लाविनिया में रेलवे ट्रैक को पार करते समय एक ट्रेन की चपेट आकर गंभीर रूप से घायल होने के बाद वह अधिकांश समय लाइफ सपोर्ट पर ही रहे। 27 वर्षीय दाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज फर्नांडो जब ट्रेन से दुर्घटनाग्रस्त हुए थे उस समय उनके करियर ने अपनी उड़ान ही भरी थी। दुर्घटना से कुछ सप्ताह पहले ही उन्होंने रगामा क्रिकेट क्लब के लिए प्रथम श्रेणी में अपना पहला शतक बनाया था। उस समय वह अपनी ऑफ स्पिन पर भी काम कर रहे थे। सीनियर लेवल पर उन्होंने सात बार 50 से अधिक

# काम्या साउथ पोल तक स्कीइंग करने वाली सबसे कर उम्र की भारतीय बनीं

**काम्या ने 89 डिग्री दक्षिण से शुरू करके साउथ पोल तक लगभग 115 किमी. का सफर तय किया**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय नौसेना के एक अधिकारी की 18 साल की बेटी काम्या कार्तिकेयन ने साउथ पोल तक स्कीइंग करके इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बन गई हैं। काम्या ने 89 डिग्री दक्षिण से शुरू करके, अपने पूरे एक्सपेडिशन का सामान ले जा रही स्लेज को खींचते हुए, स्कीइंग करते हुए ज्योग्राफिक साउथ पोल तक पैदल लगभग 115 किमी का सफर तय किया।

उन्होंने 27 दिसम्बर को यह मुश्किल अभियान पूरा किया। इस शानदार उपलब्धि को हासिल करने के लिए उन्होंने अंटार्कटिका की मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया, जिसमें तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तक गिरना और तेज तूफानी हवाएं शामिल थीं। उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए भारतीय नौसेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय नौसेना काम्या कार्तिकेयन, जो एक नौसेना अधिकारी की 18 वर्षीय बेटी और नेवी चिल्ड्रन्स स्कूल की पूर्व छात्रा हैं, को बधाई देती है, जिन्होंने साउथ पोल तक स्कीइंग करके सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनकर एक बार फिर इतिहास रचा है।

नौसेना ने आगे कहा कि काम्या माइनस 30 डिग्री सेल्सियस के कठोर मौसम और तूफानी हवाओं का सामना करते हुए, अपने पूरे एक्सपेडिशन के सामान से भरी स्लेज को खींचते हुए, लगभग 60 नॉटिकल मील (लगभग 115 किमी) पैदल चलकर 27 दिसम्बर को साउथ पोल पर पहुंचीं। बारहवीं कक्षा की छात्रा काम्या, प्रतिष्ठित एक्सप्लोरर्स ग्रैंड स्लैम को पूरा करने का प्रयास कर रही हैं, जिसमें सभी सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ना और नॉर्थ और साउथ पोल दोनों जगह स्कीइंग करना शामिल है। इससे पहले, उन्होंने सेवन समिट्स चैलेंज पूरा किया था और नेपाल की तरफ से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनीं।

उनकी पर्वतारोहण उपलब्धियों में माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), माउंट एल्ब्रस (यूरोप), माउंट कोसियसको (ऑस्ट्रेलिया), माउंट एकॉनकागुआ (दक्षिण अमेरिका), माउंट डेनाली (उत्तरी अमेरिका), माउंट एवरेस्ट (एशिया), और माउंट विसन (अंटार्कटिका) पर चढ़ाई शामिल है। काम्या 24 दिसम्बर को अपने पिता, भारतीय नौसेना के कमांडर एस कार्तिकेयन के साथ माउंट विसन की चोटी पर पहुंचीं, ताकि साउथ पोल स्की अभियान शुरू करने से पहले सेवन समिट्स चैलेंज पूरा कर सकें। उनकी असाधारण यात्रा की सराहना करते हुए भारतीय नौसेना ने कहा कि उनकी उपलब्धि निश्चित रूप से उनकी पीढ़ी के कई लोगों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्हें नॉर्थ पोल तक स्कीइंग के अंतिम पड़ाव को लेकर 'स्वच्छ हवा और साफ आसमान' की शुभकामनाएं।

# क्रिकइंफो टीम ऑफ द ईयर में बावुमा, स्टार्क, कोहली व रॉड्रिग्स

**● 2025 की पुरुष टीम में ट्रैविस हेड, केएल राहुल, बावुमा (कप्तान) शुभमन गिल, रूट, एलेक्स केरी(विकेटकीपर), जडेजा, मार्को यानसन, मिचेल स्टार्क, साइमन हार्मर और मोहम्मद सिराज शामिल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्या किसी फॉर्मेट में महज चार मैच खेलकर भी साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह बनाई जा सकती है? अगर उन्हीं चार मैचों में आपने अपने देश को उसका पहला विश्व खिताब दिलाया हो। साथ ही अगर उसी दौरान एक ऐतिहासिक और लगभग अभूतपूर्व क्लीन स्वीप भी हुआ हो। और यह सब आपकी कप्तानी में, आपके निर्णायक योगदान के साथ हुआ हो। तो फिर इस पर क्यों ही सवाल उठे। टेम्बा बावुमा साउथ अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी खिताब जीतने के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो की 2025 की टेस्ट टीम ऑफ द ईयर की कप्तानी करेंगे। वहीं उनकी महिला समकक्ष लॉरा वुलफॉर्ट महिला वनडे टीम की कप्तान चुनी गई हैं। इस टीम में भारत की विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ी भी शामिल हैं।

2025 की पुरुष टेस्ट टीम: ट्रैविस हेड, केएल राहुल, टेम्बा बावुमा(कप्तान), शुभमन गिल, जो रूट, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, मार्को यानसन, मिचेल स्टार्क, साइमन हार्मर, मोहम्मद सिराज, बावुमा के चार मैचों में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और कोलकाता में भारत के खिलाफ खेला गया टेस्ट शामिल था। दोनों मैचों की दूसरी पारी के उनके अर्द्धशतक अहम थे। इन मौकों पर दबाव के बीच आए उनके रन टीम के लिए निर्णायक साबित हुए। बावुमा की तरह साइमन हार्मर ने भी साल में सिर्फ चार टेस्ट खेले, लेकिन 30 विकेट लेकर उनमें से तीन मैचों में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की जीत की पटकथा लिखी। मार्को यानसन का असर गुवाहाटी में भारत के खलिाफ सीरीज जिताने वाले टेस्ट में साफ दिखा, जहां उन्होंने 93 रन बनाए और 48 रन देकर छह विकेट लिए। इसी प्रदर्शन के दम पर उन्हें सीम गेंदबाज ऑलराउंडर की जगह मिली। इस तरह टीम में दक्षिण अफ्रीका के तीन खिलाड़ी शामिल हैं, लेकिन कुल नतीजों के बावजूद सबसे जडादा प्रतिनिधित्व भारत का है। शुभमन गिल 2025 में टेस्ट क्रिकेट के सबसे जडादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे, जबकि केएल राहुल और रवींद्र जडेजा भी आंकड़ों की सूची में ऊपर रहे। मोहम्मद सिराज की रफ्तार और निरंतर प्रभाव ने उन्हें विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों में से एक स्थान दिलाया। सिराज के साथ गें.दबाजी आक्रमण की अगुवाई उस इकलौते खिलाड़ी ने की, जिसने 2025 में उनसे जडादा विकेट लिए। मिचेल स्टार्क हमारे स्टाफ के बीच एकमात्र सर्वसम्मत चयन रहे। वह साल में 50 से जडादा टेस्ट विकेट लेने वाले एकमात्र गें.दबाज भी थे। ट्रैविस हेड और एलेक्स केरी एशेज में शानदार प्रदर्शन के बाद स्टार्क के साथ टीम में शामिल हुए। हेड को पारी की शुरुआत की जिम्मेदारी दी गई है। जो रूट बल्लेबाजी क्रम को पूरा करते हैं। यह हमारी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में उनकी लगातार पांचवीं मौजूदगी है।

2025 की महिला वनडे टीम: स्मृति मंधाना, लॉरा वुलफॉर्ट (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, मरिजान काप, एश्ले गार्डनर, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), नादीन डी क्लार्क, फातिमा सना, अलाना किंग, सोफी एक्लस्टन

इस कैलेंडर वर्ष का सबसे बड़ा आयोजन महिला वनडे विश्व कप रहा। हमारी चुनी गई इलेवन में शामिल सात खिलाड़ी फाइनल खेलने वाली भारत और दक्षिण अफ्रीका से हैं।

2025 में वनडे क्रिकेट में सबसे जडादा रन बनाने वाली दो बल्लेबाज स्मृति मंधाना और वुलफॉर्ट ओपनिग करेंगी। दोनों के नाम 1100 से जयादा रन रहे। 976 रन बनाने वाली प्रतीका रावल को जगह न मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। मंधाना के साथ बल्लेबाजी क्रम में विश्व कप विजेता टीम की जेमिमा रॉड्रिग्स और विकेटकीपिग की जम्मिदारी संभालने वाली ऋचा घोष शामिल हैं। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा भी इस टीम का हिस्सा हैं। वह विश्व कप की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं और साल की सबसे जडादा विकेट लेने वाली गेंदबाज भी थीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मरिजान काप और नादिन डी क्लर्क इस इलेवन में अन्य दो खिलाड़ी हैं। दोनों ने विश्व कप में भी और पूरे साल बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दिया।

एश्ले गार्डनर मिडिल ऑर्डर को मजबूती देती हैं। उन्होंने 2025 में दस पारियों में 530 रन बनाए। इनमें विश्व कप में लगाए गए दो शानदार शतक भी शामिल हैं। अलाना किग ग्प में शामिल दूसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। गार्डनर, किग और दीप्ति के साथ स्पिन आक्रमण की धार सोफी एक्लस्टन बढ़ाएंगी।

फातिमा सना इस दशक में हमारी किसी भी महिला टीम ऑफ द ईयर में जगह बनाने वाली पहली पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गई हैं।

2025 की पुरुष वनडे टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), मैथ्यू ब्रीट्जके, विराट कोहली, जो रूट, शाई होप (विकेटकीपर), ग्लेन फर्लिप्स, मिचेल सैंटनर, आदिल राशिद, जोफ्रा आर्चर, मैट हेनरी, जेडन सील्स

रोहित शर्मा और विराट को.हली हमारी 2025 की पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। रोहित को कप्तान चुना गया है।

# राशिद खान करेंगे टी-20 विश्वकप में अफगानिस्तान की कप्तानी



**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि राशिद खान आगामी टी-20 विश्व कप में 15 सदस्ईय राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करेंगे। चयनकर्ताओं ने कंधे की चोट से उबर चुके नवीन-उल-हक को राष्ट्रीय टीम में जगह दी है वहीं गुलबदीन नायब भी आगामी टी-20 विश्व कप के लिए टीम में लौट आए हैं। नवीन ने आखिरी टी-20 मैच दिसम्बर 2024 में खेला था। जिम्बाब्वे सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम का हिस्सा रहे शराफुद्दीन अशरफ, फरीद अहमद मलिक, बशीर अहमद और एजाज अहमद अहमदजई को टीम से बाहर कर दिया गया। विश्व कप के लिए अफगानिस्तान को ग्रुप डी में रखा गया है, जिसमें उनके अलावा न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएई और कनाडा भी हैं। उनका अभियान आठ फरवरी को चेन्नई में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होगा। विश्व कप से पहले यह 15 खिलाड़ियों की टीम 19 जनवरी से यूएई में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेगी। अफगानिस्तान टीम: राशिद खान (कप्तान), नूर अहमद, अब्दुल्ला अहमदजई, सेदिकुल्लाह अटल, फजलहक फारूकी, रहमानुल्लाह गुरबाज, नवीन उल हक, मोहम्मद इशाक,

# अब चीन का दावा

गत मई में भारत-पाक के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष के दावों में अब चीन का नाम भी जुड़ गया है। बीजिंग में आयोजित कार्यक्रम में चीन विदेश मंत्री वांग यी ने यह दावा करते हुए कहा कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है और उसी कोशिश के चलते ही उसने भारत-पाक के बीच तनाव के दौरान ही मध्यस्थता की थी। इससे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यह दावा करते रहे हैं कि उनकी टैरिफ की धमकी के चलते ही भारत-पाक युद्ध रोकने पर सहमत हुए थे। जहां तक बात भारत की है, अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह चीनी विदेश मंत्री के इस दावे को भी खारिज कर दिया है। भारत ने साफ कहा है कि संघर्ष को रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। भारत के मुताबिक भारी नुकसान होने के बाद पाक के सैन्य अधिकारी ने भारतीय सैन्य अधिकारी से संपर्क किया था। पाक के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिल्ट्री ऑपरेशन्स ने भारतीय डीजीएमओ से बात की और इसके बाद ही दोनों देशों में दस मई से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई। नवंबर में जारी अमे. रिकी रिपोर्ट में भी यह आरोप लगाया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने गलत जानकारी फैलाने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि सोशल मीडिया पर चीन ने फर्जी अकाउंट के जरिये एआई से बनाई झूठी तस्वीरें फैलाई, जिनका मकसद भारत द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों की छवि को नुकसान पहुंचाना और चीन के अपने जे 35 विमान को बढ़ावा देना था। समझना मुश्किल है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति हों या चीनी विदेश मंत्री इस तरह के दावे कर क्या साबित करना चाहते हैं। वह भी बार-बार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को तो ठीक से याद भी नहीं होगा कि वह कितनी बार अपने देश के बाहर भी जहां भी अवसर मिलता है वह यह दावा करने से भी नहीं चूकते। अब चीन भी शांति का दूत बनकर सामने आने का प्रयास कर रहा है। वैसे देखा जाए तो भारत के लिए भी यह भी एक बड़ा सबक है कि आखिर उसके साथ इस तरह की हरकतें क्यों की जा रही हैं। वह भी तब जब भारत स्पष्ट रूप से साफ कह चुका है कि किसी ने भी भारत-पाक के बीच संघर्ष रुकवाने में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि भारत को ऑपरेशन सिंदूर के चलते जबरदस्त सफलता मिली और उसने पाक के 11 एयरबेसों को नुकसान पहुंचाया, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि कहीं न कहीं राजनीतिक व कूटनीतिक स्तर पर हमसे चूक हुई है और हम अपनी बात को विश्व स्तर पर सही तरीके से नहीं रख पाए हैं, जिससे अमेरिका व चीन जैसे देशों को भारत के मामलों में बोलने का अवसर मिल गया है और वह बोल भी रहे हैं। अब यह कूटनीति की विफलता ही कहा जाएगा कि भारत पाक के बीच संघर्ष विराम की खबर सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के माध्यम से ही आई थी।


## मोदी की चुप्पी परेशान करने वाली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था, सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया ये दावे उसके विपरीत हैं और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए, ट्रम्प पहले ही बार- बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर कर भारत-पाक के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है, इस पर श्री मोदी की चुप्पी परेशान करने वाली है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# देश को कहां ले जाएंगे ये नफरती संस्कार



**निर्मल रानी**



उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में गत 9 दिसंबर को कुछ स्थानीय युवकों द्वारा अगरतला त्रिपुरा के निवासी 24 वर्षीय एंजेल चकमा नामक एक छात्र पर जानलेवा हमला किया गया। हमले के बाद 17 दिनों तक अस्पताल में इलाजरत रहने के बाद गत 26 दिसम्बर को आखिरकार उसकी मृत्यु हो गई। चकमा, देहरादून स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र थे। खबरों के अनुसार देहरादून में एंजेल चकमा की मौत एक कथित नस्लीय हमले के कारण हुई। बताया जाता है कि 9 दिसम्बर को जब एंजेल और उनके 21 वर्षीय छोटे भाई माइकल चकमा पास के सेलाकुई इलाके में किराने का सामान खरीदने गए थे उसी समय उनके चेहरों को देखकर हमलावरों ने उन्हें नस्ली गालियां दीं। बताया जाता है कि घटनास्थल पर करीब छह लोगों का एक समूह, जो पास में ही पहले से किसी के जन्मदिन का जश्न मना रहा था, ने उन्हें रोक लिया। हमलावरों ने उन पर नस्ली टिप्पणियां करते हुए उनपर चिंकी, चीनी और मोमो जैसी टिप्पणी की। जबकि एक आरोपी ने कहा कि ओए चीनी, क्या मांस खरीदने आए हो? माइकल ने इसका विरोध किया, तो एक आरोपी ने उन्हें ब्रेसलेट से सिर पर मारा। एंजेल ने अपने भाई की रक्षा करने की कोशिश की और शांतिपूर्वक कहा, हम चीनी नहीं हैं। हम भारतीय हैं। क्या प्रमाण-पत्र दिखाएं कि हम भारतीय हैं, लेकिन नफरती संस्कारों में डूबे गुंडों के इस समूह ने हिंसक रूप से उन पर हमला कर दिया। यज्ञ अवस्थी नामक मुख्य आरोपी ने एंजेल की गर्दन और पीठ पर तेज हथियार से वार किया, जिससे वे गिर पड़े। माइकल भी घायल हुए, लेकिन उन्होंने एंजेल को पास के अस्पताल पहुंचाया। एंजेल की हालत गंभीर थी। उनकी गर्दन और स्पाइन में गहरी चोटें थीं। आखिरकार वे कभी पूर्ण चेतना में वापस नहीं आए और नफरत के सौदागरों ने एक होनहार भारतीय छात्र की हत्या कर उसके परिवार को अंधकार में धकेल दिया। निश्चित रूप से इस घटना ने उत्तर-पूर्वी राज्यों के छात्रों के खिलाफ उपजी नस्लवाद की समस्या को फिर से उजागर कर दिया है। इस घटना को लेकर त्रिपुरा सहित देश के विभिन्न राज्यों व शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

हालांकि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के विकास को लेकर तरह तरह की बातें करते रहते हैं, परन्तु हकीकत यही है कि गत कुछ वर्षों में इसी देव भूमि में सत्ता संरक्षित धर्म जाति आधारित नफरती घटनाओं में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। उदाहरण के तौर पर अक्टूबर 2023 में उत्तराखंड के पुरोला कस्बे में एक 14 वर्षीय लड़की के अपहरण के बाद शलव जिहादश का आरोप लगाकर हिंदू-मुस्लिम दंगे भड़काए गए। मुस्लिम मकानों व दुकानों पर लक्षित हमले किए गए, कई परिवार शहर छोड़कर भागने को मजबूर हुए। इसी तरह हल्द्वानी में 2024 की बनभूलपुरा में अवैध मदरसे और मस्जिद के विध्वंस पर पथराव, आगजनी और पेट्रोल बम फेंके जाने की घटना सबसे प्रमुख रही, जहां 6 लोगों की मौतें हुईं। 2025 में भी कश्मीरपुर और हल्द्वानी में साम्प्रदायिक तनाव देखा गया। राज्य में दलितों के विरुद्ध भी अनेक घटनाएं होती रहती हैं। परन्तु समाज में धर्म जाति व क्षेत्र के नाम पर बढ़ती नफरतों के बीच इस राज्य को शदेव् भूमिश के रूप में भी प्रचारित किया जाता है।

सवाल यह है कि उत्तराखंड जैसे शांतिप्रिय राज्य सहित देश के अन्य विभिन्न राज्यों में इस तरह के नफरत व हिंसा पैदा करने वाले हालात क्या अचानक पैदा हुए हैं या सत्ता के संरक्षण में इन नफरती संस्कारों को पोषित किया जा रहा है? उत्तराखंड की घटना के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा दिए गए बयान से यह काफी कुछ स्पष्ट हो जाता है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि शपूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ ऐसी घटनाएं अलग-थलग नहीं हैं और समाज को भेदभाव रोकने के लिए एकजुट होना चाहिए। हम लोगों को इसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। हमें मिलकर भेदभाव को रोकना होगा। भारत के किसी भी हिस्से के लोगों को हर जगह सुरक्षित महसूस करना चाहिए। उनकी मृत्यु बेहद दुखद हैश। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि श्देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध हैश। उन्होंने आगे यह भी कहा कि ऐसी नफरत रातों रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, खासकर हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदाराना खबरों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी का भी मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। कोई भी घटना देश के लिए दुखद घटना होती है। अगर देश में ऐसी कोई भी घटना होती है तो पूरे समाज को मिलकर उसके खिलाफ लड़ना चाहिए। वहीं, राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी में कहा कि हम प्रेम और विविधता का देश हैं। हमें ऐसा समाज नहीं बनना चाहिए जो साथी भारतीयों को निशाना बनाए जाने पर अनदेखी करे। हमें यह सोचने और सामना करने की जरूरत है कि हम अपने देश को क्या बनने दे रहे हैं? अफसोस की बात तो यह कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा उत्तराखंड की घटना के बाद व्यक्त किए गए विचार उस समय सामने आए जब उनके अपने पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की नस्लवादी नफरती लोगों द्वारा हत्या कर दी गई? जबकि लगभग एक दशक से देश में जगह जगह अल्पसंख्यकों, दलितों व पिछड़े वर्ग के लोगों को निशाना बनाया जाता रहा है। लिंचिंग की घटनाएं घटित हो रही हैं। जगह जगह उन्मादी भीड़ पुलिस की शह पर वर्ग विशेष के लोगों को निशाना बनाती रही है। जगह-जगह उकसाऊ भाषण हो रहे हैं। कहीं हथियार बांटे जा रहे हैं। तो कहीं संवैधानिक पदों पर बैठे लोग स्वयं अपने जहरीले बोलों से समाज में हिंसा व नफरत बढ़ा रहे हैं। नि:संदेह गोदी मीडिया भी इस नफरती वातावरण को और भी जहरीला बना रहा है। ऐसे में रिजिजू की चिंताओं के अनुसार भारत के किसी भी हिस्से के लोगों का स्वयं को हर जगह सुरक्षित महसूस करना कहां संभव हो पा रहा है? इस समय देश के समक्ष सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि आखिर देश को कहां ले जाएंगे ये नफरती संस्कार?

> **भारत के किसी भी हिस्से के लोगों को हर जगह सुरक्षित महसूस करना चाहिए। उनकी मृत्यु बेहद दुखद हैश। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि श्देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध हैश। उन्होंने आगे यह भी कहा कि ऐसी नफरत रातों रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, खासकर हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर -जिम्मेदाराना खबरों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी का भी मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। कोई भी घटना देश के लिए दुखद घटना होती है। अगर देश में ऐसी कोई भी घटना होती है तो पूरे समाज को मिलकर उसके खिलाफ लड़ना चाहिए।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनुष्य की गतिविधियां जीवों पर संकट

> शार्क और रे की 24 से 31 प्रजातियों पर विलुप्ति का संकट मंडरा रहा है जबकि शार्क की तीन प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में आ गई है। शोधकर्ताओं ने चिंता जताई है कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 के बाद शॉर्क और रे की संख्या लगातार कम हो रही है। यहां तक कि अब तक इनकी आबादी में कुल 84.7 फीसदी तक की कमी आ चुकी है। सिमोन फ्रेजर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन से पता लगाया कि हिंद महा. सागर में वर्ष 1970 से अब तक मत्स्याखेट का दबाव 18 गुना बढ़ गया है जिसके कारण निश्चित ही समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है और कई जीव विलुप्त हो रहे हैं। अधिक मात्रा में मछली पकड़े जाने से न केवल शार्क बल्कि रे मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा बढ़ गया है।

मानवीय गतिविधियां समस्त जीव-जंतुओं के लिए संकट उत्पन्न कर रही हैं। समुद्री जीवों के शिकार व इंसानों द्वारा फैलाए गए प्रदूषण के कारण समुद्र के तापमानन में भी वृद्धि हुई है। नतीजतन समुद्री जीवों की कई प्रजातियां समाप्ति की ओर बढ़ रही हैं। वर्ष 2019 में नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार वैज्ञानिकों ने दो अलग-अलग वातावरण में शार्क की एक प्रजाति की वृद्धि और उनकी शारीरिक स्थिति की तुलना करके पाया था कि बड़े आकार की रीफ शार्क के शिशुओं का विकास कम हो रहा है। शार्क अपने वातावरण में हो रहे परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रही हैं। नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट में छपे एक शोध से पता चला है कि समुद्री तापमान में होने वाले परिवर्तन के कारण शार्क के बच्चे समय से पहले ही जन्म ले रहे हैं, साथ ही उनमें पोषण की कमी भी देखी गई है। इस कारण से उनका जिंदा रहना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है एवं वे दुबले-पतले बौने रह जाते हैं।

वर्ष 2013 में डलहौजी यूनिवर्सिटी द्वारा किए एक शोध के अनुसार हर साल करीब 10 करोड़ शार्क को मार दिया जाता है। अनुमान है कि यह दुनिया भर में शार्क का करीब 7.9 फीसदी है। वर्ष 2016 में भारत को सबसे अधिक शार्क का शिकार करने वाला देश घोषित किया गया था। शार्क और रे की 24 से 31 प्रजातियों पर विलुप्ति का संकट मंडरा रहा है जबकि शार्क की तीन प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में आ गई है। शोधकर्ताओं ने चिंता जताई है कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 के बाद शॉर्क और रे की संख्या लगातार कम हो रही है। यहां तक कि अब तक इनकी आबादी में कुल 84.7 फीसदी तक की कमी आ चुकी है। सिमोन फ्रेजर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन से पता लगाया कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 से अब तक मत्स्याखेट का दबाव 18 गुना बढ़ गया है जिसके कारण निश्चित ही समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है और कई जीव विलुप्त हो रहे हैं। अधिक मात्रा में मछली पकड़े जाने से न केवल शार्क बल्कि रे मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा बढ़ गया है। दरअसल शार्क शिशुओं को प्रजनन करने लायक होने में सालों लग जाते हैं। अपने जीवन काल में यह कुछ ही बच्चों को जन्म दे पाते हैं। ऐसे में अत्यधिक मात्रा में इन्हें पकड़े जाने से स्वाभाविक रूप से इनकी आबादी में गिरावट आ रही है। शार्क की विशेष पहचान उसके हमलवार स्वभाव के कारण है, जो समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यदि यह शिकारी न हों तो इनके बिना पूरा पारिस्थितिकी तंत्र ही ध्वस्त हो सकता है। बावजूद इसके हमारा ध्यान इनकी सुरक्षा और संरक्षण पर नहीं है। इनके संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर कदम उठाने की जरूरत है। इनके प्रबंधन के लिए आम लोगों को सहयोग करना होगा ताकि समुद्री प्रजातियों और उनके आवासों को लंबे समय तक संरक्षित किया जा सके।



**साभार**
**स्रोत फीचर्स**

# सफलता के लिए शिक्षा ही जरूरी



शिक्षा की जटिलता और शिक्षा के परिप्रेक्ष्य को सही ढंग से न समझ पाने की वजह से शिक्षा व्यवस्था बेहाल हो गई है। इसकी तस्वीर बदलने के दावे जिस तरह बढ़-चढ़ कर किए जाते रहे, वह शायद केवल विद्यालय में बच्चों के दाखिले, भवनों के रंग-रोगन, मध्यान्ह भोजन आदि तक सिमट कर रह गए हैं। एक ओर देश के स्कूल शिक्षकों की व्यापक कमी से जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर मौजूदा अध्यापकों की शिक्षण क्षमता भी सवालों के घेरे में है।

आजादी के 70 साल बीत जाने के बाद भी सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों का विस्तार तो लगातार होता रहा है, लेकिन शिक्षा के स्तर में अपेक्षित उपलब्धि को लेकर चिंता जाहिर की जाती रही है। दो वर्ष पूर्व सबके लिए शिक्षा विषय पर यूनेस्को ने 12वीं वैश्विक निगरानी रिपोर्ट जारी की गई थी, उसमें शिक्षा की जो तस्वीर उभरती है, वह बताती है कि देश में शिक्षा के प्रति सरकारों का रवैया कितना लाप. रवाही भरा है। इन सभी रिपोर्टों ने विद्यार्थियों के सीखने की गति को लेकर गहन चिंताजनक तथ्य दिए। वंचित तबकों के 90 फीसदी बच्चे अगर चार साल की स्कूली पढ़ाई-लिखाई पूरी करने के बावजूद लगभग निरक्षर हैं, तो हम किस आधार पर अपनी शिक्षा व्यवस्था को संतोषजनक कह सकते हैं और कैसे अपेक्षित उपलब्धि को पा सकते हैं? यह विचारणीय है। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई के माहौल से लेकर विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं न मिल पाना, शिक्षकों का अभाव तथा शिक्षक-शिक्षा संस्थाओं में अकादमिक संदर्भ व्यक्तियों का अभाव आदि अनेक वजहों से शैक्षिक गुणवत्ता के स्तर में गिरावट एक बड़ी समस्या बनती गई है। यह बेवजह नहीं है कि समृद्ध राज्यों में भी सामाजिक, आर्थिक रूप से विपन्न परिवारों के बच्चों और खासकर लड़कियों के बीच सीखने की क्षमता बेहद कमजोर बनी हुई है। दरअसल, नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून लागू होने के बाद से सरकारों का जोर स्कूलों में दाखिला बढ़ाने पर रहा है और देश के तमाम इलाकों में इसमें कामयाबी भी दर्ज हुई, लेकिन सिर्फ दाखिलों में इजाफा शैक्षिक तस्वीर में सुधार का मानक नहीं हो सकता है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में सीखने के स्तर को लेकर पिछले कुछ दशकों में जो अध्ययन हुए हैं, उन सबके निष्कर्ष यही बताते हैं कि सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था एक तरह से नाम की चल रही है, वहां गुणवत्ता के मानकों की शायद कोई जगह नहीं है। इस स्थिति के लिए कई बार बच्चों की पृष्ठभूमि और उनके परिवार की भूमिका को भी जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है, जबकि स्कूल में दाखिला लिए किसी भी बच्चे के शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के लगभग सभी पहलू आमतौर पर शिक्षक की क्षमता पर निर्भर होते हैं। कुछ समय पहले आरटीई फोरम नामक एक संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि स्कूलों में पेशेवर दक्षता वाले अध्यापकों की निहायत कमी है।

करीब डेढ़ साल पहले पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कराई गई राष्ट्रीय शिक्षक दक्षता जांच में भी यह चिंताजनक तथ्य सामने आया था कि उसमें शामिल हुए 93वें फीसद शिक्षक फेल हो गए। जाहिर है, एक ओर देश के स्कूल शिक्षकों की व्यापक कमी से जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर मौजूदा अध्यापकों की शिक्षण क्षमता भी सवालों के घेरे में है। आजादी के छह दशक से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद देश में शिक्षा के अधिकार को कानूनी दर्जा मिला। लेकिन इस पर ईमानदारी से अमल करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति किसी भी सरकार में नहीं दिखती।

> सरकारी स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई के माहौल से लेकर विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं न मिल पाना, शिक्षकों का अभाव तथा शिक्षक-शिक्षा संस्थाओं में अकादमिक संदर्भ व्यक्तियों का अभाव आदि अनेक वजहों से शैक्षिक गुणवत्ता के स्तर में गिरावट एक बड़ी समस्या बनती गई है। यह बेवजह नहीं है कि समृद्ध राज्यों में भी सामाजिक, आर्थिक रूप से विपन्न परिवारों के बच्चों और खासकर लड़कियों के बीच सीखने की क्षमता बेहद कमजोर बनी हुई है। दरअसल, नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून लागू होने के बाद से सरक. ारों का जोर स्कूलों में दाखिला बढ़ाने पर रहा है।

यूनेस्को द्वारा जारी इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पर्याप्त और प्रशिक्षित शिक्षकों के अभाव के चलते सीखने का यह संकट अगली कई पीढ़ियों को नुकसान पहुंचाता रहेगा और इसका सबसे ज्यादा प्रभाव वंचित तबकों के लोगों पर पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर उप-सहारा अफ्रीकी देशों की स्थिति को देखा जा सकता है, जहां गरीब घरों के पांच में से सिर्फ एक बच्चा प्राथमिक शिक्षा पूरी कर पाता है। युवा आबादी का एक चौथाई हिस्सा एक वाक्य भी ठीक से नहीं पढ़ पाता। तो क्या हमारे देश के नीति-नियंताओं को भविष्य के संकट का अंदाजा नहीं है? क्या केवल बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने या शिक्षा का अधिकार कानून बना देने या नई शिक्षा नीति को बनाए जाने की पैरवी करने से समानता आधारित शिक्षित समाज का सपना पूरा किया जा सकेगा? वहीं दूसरी ओर, परीक्षाओं को पुन: लागू किए जाने को लेकर राज्यों से आवाजें उठने लगी है। परीक्षाएं न होने से शिक्षा का स्तर गिर रहा है, जैसी बातें शिक्षक बिरादरी से लेकर प्रशासनिक हलकों में उठ रही है।

नतीजन तैयार की जा रही नई शिक्षा नीति में इस प्रावधान को शामिल किया गया है। अब पांचवीं कक्षा तक परीक्षाएं नहीं ली जाएंगी, छठवीं से लेकर पूर्ववत परीक्षाएं होंगी जिससे स्कूलों में परीक्षाएं शुरू करने से शिक्षा का स्तर बेहतर होगा, लेकिन प्रश्न यह है कि देश में पिछले साठ वर्षों से परीक्षा प्रणाली की प्रक्रिया संचालित होती रही है, तब क्या शिक्षा का स्तर बेहतर माना जाता था? शिक्षा के स्तर का परीक्षाओं से क्या लेना देना? जबसे भारत भर में परीक्षा प्रणाली लागू हुई है, हर साल अधिक. ांश परीक्षार्थी असफल ही होते चले आ रहे हैं। जब भी इस शोचनीय तथ्य का जिक्र होता है तब कतिपय घिसे-पिटे मुद्दों को दोहरा दिया जाता है, जैसे बच्चे पढ़ते नहीं है, शिक्षक अपने दायित्व को प्रामाणिकतापूर्वक निभाते नहीं है, शालाओं में समुचित व्यवस्थाएं नहीं हैं आदि। ऐसा नहीं है कि ये मुद्दे गलत है। पर वे आंशिक सत्य ही है।


प्रयागराज। कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने के बीच प्लेटफॉर्म पर इंतजार करते यात्री।

# जयशंकर ने पाक स्पीकर से मिलाया हाथ

## खालिदा जिया ने फ्यूनरल में पहुंचे थे, ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्रिकेटर्स ने हाथ नहीं मिलाया था

**ढाका।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ढाका में पाकिस्तानी संसद के स्पीकर अयाज सादिक से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने हाथ भी मिलाया। दोनों बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया के फ्यूनरल में पहुंचे थे।

भारत पाकिस्तान के बीच मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहली बार है जब दोनों देशों के किसी बड़े नेताओं ने आमने-सामने मुलाकात की और हाथ मिलाया। इसी वजह से यह मुलाकात कूटनीतिक तौर पर अहम मानी जा रही है। इससे पहले एशिया कप क्रिकेट मैच के दौरान टीम इंडिया ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया था। जिस पर खूब विवाद हुआ था। इतना ही नहीं सीरीज जीतने के बाद भी टीम इंडिया ने एसीसी चीफ मोहसिन नकवी से ट्राफी लेने से इन्कार कर दिया था। मो. हसिन नकवी पीसीबी के चीफ और पाकिस्तान सरकार में मंत्री हैं। दोनों नेताओं की हाथ मिलाते हुई तस्वीर बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। इससे पहले खालिदा जिया आज शाम 5 बजे सुपुर्द-ए-खाक किया गया।


■ इससे पहले एशिया कप क्रिकेट मैच के दौरान टीम इंडिया ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया था

## दुनिया में हुआ नए साल 2026 का आगाज

**नई दिल्ली।** दुनिया में नए साल की एंट्री हो गई है। धरती के सबसे पूर्वी छोर पर बसे द्वीप देश किरिबाती, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में रात के 12 बजते ही साल 2026 के आगाज का जश्न मनाया गया। किरिबाती में भारत से 8:30 घंटे पहले, न्यूजीलैंड में 7:30 घंटे और आस्ट्रेलिया में 5:30 घंटे नए साल ने दस्तक दी। अमेरिका में भारत से 9:30 घंटे बाद नया साल आता है। दुनियाभर में अलग-अलग टाइम जोन के कारण 29 देश ऐसे हैं जो भारत से पहले नए साल का स्वागत करते हैं। इनमें किरिबाती, समोआ, टोंगा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, जापान, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नेपाल शामिल हैं। आस्ट्रेलिया के सिडनी में हार्बर ब्रिज पर आतिशबाजी के साथ नए साल का जश्न मनाया गया। न्यूजीलैंड में नए साल ने दस्तक दे दी है। यहां आकलैंड में आतिशबाजी के साथ न्यू ईयर का जश्न मनाया गया। आस्ट्रेलिया में न्यू ईयर के स्वागत के लिए आतिशबाजी शुरू हो गई है। टाइम जोन धरती को समय के हिसाब से बांटने का एक तरीका है। धरती हर 24 घंटे में 360 डिग्री घूमती है। यानी हर घंटे में 15 डिग्री, जिसे एक टाइम जोन की दूरी माना गया। इससे पूरी दुनिया में 24 समान दूरी वाले टाइम बने। हर टाइम जोन 15 डिग्री देशांतर का होता है और एक-दूसरे से करीब एक घंटे का फर्क रखता है। इसी वजह से कहीं सुबह होती है तो कहीं रात, और कहीं नया साल पहले आता है तो कहीं बाद में। टाइम जोन ही तय करते हैं कि किस देश में तारीख कब बदलेगी। घड़ी का आविष्कार 16वीं सदी में हुआ, लेकिन 18वीं सदी तक नया साल सूरज की पोजिशन के मुताबिक सेट किया जाता था।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com













